सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83536 |
| निफ्टी | 25476 |
| सोना 96,085 | चांदी 1,07,280 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




लॉर्ड्स में गिल तोड़ सकते हैं 5 ऐतिहासिक रिकॉर्ड

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 10 जुलाई 2025 | 26 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 192, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे



**एजेंसी, विंडहोक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नामीबिया ने भी सर्वोच्च सम्मान से नवाज दिया है। पीएम मोदी को बुधवार को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने कहा कि नामीबिया के संविधान की ओर से मुझे दी गई शक्ति के तहत मुझे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है, जिन्होंने नामीबिया और विश्व स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास और शांति एवं न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। (अनंत ज्ञान)

### नौसेना को मिला स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत 'निस्तार' बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्री में गोताखोरी और बचाव अभियान चला सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, यह पोत गहरे पानी में बचाव कार्य करने वाली पनडुब्बी (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा, ताकि पनडुब्बी में किसी आपातकाल की स्थिति में कर्मियों को बचाने और निकालने में मदद मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली से केरल तक दिखा 'भारत बंद' का असर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बुधवार को देशभर में ट्रेड यूनियनों का 'भारत बंद' का असर देखने को मिला। दिल्ली-एनसीआर में कई ट्रेड यूनियनों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया है तो वहीं केरल और तमिलनाडु में भी ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ता सड़कों पर हैं। यूनियनों का कहना है कि सरकार की नीतियां कंपनियों को फायदा पहुंचा रही हैं और मजदूरों के खिलाफ हैं। भारत बंद में कुल 25 करोड़ कर्मचारियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सिर्फ 164 सिक्योरिटी गार्ड्स के हवाले टांडा मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा पेज 3
- सांसद कंगना रनौत पर बात करना समय बर्बाद करना: नेगी -पेज 6
- गावर कंपनी पर एफआईआर दर्ज न होने के विरोध में बोला हल्ला -पेज 9
- स्वास्थ्य सेवाओं में जिला ऊना प्रदेशभर में अव्वल -पेज 10
- जेबीटी के 19 पदों के लिए काउंसिलिंग 21 से 23 तक -पेज 12

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने बगस्याड़ और अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से किया वादा

# घर बनाने के लिए 7 लाख देगी सरकार

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावितों को घर बनाने के लिए सात लाख रुपए देने का वादा किया है। बुधवार को सीएम सुक्खू मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा से सबसे अधिक प्रभावित लोगों से मिले और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बगस्याड़, थुनाग, थुनाडी, लांबाथाच, जरोल, पांडवशिला, कुथाह और जंजैहली क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

सीएम ने बगस्याड़ में आपदा पीड़ितों के लिए बनाए गए राहत शिविरों का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे हैं और रात को उनके बीच ही रुकेंगे। जान की क्षति की भरपाई किसी मुआवजे से नहीं हो सकती, लेकिन प्रभावितों के घरों, दुकानों, गोशालाओं और मवेशियों को पहुंचे नुकसान के एवज में सरकार हर संभव राहत प्रदान करेगी।

उन्होंने कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं भी हेलिकॉप्टर के माध्यम से रैन गलू तक राहत सामग्री और राशन पहुंचाया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी हाल ही में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया है। प्रदेश सरकार सराज क्षेत्र में अवरुद्ध सड़कों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर बहाल कर रही है।



मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावितों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### यह समय राजनीति चमकाने का नहीं

**सीएम** सुक्खू ने तंज कसते कहा कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि सराज में सरकार कुछ नहीं कर रही, लेकिन सड़कें युद्ध स्तर पर खोली जा रही हैं। इसके बाद ही आगे कार्य होगा। यह समय राजनीति चमकाने का नहीं है। इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर से उनकी लगातार बात हो रही है। जयराम ठाकुर ने हवाई सर्वेक्षण के लिए हेलिकाप्टर मांगा, तो उन्हें सेना का हेलिकॉप्टर उपलब्ध करवाया है। आपदा के कारण मंडी में 15 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 27 लोग लापता हैं।

### प्रभावितों को भूमि उपलब्ध करवाएगी सरकार

**सीएम** ने कहा कि जिन लोगों की संपत्तियां आपदा में नष्ट हो गई हैं, उन्हें राज्य सरकार द्वारा जहां भी संभव हो सकेगा, भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। हालांकि वन भूमि के आवंटन के लिए केंद्र सरकार की अनुमति आवश्यक है और इस संबंध में राज्य सरकार केंद्र को प्रस्ताव भेजेगी। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से वन भूमि पर आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार से अनुमति दिलवाने में सहयोग करने की अपील की है। भाजपा सांसदों को इस विषय में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# केंद्र सरकार हमेशा हिमाचल के साथ खड़ी : जेपी नड्डा



मंडी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य।

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को मंडी जिले के उन क्षेत्रों का दौरा किया, जहां भारी बारिश के कारण बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। नड्डा उन कैंपों में भी गए, जहां पर प्रभावित लोग रह रहे हैं। नड्डा ने कहा कि सबसे पहले अगर किसी राजनीतिक दल ने जनता को राहत पहुंचाने का काम किया, तो वह भाजपा है। जनता के सहयोग से विभिन्न सेवा केंद्र चल रहे हैं और भाजपा ने अग्रिम भूमिका में रहते हुए अन्न, ठहराव, रोजमर्रा की वस्तुओं का तीव्र गति से एकत्रीकरण कर प्रभावितों को पहुंचाने का कार्य किया। नड्डा ने कहा कि आर्थिक मदद की दृष्टि से

### कहा, 2023 की त्रासदी में मैं तीन बार हिमाचल आया था 3146 करोड़ की मदद लाया था

केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ हमेशा खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। वर्ष 2023 की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि उस समय मंडी एवं कुल्लू में त्रासदी आई थी तो मैं तीन बार हिमाचल आया था। उस समय 3146 करोड़ की सहायता केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को दिलाई थी। अभी भी पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2006 करोड़ रुपए एनडीआरएफ के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए जारी किए हैं।

## पांच जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की कई जिला अदालतों में बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब उन्हें एक गुमनाम ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। प्रदेश के शिमला, कुल्लू, धर्मशाला, चंबा और सिरमौर के नाहन कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। तीसा कोर्ट को भी ऐसी धमकी मिली है। इससे कुछ देर के लिए कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। शिमला के चक्कर स्थित डिस्ट्रिक कोर्ट को करीब 11.30 बजे कोर्ट की ई-मेल आईडी पर धमकी मिलने के बाद खाली कराया गया। यहां कई कर्मचारियों को भागते हुए देखा गया। वहीं, धर्मशाला कोर्ट को भी ऐसा ही ई-मेल प्राप्त हुआ। इसके बाद आनन-फानन में कोर्ट परिसर को खाली कराया गया। इसके बाद पुलिस ने पूरे कोर्ट परिसर की तलाश की। पुलिस को जांच में कुछ संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि किसी प्रकार की चिंता का विषय नहीं है। ये ई-मेल कथित तौर पर अन्ना विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों से जुड़े होने का दावा करने वाले एक समूह द्वारा भेजे गए हैं। हालांकि, पुलिस ने इसे एक अफवाह बताया है। फिर भी ई-मेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश जारी है। गौरतलब है कि प्रदेश उच्च न्यायालय को भी पहले बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जो बाद में निराधार पाई गई थी। ऐसी घटनाओं की बढ़ती संख्या सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता और गुमनाम डिजिटल खतरों पर नजर रखने की चुनौती पर चिंता पैदा करती है।

# घाटे में चल रहे एचपीटीडीसी के 14 होटल अब निजी हाथों में

## इन होटलों का ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस निगम के पास नहीं

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने अपनी वित्तीय स्थिति को पटरी पर लाने और पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने निगम के 14 घाटे में चल रहे होटलों को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस आधार पर निजी हाथों में सौंपने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक और उसके बाद निगम के निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यटन विकास निगम की बिगड़ती वित्तीय स्थिति को सुधारना और हिमाचल को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में और मजबूत करना है। एचपीटीडीसी के प्रधान सचिव ने प्रबंध निदेशक को इस संबंध में तत्काल निर्देश जारी किए हैं।



### निर्णय लागू करने को दिया तीन माह का वक्त

**सरकार** ने पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक को इस महत्वपूर्ण निर्णय को तीन महीने के भीतर लागू करने का सख्त निर्देश दिया है। सरकार का मानना है कि इससे पर्यटकों का अनुभव बेहतर होगा और राज्य के पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

### ये होटल होंगे प्राइवेट

**जिन** होटलों को ओएंडएम आधार पर दिया जाएगा, उनमें होटल हिल टॉप स्वारघाट, होटल लेकव्यू बिलासपुर, होटल भागल दाड़लाघाट, वे साइड एमेनिटी भराड़ीघाट, होटल ममलेश्वर चिंडी, होटल एप्पल ब्लॉसम फागू, होटल शिवालिक परवाणू, होटल गिरिगंगा खड़ापत्थर, होटल चांशल रोहड़ू, टूरिस्ट इन राजगढ़, होटल सरवरी कुल्लू, होटल ओल्ड रॉसकॉमन कसौली, कश्मीर हाउस धर्मशाला और होटल ऊहल जोगिंद्रनगर शामिल हैं। इस फैसले को हिमाचल के पर्यटन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय से घाटे में चल रही एचपीटीडीसी की इकाइयों को निजी हाथों में सौंपने से दक्षता में वृद्धि और राजस्व में सुधार की उम्मीद है।

# आपदा से प्रदेश में 1200 से अधिक घर क्षतिग्रस्त, 52 लोग अभी भी लापता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में हो रही मूसलाधार बारिश और प्राकृतिक आपदाओं ने भारी तबाही मचाई है। राज्य में अब तक 1200 से अधिक घर आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि 52 लोग अभी भी लापता हैं। प्रदेश में अब तक 1000 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। बुधवार शाम तक 174 सड़कें, 162 बिजली ट्रांसफार्मर और 155 जल आपूर्ति योजनाएं अभी भी बाधित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जहां 466 घर, 457 पशुशालाएं और 92 दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके अलावा, जिले में 466 मवेशियों की मौत हो गई है और 291 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। सेना के जवानों ने अब तक 222 लोगों को सुरक्षित निकाला है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें लापता लोगों की तलाश में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

### अब तक 1000 करोड़ से अधिक का नुकसान




## राजस्थान में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश

एजेंसी, जयपुर

राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट बुधवार को क्रैश हो गया है। हादसे में विमान के पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है। यह हादसा बुधवार को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी गठित की है। चूरू के एसपी जय यादव ने बताया-राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। बताया जा रहा है कि हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए। पिछले 5 महीनों में देशभर में तीन जगुआर क्रैश हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### हादसे में पायलट व को-पायलट की मौत

## गुजरात में पुल टूटा; पांच गाड़ियां नदी में गिरीं, 10 लोगों की मौत

एजेंसी, वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया। हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा सहित कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू के लिए भेजी गईं। 45 साल पुराना यह ब्रिज मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

### हादसे में आठ लोग घायल

**धर्म-कर्म**

## 18570 फुट पर बसे श्रीखंड महादेव पांच कैलाशों में से एक

# भोले के जयकारों से आज शुरू होगी श्रीखंड यात्रा

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** उत्तर भारत की सबसे कठिन और रोमांचकारी धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव यात्रा आज यानी 10 जुलाई से शुरू होने जा रही है। श्रीखंड को भगवान शिव और उनकी पत्नी माता पार्वती का निवास माना जाता है। श्रीखंड महादेव की यात्रा अमरनाथ और मणिमहेश यात्रा से भी कठिन मानी जाती है। 18570 फुट की ऊंचाई पर बसे श्रीखंड महादेव को पांच कैलाशों में से एक माना जाता है, जिनके दर्शनों के लिए दशकों से श्रद्धालु आते हैं। यात्रा को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



### हर पड़ाव पर पुख्ता इंतजाम

**यात्रियों** की सुरक्षा के मद्देनजर इस यात्रा में पांच कैंप यानी पड़ाव बनाए गए हैं। सिंहगाड़ में बेस कैंप बनाया गया है। जहां हर यात्रा का मेडिकल चेकअप करने के बाद ही पंजीकरण किया जाएगा। थाचड़ू, कुंशा, भीमडवारी व पार्वतीबाग में कैंप स्थापित किए गए हैं, जिनमें रेस्क्यू टीम, मेडिकल टीम, पुलिस और होमगार्ड की टीम आदि तैनात की गई हैं। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोही संस्थान मनाली, जलशक्ति, वन एवं स्वास्थ्य विभाग आदि के प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इन पड़ावों में विशेष रूप से मेडिकल स्टाफ, रेवेन्यू और रेस्क्यू टीम तैनात है।

> **प्रशासन** ने श्रीखंड यात्रा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह यात्रा काफी कठिन होती है, इसलिए यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।
>
> **-मनमोहन सिंह, एसडीएम, निरमंड**

### जरूरी दिशा-निर्देश

- पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही यात्रा करें।
- चिकित्सा प्रमाण पत्र साथ लाएं और सिंहगाड़ बेस कैंप में स्वास्थ्य जांच कराएं।
- यात्री 250 पंजीकरण शुल्क देकर ऑनलाइन या बेसकैंप सिंहगाड़ में ऑफलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।
- सुबह 6 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद बेस कैंप सिंहगाड़ से यात्रा न करें।
- अकेले न जाएं, केवल समूह में ही यात्रा करें।
- छाता, बरसाती, गर्म कपड़े, गर्म जूते, टॉर्च और डंडा अवश्य साथ रखें।
- प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग का ही प्रयोग करें।
- स्वास्थ्य संबंधी कोई भी समस्या होने पर शिविर में संपर्क करें।
- दुर्लभ जड़ी-बूटियों और पौधों का संरक्षण करें।
- श्रीखंड महादेव की पवित्र चट्टानों पर त्रिशूल आदि न लगाएं, कोई चढ़ावा न चढ़ाएं।
- खाली रैपर, बोतलें आदि खुले में न फेंके।



## न्यूज ब्रीफ

### 'परख' राष्ट्रीय सर्वेक्षण में हमीरपुर जिला प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के जिलावार नतीजे जारी किए, जिसमें जिला हमीरपुर पूरे प्रदेश में ग्रेड 3 और ग्रेड 9 में प्रथम स्थान पर तथा ग्रेड 6 में दूसरे स्थान पर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 4 दिसंबर 2024 को प्रदेशभर के ग्रेड 3 के 392, ग्रेड 6 के 376 और ग्रेड 9 के 434 स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस सर्वेक्षण को सफल बनाने में 3800 फील्ड इंवेस्टिगेटर ने सेवाएं दीं।

### आईटीआई लंबलू में 14 को लगेगा अप्रेंटिसशिप मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लंबलू में 14 जुलाई को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस दौरान विभिन्न औद्योगिक इकाइयां और सरकारी एवं गैर सरकारी विभाग अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों का चयन करेंगे। यह मेला अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए देशभर में हर महीने के दूसरे सोमवार को मनाया जाता है। इस मेले में 10वीं, 12वीं और आईटीआई डिप्लोमा धारक उम्मीदवार हिस्सा ले सकते हैं। सभी उम्मीदवारों को अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा, जिसके लिए वे अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर कार्ड और सभी सर्टिफिकेट लेकर आएं। सभी उम्मीदवारों की अपनी ईमेल आईडी और आधार नंबर से लिंक्ड मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में समर कैंप आयोजित



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, स्वास्थ्य और आत्म-अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल सुरजीत ठाकुर जी से प्रारंभ हुई। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर समर कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों ने अध्यापकों के साथ योगाभ्यास किया। समर कैंप का एक और प्रमुख आकर्षण रहा संगीत एवं नृत्य गतिविधियां। संगीत शिक्षकों अमित कपूर एवं अमित ठाकुर ने बच्चों को गीत गाए और बच्चों में संगीत और नृत्य के प्रति उत्साह व रुचि उत्पन्न की।

### बराड़ा से अवाहदेवी तक आज बंद रहेगी बिजली

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी के अंतर्गत नेशनल हाईवे के किनारे लाइनों को बदलने के कार्य के चलते 10 जुलाई को बराड़ा, पंजोत, टिक्करी, धरयाड़ा, घराण, बगवाड़ा, मतलाणा, अवाहदेवी और अन्य गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चौहान ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बड़ा से मंडी जिले को भेजी राहत सामग्री



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा से आज राहत सामग्री लेकर जिला मंडी के थुनाग के लिए गाड़ी भेजी गई। इस दौरान प्रसिद्ध समाजसेवी सुदर्शन जरियाल के अतिरिक्त कुलदीप पटियाल, राजेश कुमार, निखिल पटियाल, जीत सिंह. चौधरी, बंटू पटियाल आदि भी विशेष रूप से रवाना हुए।

### पुलिस का 'वॉर अगेंस्ट ड्रग्स' कार्यक्रम आज



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसपी भगत सिंह ठाकुर के विशेष प्रयासों से जिला हमीरपुर में आरंभ किए गए 'वॉर अगेंस्ट ड्रग्स' यानि 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत वीरवार को यहां टाउन हॉल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एसपी भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह करीब 10:30 बजे आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा कई विशेषज्ञ नशे की समस्या, इसके दुष्प्रभावों और इस समस्या के निवारण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करेंगे। नशे के विरुद्ध जागरूकता पर आधारित वीडियो भी प्रसारित किए जाएंगे। एसपी भगत सिंह ठाकुर जिला हमीरपुर में चलाए जा रहे 'वॉर अगेंस्ट ड्रग्स' यानि 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने सभी जिला वासियों से इस अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

### हैप्स में लगा स्कॉलास्टिक इंडिया बुक फेयर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में स्कॉलास्टिक इंडिया की तरफ से 9 से 11 जुलाई तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्राचार्य शशि बाला ने किया। विद्यालय प्राचार्य ने अध्यापकों व छात्रों के साथ पुस्तक मेले का दौरा किया। स्कॉलास्टिक इंडिया की तरफ से आए प्रतिनिधि अमित कुमार ने बताया कि इस मेले में 1000 किस्म की अलग-अलग किताबें एक्टिविटी, एजुकेशन, स्टोरी बुक, नॉन फिक्शन, बायोग्राफी, करियर ओरिएंटेड, जनरल नॉलेज, पिक्चर बुक आदि हैं।

### संक्रमित जानवरों से होने वाली बीमारियों से करें बचाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में जूनोसिस दिवस जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री के निर्देशानुसार मनाया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने बताया कि संक्रमित पशुओं या जानवरों से हमें बीमारियां होने की संभावना रहती है। जब शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने बताया कि इसके लिए हमें संक्रमित जानवरों से दूर रहना चाहिए, पशुओं को छूने के बाद हाथ साबुन पानी से धोएं, अधपके मांस, अंडे, दूध व दूषित उत्पादों का प्रयोग न करें, पशुओं का टीकाकरण करवाएं व बीमारियों के दौरान उपचार करवाएं। इस मौके पर बीसीसी समन्वयक सुलोचना ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर 70 के लगभग प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### बाल भवन में श्री शिव महापुराण की कथा संपन्न



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा बाल भवन वार्ड नंबर 5 में नवनिर्मित बहुआयामी सभागार में आयोजित की जा रही श्री शिव महापुराण कथा बुधवार को संपन्न हो गई। बुधवार को सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने भगवान शिव के साथ सभी देवी देवताओं की पूजा की तथा हवन यज्ञ कर पूर्णाहुति डाली। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज भगवान शिव से जुड़ी सभी कथाओं का सुंदर वर्णन किया। इसी के साथ उन्होंने सनातन धर्म को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सीनियर सिटीजन काउंसिल मरीजों की सेवा कर रही है, वह निरंतर इसी तरह से मरीजों की सेवा करती रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी और धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान के महासचिव भगवान दास शास्त्री ने कथा के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि वीरवार को बाल भवन में भंडारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका सभी भक्त प्रसाद ग्रहण करें।

# गांधी चौक पर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

## मोदी सरकार की नीतियों पर जताया रोष, बोले-रोजगार के नाम पर की जा रही अंशकालीन भर्तियां

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** सीटू के बैनर तले केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की अखिल भारतीय हड़ताल के आह्वान पर हमीरपुर जिले के मजदूरों ने केंद्र सरकार की मजदूर विरोध नीतियों को लेकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। सुबह ही मजदूर तहसील परिसर के पास जमा हुए और फिर मुख्य बाजार से रैली निकालते होते हुए गांधी चौक पर पहुंच वहां पर सभा आयोजित की गई।



केंद्र सरकार की मजदूर विरोध नीतियों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए मजदूर।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए मजदूरों द्वारा लंबे संघर्ष और कुर्बानियों के बाद हासिल किए श्रम कानूनों को खत्म करके नए चार श्रम संहिताओं को लागू करने जा रही है। इन संहिताओं में देश के मजदूरों को गुलाम बनाने के प्रावधान किए गए हैं। दिन में काम करने की समय सीमा आठ घंटे से बढ़ाकर बारह घंटे करने का प्रावधान है। श्रम संहिताओं से देश के सत्तर प्रतिशत मजदूर इन कानूनी सुरक्षा से बाहर हो जाएंगे। मजदूरों के यूनियन बनाने अपनी आवाज को उठाने के अधिकार को समाप्त किया जा रहा है और दंडात्मक किया जा रहा है। मजदूरों को हड़ताल करने पर पाबंदी के साथ-साथ सजाओं और जेल में बंद करने का प्रावधान किया गया है।

मोदी सरकार ये सब इसलिए भी कर रही है ताकि देश के प्राकृतिक संसाधनों और बाकी सभी संसाधनों को इन कॉर्पोरेट घरानों को लूटने दिया जाए और कोई इस लूट के खिलाफ आवाज न उठा सके। मोदी सरकार ने जनता के पैसे और खून पसीने की कमाई से अर्जित संपत्तियों को भी इन कॉर्पोरेट के हवाले करने का रोडमैप बना दिया है और इस लिए बंदरगाहों, राष्ट्रीय मार्गों, बैंक, बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य,परिवहन, शिक्षा, बिजली, पानी हर चीज को नीलाम किया जा रहा है।

रोजगार के नाम पर अंशकालिक भर्तियां की जा रही हैं यहां तक कि सुरक्षा बलों में भी ऐसा ही किया जा रहा है, जिसमें रोजगार और अन्य सुरक्षा न के बराबर है और न ही न्यूनतम वेतन है। सामाजिक सुरक्षा को भी समाप्त किया जा रहा है। देश के जवानों को भविष्य में रोजगार का स्वरूप बदलकर इसी तरह का रोजगार मिलेगा। इसके विरोध में बुधवार को विरोध-प्रदर्शन किया गया।

**इन्होंने भी रखी मांगें :** इस सभा को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर, जिला अध्यक्ष प्रताप राणा, जिला सचिव जोगिंदर कुमार, रंजन शर्मा, संतोष कुमार, राज कुमारी, मीरा खान, ब्रह्मा दास, हरनाम सिंह वर्मा सुषमा आदि ने संबंधित किया और मांग की कि नए लेबर कोड को समाप्त किया जाए। देश के संसाधनों को बेचना बंद किया जाए व सभी मजदूरों को 26 हजार न्यूनतम वेतन और 60 साल की आयु के पश्चात 10 हजार रुपए पेंशन दी जाए।

**प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित :** आज के प्रदर्शन में हिमाचल भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन, आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन, मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन, धौलासिद्ध प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन, रेहड़ी वर्कर्स यूनियन, स्वास्थ्य विभाग वर्कर्स यूनियन, बागवानी विश्व विद्यालय के वर्कर्स यूनियन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन और बीमा क्षेत्र की अनेक यूनियनों के सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया ।

# निजी गाड़ी में सवारी ढोने वाले चालक का 10 हजार रुपए का कटा चालान

**एके शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र में आजकल निजी गाड़ियों में सवारियां ढोने का क्रम लगातार बढ़ रहा है और उसकी बजह से टैक्सी चालक जो सरकार को टैक्स अदा करते हैं, उनकी रोजी-रोटी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं और सरकार को भी राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। गलोड़ की जय गुगा टैक्सी यूनियन कई दिनों से इस मामले को परिवहन विभाग के ध्यान में ला रही थी, मगर इस बारे कोई भी यूनियन की इस जायज मांग पर कारवाई नहीं कर रहा था। गत दिवस इस मामले को जय गुगा टैक्सी यूनियन सरेडी सिद्ध के कुछ पदाधिकारी गलोड़ पुलिस चौकी में प्रभारी विनय अत्री से मिले और उन्होंने अपना दर्द सुनाया। पुलिस ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस मामले पर कार्रवाई होगी।

बुधवार को जय गुगा टैक्सी यूनियन के चालकों ने कश्मीर से एक गाड़ी जो सवारियां भर के गलोड़ की तरफ आ रहा थी, उसे अमरोह चौक पर रोक लिया और गलोड़ पुलिस को इसकी सूचना दे दी। चौकी प्रभारी विनय कुमार अपने दलबल सहित मौके पर पहुंचे और पूरी जानकारी जुटाई और तुरंत इस निजी गाड़ी एचपी 55ए 5302 का 10 हजार रुपए का चालान कर दिया। विनय कुमार ने निजी गाड़ी के मालिक को समझाया कि दोबारा वह इस गलती को न करे।

चौकी प्रभारी ने टैक्सी यूनियन के चालकों को भी कहा कि यदि कोई भी निजी गाड़ी सवारियां ढोती हुई पकड़ते हैं तो तुरंत इस की सूचना उन्हें दें। नियम तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा। इस मामले पर जय गुगा टैक्सी यूनियन के प्रधान यशपाल शर्मा और सचिव नरेश कुमार के बताया कि यूनियन अब ऐसे लोगों की पहचान कर रही है और उनकी सूचना पुलिस को दी जा रही है।



निजी गाड़ी जो सवारियां ढो रही थी, का पुलिस ने 10 हजार रुपए का चालान कर कार्रवाई की।

## पांच वर्ष में ही फुटपाथ लगा जगह जगह से धंसने, चलना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



जगह-जगह फुटपाथ बैठ जाने के कारण इकट्ठा हुआ गंदा पानी।

राहगीरों के साथ-साथ सुबह-शाम शहर सैर करने वालों की सुविधा को लेकर ऐतिहासिक चौगान के साथ-साथ सड़क किनारे स्थापित किया फुटपाथ जगह-जगह से बैठ गया है, जिस कारण फुटपाथ में बारिश के इकट्ठा पानी से चलना मुश्किल है। फुटपाथ की बदतर हालत को लेकरनिर्माण कार्य पर सवाल खड़ा हो रहा है। करीब पांच वर्ष पूर्व ही इसका निर्माण हुआ था, जिस पर लाखों रुपए की धनराशि खर्च की गई थी। ऐतिहासिक चौगान की रेलिंग के साथ किनारे में काफी वर्ष पहले सड़क का निर्माण किया गया है। सड़क में दिनभर वाहनों की भारी भीड़ के चलते आवाजाही रहती है।

सड़क के साथ ही दुकानें, पटवार घर, विभिन्न बैंकों की शाखाएं, तहसील कल्याण विभाग तथा अस्पताल आदि सरकारी गैर सरकारी संस्थान हैं, जिसमें पैदल चलने वाले वाहनों की भीड़ से बचने को लेकर के इसी फुटपाथ से आगमन करते हैं। इस फुटपाथ का निर्माण चौगान के पूरे एक भाग के किनारे किया गया है, जिसका जनता लाभ उठा रही है, लेकिन हैरत है कि बनाया गया फुटपाथ धीरे-धीरे हर दूरी पर जमीन में धंसता जा रहा है।

इस कारण फुटपाथके बैठने के कारण जगह-जगह पानी इकट्ठा हो रहा है, जिससे लोगों को चलने में दक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों ने समस्या के समाधान की मांग की है।

## अपने-अपने गुरुओं का आज करें वंदन : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा है कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिसे वेदव्यास जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जिलाभर के सभी कार्यकर्ता व नेता अपने-अपने गुरुओं का वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। राकेश ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा हमारे समाज की सबसे मजबूत नींव है। इसी परंपरा के तहत भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के संत महात्माओं, मंदिरों, गुरुद्वारों, मठों व आश्रमों में जाकर गुरुओं का सम्मान करेंगे, उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा भजन-कीर्तन का आयोजन भी करेंगे। मोदी के प्रगतिशील नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 11 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। देश के हर क्षेत्र में हो रही तरक्की के पीछे हमारे गुरुओं के संस्कार और मार्गदर्शन का बड़ा योगदान है।



# मकानों का बरसाती पानी सीवरेज में घुस रहा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय पर सीवरेज की हालत उल्टा-पुल्टा हो गई है। जिस बड़े स्तर पर सीवरेज के ढक्कन बारिश में अचानक खुल रहे हैं, उससे व्यवस्था की पोल और ज्यादा खुल रही है। कारण यह है कि लोगों ने मकान की छतों के बरसाती पानी को सीवरेज में तब्दील कर दिया है, जिस वजह से ज्यादातर इलाकों में सीवरेज अब सड़कों पर है। जोर की बारिश हुई नहीं, सीवरेज कई घंटे तक सड़क पर बिखरी पड़ी रहती है।

ऐसा नहीं है कि यह स्थिति पहली मर्तबा तैयार हुई है। पिछले काफी समय से शहर के कई मकान मालिक इस काम को अंजाम दे चुके हैं। उन्होंने अंडरग्राउंड व्यवस्था ही ऐसी कर रखी है कि बरसात का पानी सीधा सीवरेज में जाएगा, लेकिन विडंबना यह है कि दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी तो होगी कैसे। इस पर ना तो जलशक्ति विभाग का ध्यान है और न ही किसी और एजेंसी का।



**सीवरेज के चेंबर ओवरफ्लो कौन करेगा कार्रवाई?**

**खुले पड़े हैं सीवरेज के ढक्कन**

मुख्य बस स्टैंड से होकर जाने वाली सीवरेज की मुख्य लाइन बस स्टैंड के पास इस व्यवस्था की पोल साफ तौर पर खोल रही है। बारिश में सीवरेज के ढक्कन अचानक खुल जाते हैं और पानी सड़क पर बहता है। गौड़ा क्षेत्र में भी कम से कम तीन जगह ऐसे चैंबर इस बरसाती पानी की पोल खोलते हैं।

पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में भी सड़क पर बिखरी सीवरेज अपनी दास्तान खुद बयां कर रही है, लेकिन इस व्यवस्था को दुरुस्त करने वाले ठेकेदार भी परेशान हैं क्योंकि इन दिनों हर क्षेत्र से इसकी शिकायतें आ रही हैं। सबसे बड़ी दिक्कत या है कि जब यह बरसाती पानी सीवरेज के भीतर तेज गति से दौड़ता है तो फिर चैंबर टूट जाते हैं, जिस कारण वे लीक हो रहे हैं। अब जल ाक्ति विभाग के लिए आर्थिक रूप से यह सारी स्थिति नुकसानदेह साबित हो रही है। पैदल चलने वाले भी गंदगी से दिक्कत में हैं। तेज रफ्तार गाड़ियां जब निकलती हैं, तो उसके छींटे भी लोगों पर इस सीवरेज के पड़ते हैं।

**दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

एसडीओ राकेश कुमार का कहना है कि ऐसी शिकायत है, लेकिन इस बाबत अभियान चलाने की जरूरत है और जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जिन लोगों ने बरसाती पानी को सीवरेज लाइन के साथ जोड़ दिया है, के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसका पता किया जा रहा है। कुछ के कनेक्शन भी काटे गए हैं, लेकिन इस काम को अब बड़े स्तर पर किया जाएगा।

# प्रेस क्लब हमीरपुर आपदा प्रभावितों के लिए भेजेगा राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन पूरी तरह चरमरा गया है। बाजार तबाह हो चुके हैं, कई लोग बेघर हो गए हैं और दूर-दराज के गांवों में अब भी राहत नहीं पहुंच पाई है। ऐसी स्थिति में प्रेस क्लब हमीरपुर भी आपदा पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया है।

इस बारे में प्रेस क्लब हमीरपुर की बैठक अध्यक्ष दिनेश कंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। दिनेश कंवर ने बताया कि ऐसे संकट की घड़ी में जहां प्रशासन राहत कार्यों में जुटा है, वहीं समाज के संवेदनशील लोग और संगठन भी आगे आकर पीड़ितों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब हमीरपुर दो दिन में राहत सामग्री जुटाकर थुनाग क्षेत्र के लिए एसडीएम गोहर को सौंपेगा।



सराज त्रासदी में आपदा पीड़ितों को राहत सामग्री देकर प्रेस क्लब हमीरपुर मदद करेगा।

प्रेस क्लब हमीरपुर के महासचिव सुरेंद्र कटोच ने बताया कि सराज क्षेत्र में कपड़ों, दवाइयों, अंडरगार्मेंट्स, बूट चप्पल, टूथ ब्रश, साबुन इत्यादि दैनिक उपयोग की वस्तुओं की सख्त जरूरत है।

बैठक में सभी सदस्यों ने इस संवेदनशील मुद्दे पर सहयोग की सहमति दी। इस मौके पर प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य विक्रम ढटवालिया, कपिल बस्सी, रणबीर सिंह ठाकुर, रजनीश शर्मा, राजकुमार सूद, अजय चैहान, रविंद्र कुमार, विजय कुमार, कमल कृष्ण, मीनाक्षी, पवन धीमान इत्यादि मौजूद रहे।

## रणजीत ने स्कूल के कमरों का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



बुधवार को सुजानपुर विधायक रणजीत सिंह ने सरकारी विद्यालय जंदड़ू में 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास किया। विधायक के विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य, स्टाफ, स्थानीय लोगों और बच्चों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा। यहां पर विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में विकास करवाया जा रहा है। शिक्षा का स्तर ऊंचा हुआ है। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्रिंसिपल संजय गुप्ता ने उनका स्वागत किया।

# छात्रों ने हिंदी ओलंपियाड में लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने हिंदी ओलंपियाड 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रार्थना सभा में अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा तथा समन्वयक कंचन लखनपाल ने विजेता विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन एवं गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किए।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के छात्र हासिल किए मेडलों के साथ।

विद्यालय के 17 छात्रों को गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन तथा 26 को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ। माही हीर, सारस भारद्वाज, वेदार्थ डबरा, नमन मल्कानिया, अव्यान शर्मा, आद्रिका, रिहाना ठाकुर, श्रीमपुरी, आहाना ठाकुर, अर्षित मेहरा, आद्रिक शर्मा, श्रीया शर्मा, अथर्व चौहान, आरव शर्मा, तितिक्षा पटियाल, सभ्य महाजन, अनिकेत कौंडल आदि छात्रों ने डिस्टिंक्शन मेडल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

वहीं, आरयाना, आरव भारद्वाज, निवृत्ति, नव्या शर्मा, आरध्या ठाकुर, अथर्व ठाकुर, अवनि शर्मा, नमन जैन, आर्यांश चंदेल, अर्णव जस्वाल, आयुष्मान सिंह बनयाल, भार्गवी वशिष्ठ, विवान कुमार शर्मा, अवनी शर्मा, करुल, जिनल ठाकुर, सना सिंह ठाकुर, अद्वैत राणा, आरुषि, सहर शर्मा, कीर्ति शर्मा, अर्णव शर्मा, दिव्यांशी अटवाल, यजत नैयर, सृजन पंडित और श्रेया शर्मा ने गोल्ड मैडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉ. हिमांशु शर्मा ने इस सफलता को छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का फल बताया।

## विधायक सुरेश कुमार ने वादा पूरा कर जनता के विश्वास को दी मजबूती : संदीप

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल की पंचायत कंज्यान के प्रधान संदीप चौहान ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने अपने वचन को निभाते हुए बमसन ब्लॉक की 17 पंचायतों को भोरंज विकास खंड में शामिल कराने का ऐतिहासिक कार्य संपन्न किया।



उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल वर्षों पुरानी मांग को पूरा करता है, बल्कि क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक और विकासात्मक लाभ भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विधायक ने जो वादा किया था, उसे समयबद्ध और संकल्पपूर्वक पूरा करके जनता के विश्वास को मज़बूती दी है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि भोरंज क्षेत्र में चल रहे अद्वितीय विकास कार्यों जैसे सड़कों का विस्तार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का सुधार और ग्रामीण संरचना के सशक्तिकरण के लिए भी विधायक सुरेश कुमार का विशेष आभार व्यक्त किया व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का भी धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेश कुमार के नेतृत्व में भोरंज क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और जनता को एक सक्षम एवं संवेदनशील जनप्रतिनिधि का नेतृत्व प्राप्त हुआ है।

## आपदा प्रभावितों से मिले विधायक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** भारी बारिश होने के कारण खैरी पंचायत के लोग जिनके घर दरिया के किनारे हैं, वे भारी जलभराव होने के कारण अपने अपने घरों में फंस गए थे, उन्हें रेस्क्यू कर निकाला गया था। विधायक ने वहां पर जाकर लोगो का हालचाल जाना और उन्हें सतर्क रहने को कहा।

विधायक ने कहा कि वे निरंतर आपदा प्रभावित लोगों का हालचाल जान रहे है। स्थानीय ग्रामीणों ने क्रैट वायर की मांग की है, जिसे लगा दिया जाएगा लेकिन विधायक ने सलाह दी की बरसात सीजन में वे कहीं ओर रहें जा उनके लिए ठीक रहेगा, अन्यथा जानमाल की हानि भी हो सकती है । विधायक ने कहा कि गांववासियों को सरकार द्वारा सहायता जरूर मिलेगी।

## आपदा प्रभावितों के लिए रंगस वासियों ने एकत्रित की राशि

**आरके चौधरी, अनंत ज्ञान, रंगस।** प्रदेश के मंडी जिले में आई आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए रंगस पंचायत के लोग भी आगे आए हैं। रंगस पंचायत के पूर्व प्रधान बलवीर ठाकुर ने बताया कि पंचायत सेक्रेटरी के आह्वान पर आपदा प्रभावितों के लिए लोगों के सहयोग से यह राशि एकत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि रंगस पंचायत के प्रधान राजीव कुमार ने 1100, पूर्व प्रधान बलवीर ठाकुर ने 2100, पूर्व प्रधान उर्मिला ठाकुर ने 2100, पूर्व के सदस्य भगवान दास ने 1100 और रंगस के ही शक्ति चंद ने 1100 रुपए का अंशदान कर आपदा पीड़ितों के लिए यह राशि दी है, जिसे बीडीओ के माध्यम से भिजवाया जाएगा।

**प्रतिस्पर्धा** डीएवी क्लस्टर लेवल एथलेटिक मीट 2025-26 का डीएवी हमीरपुर में किया जा रहा आयोजन

# 800 मीटर रेस में डीएवी धर्मशाला का अर्णव रहा प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

डीएवी क्लस्टर लेवल एथलेटिक मीट 2025- 26 का शुभारंभ हमीरपुर के अणू सिंथेटिक ग्राउंड पर हुआ। इस अवसर पर स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया हमीरपुर के डिप्टी डायरेक्टर मनोज अवाती, ऑब्जर्वर स्पोर्ट्स मीट सुरेश कुमार शर्मा, प्रिंसिपल डीएवी कांगू प्रिंस ठाकुर, प्रिंसिपल डीएवी लड़भड़ोल तथा स्पेशल गेस्ट सुनील ठाकुर, प्रिंसिपल डीएवी लझियानी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें शॉल, टोपी, स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया, साथ ही अन्य गणमान्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता दूसरे से नहीं बल्कि सबसे पहले अपने आप की क्षमताओं से होती है। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह चाहेंगे कि इन नन्हे-मुन्ने बच्चों में से कल को बच्चे देश के लिए भी खेलें तथा देश के लिए भी मेडल जीतें। डीएवी हमीरपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रतियोगिता में आए गणमान्य अतिथियों सभी प्रतिभागियों तथा आए हुए अध्यापकों का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी स्कूलों के छात्रों ने मार्च पास्ट की सलामी दी।



प्रतिस्पर्धा के तहत दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेती विभिन्न डीएवी स्कूलों की छात्राएं।

खिलाड़ियों की ओथ के उपरांत बाद प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17 तथा अंडर 19 वर्ग के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर 4म100 रिले रेस के साथ-साथ हाई जंप, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट तथा जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में डीएवी के 10 स्कूलों के 165 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

अंडर 14 लड़कों की 800 मीटर प्रतियोगिता में डीएवी धर्मशाला के अर्णव ने प्रथम स्थान तथा डीएवी बाघनी के आहिल पठानिया ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर 19 लड़कों की 1500 मीटर प्रतियोगिता में डीएवी देहरा के उमेश ने प्रथम स्थान तथा डीएवी भड़ोली के नादीश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 लड़कों 1500 मीटर प्रतियोगिता में डीएवी हमीरपुर के लक्ष्य सिंह ने प्रथम स्थान तथा देहरा के ऋतविक धीमान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# सिर्फ 164 सिक्योरिटी गार्ड्स के हवाले टांडा मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**




**टांडा ( कांगड़ा )।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा अव्यवस्थाओं का मारा है। लाचारी ऐसी है कि एक तो यहां पर्याप्त स्टाफ नहीं है और दूसरा अस्पताल की सुरक्षा भी रामभरोसे ही है। अस्पताल में कुल 16 ओपीडी लगती हैं, जिनमें हर रोज सैकड़ों लोग इलाज करवाने आते हैं, मगर विडंबना यह है कि प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा महज 164 सिक्योरिटी गार्डों के हवाले है। अस्पताल में कुल 32 वार्ड हैं। एक वार्ड में मरीजों के बेडों की पांच पंक्तियां होती हैं। उस हिसाब से हर वार्ड में कम से कम तीन सिक्योरिटी गार्ड तो होने ही चाहिए, लेकिन अस्पताल का कैंपस इतना बड़ा है कि बाहर की सुरक्षा के लिए भी काफी सारे सिक्योरिटी गार्ड तैनात करने पड़ते हैं, लिहाजा अंदर वार्डों के लिए सिक्योरिटी गार्ड कम पड़ जाते हैं। यही वजह है कि यहां आए दिन वार्डों में चोरियां होती रहती हैं। सीसीटीवी जरूर लगे हैं, लेकिन उन्हें भी मॉनीटर करने वाले कम ही हैं। अस्पताल के एंट्रेंस गेट पर सिर्फ 4 सीसीटीवी ही काम कर रहे हैं, जबकि 20 खराब पड़े हुए हैं।

**स्वास्थ्य सुविधा की बड़ी जिम्मेदारी निभाने वाला तंत्र खुद असहाय**

आधे हिमाचल की सेवा में जुटे इस अस्पताल में कांगड़ा के अलावा चंबा, मंडी, ऊना, हमीरपुर और कुल्लू से भी मरीज इमरजेंसी में रेफर होते हैं। आपातकालीन मामलों की संख्या और गंभीरता को देखते हुए, यह कमी विशेष रूप से चिंताजनक है।

वर्तमान हालात को देखें तो अगर सही मायने में टांडा की सुरक्षा चाक-चौबंद करनी है तो उसके लिए अढ़ाई सौ भी ज्यादा सिक्योरिटी गार्ड चाहिए, जबकि इस समय सिर्फ 164 से ही काम निकाला जा रहा है। यदि अस्पताल में कोई बड़ा हादसा हो जाता है या आपात परिस्थिति में एकदम से बाहर निकलना पड़ता है तो सैकड़ों जिंदगियां संकट में पड़ सकती हैं।

यह अस्पताल मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहता है, लेकिन दुर्भाग्यवश, इन दिनों खुद अव्यवस्थाओं और लचर सुरक्षा व्यवस्था की गिरफ्त में है। हालात ऐसे हैं कि जहां हर रोज सैकड़ों मरीज इलाज के लिए यहां पहुंचते हैं, वहीं उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा की जिम्मेदारी निभाने वाला तंत्र खुद असहाय नजर आता है।

आपातकालीन मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इनकी गंभीरता को देखते हुए मौजूदा स्टाफ और सुरक्षा संसाधन नाकाफी साबित हो रहे हैं। फिलहाल, मरीजों और उनके परिजनों को इस असुरक्षित माहौल में इलाज के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह जरूरी हो गया है कि सरकार और प्रशासन टांडा अस्पताल की सुरक्षा को प्राथमिकता दे, ताकि मरीजों को न केवल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें, बल्कि वे सुरक्षित माहौल में उपचार भी पा सकें।

### हाईटेक होगी सुरक्षा व्यवस्था : डॉ. विवेक

**इस** गंभीर स्थिति पर जब अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेक बनियाल से बात की गई, तो उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सुरक्षा व्यवस्था हाईटेक होने जा रही है। उनके अनुसार, पूरे अस्पताल कैंपस में नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जो हर आने-जाने वाले की निगरानी करेंगे। डॉ. बनियाल ने कहा, जो गेट के अंदर जिस हालत में आएगा, उसी हालत और सामान के साथ ही वह बाहर जाएगा। उनका कहना है कि नई व्यवस्था से चोरी की घटनाओं पर न केवल रोक लगेगी, बल्कि अस्पताल की समग्र सुरक्षा भी पहले से बेहतर हो जाएगी। साथ ही, अतिरिक्त सिक्योरिटी गार्ड की मांग सरकार को भेजी जा चुकी है और जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक कदम की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### चरस तस्करी के दोषी को 3 साल की सजा व 15 हजार रुपए जुर्माना



**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर की विशेष अदालत ने कालाअंब में चरस तस्करी के एक मामले में नेपाली कमल को दोषी ठहराया है। कमल नेपाल के जिला अच्छाम का निवासी है, लेकिन वर्तमान में वह हरियाणा के नारायणगढ़ के हामिदपुर गांव में रह रहा था। वह ढाबे की आड़ में चरस की खरीद-फरोख्त कर रहा था। न्यायाधीश योगेश जसवाल की अदालत ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20-61-85 के तहत तीन साल के कठोर कारावास और 15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। 13 सितंबर 2021 की रात पुलिस ने काला अंब के त्रिलोकपुर रोड पर गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एमएमजी फैक्टरी के पास ढाबा चलाने वाले कमल के ठिकाने पर छापा मारा। ढाबे की तलाशी में एक प्लास्टिक के बोरे से 1.963 किलोग्राम चरस बरामद की गई। अभियोजन पक्ष की लोक अभियोजक चंपा सूरील ने बताया कि मामले में 13 गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जिनके आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया गया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माना न देने की स्थिति में दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

### 5.96,500 लाख रुपए ऐंठने के आरोप में महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पुलिस थाना बागा में एक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उसने एक शिक्षक से कैंसर के इलाज के लिए पैसे मांगकर 5,96,500 रुपए ऐंठ लिए। शिकायतकर्ता रविंद्र सिंह निवासी कंधर ने आरोप लगाया है कि शकुंतला देवी ने उन्हें फोन करके बताया कि वह कैंसर से पीड़ित है और इलाज के लिए पैसे की जरूरत है। शिकायतकर्ता ने महिला को अपनी पत्नी के खाते से गूगल-पे के माध्यम से 1,21,500 रुपए और बाद में 4,75,000 रुपए दिए। दोनों के बीच पहले से जान-पहचान थी, जब महिला कंधर में किराए के मकान में रहती थी और यूटीसीएल कंपनी के स्कूल में नौकरी करती थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि महिला अब उनसे पांच लाख रुपए की और मांग रही है और धमकी दे रही है कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो उनके खिलाफ बलात्कार का केस दर्ज करवा देगी। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में धारा 308(2) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है।

### आपदा में अपने चहेतों की सैलरी बढ़ाने में लगी सरकार : प्रवीण शर्मा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रवीण शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आपदा के समय में जन प्रतिनिधियों की सैलरी 50 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ाना क्या सही है, जबकि हर वर्ष की तरह इस बार भी जिला मंडी व कुल्लू में प्रकृति ने तबाही मचाई है, परंतु सरकार इस आपदा के समय में अपने चहेतों की तनख्वाह बढ़ाने में लगी हुई है। तीन सालों में पहले विधायकों की सैलरी बढ़ाई, फिर नगर निगम के सदस्यों की और अब अध्यक्षों व उपाध्यक्षो की सैलरी बढ़ाई गई। प्रवीण ने कहा कि पैरा जल शक्ति विभाग के आउटसोर्स कर्मी रात-दिन लोगों के लिए कार्य कर रहे हैं, ताकि पानी की सप्लाई सुचारु रूप से जारी रहे। जबकि 15 साल बाद भी इन्हें नियमित करने की पॉलिसी पर विचार नहीं हुआ। यही हाल बिजली बोर्ड के आउटसोर्स कर्मियों का है। उन्होंने कहा हम कर्मचारी आपदा के समय में अपना पूरा सहयोग पहले भी देते रहे हैं और इस बार भी देंगे। परन्तु वर्तमान सरकार प्रदेश में पीड़ित कर्मचारियों की सुध नहीं ले रही है। सरकार से आग्रह है कि प्रदेश को विकसित करना है तो कर्मचारियों को साथ लेकर चलें।

# सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे मजदूर-किसान

## विभिन्न क्षेत्रों से मिली भागीदारी और मजबूत जन समर्थन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



हड़ताल में भाग लेते सीटू से संबंधित कार्यकर्ता और किसान सभा के सदस्य।

**शिमला।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और राष्ट्रीय फेडरेशनों के संयुक्त मंच के साथ-साथ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश में मजदूरों और किसानों ने बड़े पैमाने पर हड़ताल का आयोजन किया। सीटू और हिमाचल किसान सभा के बैनर तले आयोजित इस प्रदेशव्यापी हड़ताल में विभिन्न क्षेत्रों के हजारों श्रमिकों और किसानों ने भागीदारी की, जिससे राज्य भर में कामकाज पर व्यापक असर पड़ा।

इस दौरान आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, मनरेगा, निर्माण, औद्योगिक क्षेत्र, स्वास्थ्य, बिजली परियोजनाएं, होटल, और अन्य असंगठित क्षेत्रों के मजदूर सड़कों पर उतरे, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। हड़ताल में न केवल पारंपरिक मजदूर वर्ग शामिल था, बल्कि बैंक कर्मियों, बीमा कर्मियों और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स सहित अन्य पेशेवर समूहों ने भी अपनी एकजुटता दिखाई। शिमला जैसे प्रमुख शहरों में आईजीएमसी, केएनएच, चमयाना, मानसिक रोगियों के अस्पताल, होटल और नगर निगम से जुड़े कर्मचारियों ने पूर्ण हड़ताल की, जिससे इन संस्थानों में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया।

इस आंदोलन को हिमाचल किसान सभा, जनवादी महिला समिति, एसएफआई, डीवाईएफआई, पेंशनर एसोसिएशन और दलित शोषण मुक्ति मंच जैसे कई प्रमुख सामाजिक और छात्र संगठनों का भी व्यापक समर्थन मिला। किसानों ने कई जगह 'देहात बंद' का आह्वान कर मजदूर-किसान एकता का मजबूत संदेश दिया।

### हड़ताल को बताया बेहद सफल

**सीटू** के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और महासचिव प्रेम गौतम ने इस हड़ताल को बेहद सफल बताया और केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोला।

### आंदोलन तेज करने का लिया संकल्प

**नेताओं** ने स्पष्ट किया कि यह हड़ताल केवल शुरुआत है और यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**शिक्षा बोर्ड ने जारी की डेटशीट**

# दसवीं और बारहवीं की अनुपूरक परीक्षाएं 22 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से दसवीं की अनुपूरक परीक्षा 22 से 29 जुलाई, जबकि जमा दो कक्षा की 22 से 28 जुलाई होगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह के सत्र में 8.45 से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी।

शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा के मुताबिक दसवीं कक्षा में अंग्रेजी, गणित, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व संस्कृत विषयों के प्रश्नपत्र ए, बी व सी सीरीज में उपलब्ध कराए जाएंगे। इन विषयों में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को आवंटित प्रश्नपत्र में दी गई सीरीज को उत्तरपुस्तिक के मुख्य पृष्ठ के ब्लाक में बड़े अक्षरों में लिखना जरूरी होगा। इसके साथ ई सीरीज प्रश्नपत्र पर विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

वहीं, जमा दो कक्षा की परीक्षा में अंग्रेजी, गणित, हिंदी, अर्थशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, इतिहास, फिजिक्स, कैमेस्ट्री, बायोलॉजी, अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडी, संस्कृत की परीक्षा में भी ए, बी व सी सीरीज में उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ई-सीरीज प्रश्नपत्र पर विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### दसवीं कक्षा की डेटशीट

22 जुलाई, संस्कृत, पंजाबी, उर्दू।
23 जुलाई, हिंदी।
24 जुलाई, साइंस एंड टैक्नोलाजी।
25 जुलाई, सोशल साइंस।
26 जुलाई, अंग्रेजी।
28 जुलाई, गणित।
29 जुलाई, कला, कंप्यूटर साइंस, इनफोरमेशन टैक्नोलाजी इनेवल्ड सर्विसिस, टूरिस्ट एंड हास्पीटेल्टी, टेलीकाम, इकोनोमिक्स, ह्यूमन इकोलाजी एंड फैमिली साइंस।

### जमा दो कक्षा की डेटशीट

22 जुलाई, अंग्रेजी
23 जुलाई इकोनोमिक्स हिंदी, फिजिक्स।
24 जुलाई अकाउंटेंसी, कैमेस्ट्री, हिस्ट्री।
25 जुलाई बायोलाजी, बिजनेस स्टडी, मैथेमेटिक्स।
26 जुलाई राजनीतिक शास्त्र, उर्दू, संस्कृत, सोशोलाजी।
28 जुलाई फिजिकल एजुकेशन, कंप्यूटर साइंस, इनफोरमेशन टैक्नोलाजी, ब्यूटी एंड वेलनेस।

### केसीसीबी महाप्रबंधक की शक्तियां और निलंबित 4 कर्मी किए बहाल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल ने महाप्रबंधक की शक्तियों को बहाल करने के साथ निलंबित 4 अन्य कर्मी को भी बहाल कर दिया है। यह फैसला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में हुई बीओडी की बैठक में लिया गया है। इस फैसले के बाद अब 2 महाप्रबंधक बैंक से जुड़े कार्यों को संभालेंगे। पिछले साल गलत लोनिंग के चलते बड़े एनपीए के कारण महाप्रबंधक की शक्तियां निदेशक मंडल ने छीन ली थी। वहीं निलंबित चल रहे 4 अन्य कर्मियों की बहाली से भी अन्य कर्मचारियों पर पड़ रहे अतिरिक्त कार्य का बोझ कम होगा। इन कर्मचारियों पर अलग-अलग अनिमित्ताएं बरतने को लेकर निलंबित किया गया था। वहीं, बैंक ने अपने सभी कर्मचारियों को 35 दिनों वेतन बोन्स के रूप में देने का भी फैसला लिया है। जिस पर बैंक 11 करोड़ रुपए लाभांश से खर्च करेंगा। साथ ही निदेशक मंडल ने हिमाचल में बरसात में हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री राहत कोष में 2 करोड़ रुपए देने का फैसला किया है। एक सवाल के जबाव में अध्यक्ष ने कहा कि कुल्लू जिला, लाहौल-स्पति व कांगड़ा जिला के ऊपरी क्षेत्रों में बरसात के दौरान निदेशक मंडल चुनाव में समस्याएं आ सकती है। इसको देखते हुए बरसात के बाद चुनाव करवाने को लेकर पिछली बैठक में प्रस्ताव पारित करके प्रदेश सरकार को भेजा है। हालांकि, बैंक प्रबंधन की और से चुनाव की तैयारियां जारी है।

**बैंक की बीओडी की बैठक में लिया फैसला**

### हिमाचल सरकार किसानों, बागवानों और आम लोगों के लिए प्रतिबद्ध : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने बुधवार को शिमला में एक प्रेस वक्तव्य में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, बागवानों और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है और स्वास्थ्य व शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है।

चौहान ने बताया कि सीएम सुक्खू ने हिमाचल के सेब बहुल क्षेत्रों में तेजी से फैल रही रहस्यमयी बीमारी को लेकर बागवानों की चिंताओं पर तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति से फोन पर बात कर विशेषज्ञ टीमों को प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि नौणी विश्वविद्यालय की 5 से 6 कृषि विशेषज्ञ टीमें फील्ड में कार्यरत हैं और बागवानों से जानकारी एकत्र कर रही हैं। नरेश चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 'व्यवस्था परिवर्तन' के ध्येय के साथ प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम शिक्षा क्षेत्र में भी दिख रहे हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को सरकार की नीतियों की सफलता की मुहर बताया।

नरेश ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिमला स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशिएलिटी, चमियाना में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत हो रही है। इसी तर्ज पर टांडा, आईजीएमसी शिमला और अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में भी चरणबद्ध तरीके से रोबोटिक सर्जरी मशीनें स्थापित की जाएंगी। उन्होंने केंद्र सरकार की कूटनीतिक विफलता पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम मोदी ने बागवानों के हितों के लिए जमीनी स्तर पर कुछ नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की बार-बार विदेशी सेब पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क की मांग के बावजूद, इसे मौजूदा 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। नरेश चौहान ने इसे प्रदेश के बागवानों के हितों के साथ खिलवाड़ बताया और कहा कि इसके विपरीत राज्य सरकार प्रदेश के हितों को सर्वोपरि रखते हुए चहुंमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है।

### हिमाचल प्रदेश विवि की बीएड परीक्षाएं 14 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने अपने बीएड पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 14 जुलाई से शुरू होकर 5 अगस्त तक चलेंगी। इनमें रेगुलर डिग्री कोर्स के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के साथ-साथ दूरवर्ती शिक्षण संस्थान के तहत संचालित वार्षिक प्रणाली के बीएड डिग्री कोर्स के छात्र भी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय ने अधिकांश निजी और सरकारी बीएड कॉलेजों में ही परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, केवल कुछ निजी कॉलेजों को छोड़कर।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल के अनुसार, सभी परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शुरू होंगी। 80 अंकों की परीक्षाएं शाम 5 बजे तक चलेंगी, जबकि 40 अंकों की परीक्षाएं दोपहर 3.30 बजे समाप्त होंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां से छात्र इसे डाउनलोड कर सकते हैं। रेगुलर छात्रों के चौथे सेमेस्टर और दूसरे वर्ष की परीक्षाएं 14 से 19 जुलाई तक होंगी, जबकि दूसरे सेमेस्टर और प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 21 से 28 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। वार्षिक प्रणाली के तहत री-अपीयर परीक्षाएं 5 अगस्त तक जारी रहेंगी।

### आपदा क्षेत्रों में राहत सामग्री व दवाइयां बांट रही 'सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा' : अनुराग



लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां देते 'सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा' के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर की लोकप्रिय स्वास्थ्य योजना 'अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा' की मोबाइल मेडिकल वैनें बाढ़ व बारिश प्रभावित धर्मपुर व थुनाग में मातृशक्ति की आवश्यकता को देखते हुए सेनेटरी पैड, दवाइयां व राहत सामग्री का वितरण कर आपदा में राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है।

अनुराग ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे देवभूमि हिमाचल में हर सक्षम व्यक्ति मदद के लिए अपने प्रयास कर रहा है। मेरे आग्रह पर प्रयास संस्था की अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा भी प्राकृतिक आपदा से बुरी तरह प्रभावित मंडी जिले के धर्मपुर व थुनाग में अपनी मोबाइल मेडिकल वैनों के माध्यम से राहत कार्यों में अपना सहयोग दे रही है। आपदा की इस घड़ी में हमारी मातृशक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा दवाओं के साथ-साथ सेनेटरी पैड का वितरण कर रही है।

उन्होंने प्रदेशवासियों व राज्य में आने वाले पर्यटकों से अपील है कि वे खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए नदी-नालों, भूस्खलन संभावित इलाकों से दूर रहें, सतर्कता बरतें और अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### हिमाचल आयुष विभाग में हुआ फेरबदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के आयुष विभाग ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत कर्मचारियों के व्यापक स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। इस अधिसूचना के अनुसार, ग्रुप-ए, सी और डी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पदों के कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नए स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।

यह कदम राज्य में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। अधिसूचना में बिलासपुर, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल एवं स्पीति जैसे जिलों में स्थित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों,फार्मासिस्टों और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों सहित अन्य पदों पर स्थानांतरण किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार, प्रत्येक जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों को इधर-उधर किया गया है जिसमें शिमला जिले के एएचसी सैऊल, एएचसी टेलर और एएचसी खखरोना जैसे केंद्रों में कर्मचारियों के स्थानांतरण देखे गए हैं।

**इनिशिएटिव** राज्य कार्यकारी समिति का भी पुनर्गठन, जिलों से लेकर शहरों तक सशक्त होंगी समितियां

# आपदा के कहर से निपटने को हिमाचल तैयार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अहम समिति पुनर्गठित**

**हर जिले और नगर निगम में होगा अब अपना प्राधिकरण**



फाइल फोटो

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने राज्य में आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के सभी जिलों और नगर निगमों में विशिष्ट आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को अधिसूचित कर दिया गया है। इसके साथ ही, आपदा से निपटने की तैयारियों के समन्वय के लिए राज्य कार्यकारी समिति का भी पुनर्गठन किया गया है।

राज्य के सभी जिलों के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया गया है। इन प्राधिकरणों की अध्यक्षता संबंधित जिला उपायुक्त (पदेन) करेंगे, जबकि जिला परिषद अध्यक्ष सह अध्यक्ष की भूमिका में होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त या अतिरिक्त दंडाधिकारी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सदस्यों के रूप में पुलिस अधीक्षक, वन संरक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लोक निर्माण, जल शक्ति और राज्य विद्युत बोर्ड के अधीक्षण अभियंता शामिल किए गए हैं।


इसी तर्ज पर, राज्य की राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी नगर निगमों के लिए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का भी गठन किया गया है। इन शहरी प्राधिकरणों के अध्यक्ष नगर निगम आयुक्त (पदेन) होंगे, जबकि अतिरिक्त उपायुक्त या अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। अन्य सदस्यों में संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट/उपमंडल अधिकारी (सिविल), उपमंडल पुलिस अधिकारी/पुलिस उप अधीक्षक, वन मंडल अधिकारी, दो पार्षद और जिला अग्निशमन अधिकारी शामिल हैं। राज्य प्राधिकरण को उसके कार्यों में सहायता प्रदान करने और आपदा से संबंधित निर्देशों का समन्वय व अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य कार्यकारी समिति का भी पुनर्गठन किया गया है।

### मुख्य सचिव होंगे समिति के अध्यक्ष

**इस** महत्वपूर्ण समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव (राजस्व) को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव गृह, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, वित्त और पुलिस महानिदेशक शामिल हैं। यह समिति राज्य भर में आपदा प्रतिक्रिया प्रयासों के लिए केंद्रीय समन्वय निकाय के रूप में कार्य करेगी।

### राज्य महिला आयोग में भी नई नियुक्तियां

**आपदा** प्रबंधन के साथ-साथ, हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य महिला आयोग में भी दो गैर-सरकारी सदस्यों का मनोनयन किया है। झंडूता के बल्ही मरेटा गांव की रीना देवी और देहरा के नंदपुर भटोली की रीना दरोच को आयोग में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, तक प्रभावी रहेगी।



## न्यूज ब्रीफ

### चनौर, पनियामल में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** 11 केवी फीडर बढ़ल की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 11 जुलाई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उप-मंडल ढलियारा के सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार संधू ने दी है। इसके चलते चनौर, पनियामल, बेहि, इंडस्ट्रियल एरिया चनौर, सुभाषपुर, तियामल, निचला बलवाल, रोड़ी-कोड़ी, चपलाह, जम्बल, थेड़ू, बस्सी, कनोल, पीरबड़, नंगल चौक, आरा चौक और बटवार में सुबह नौ बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सुभाष हाउस की वंशिका और प्रतिमा प्रथम

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटियालादाई में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत साझेदार राज्य केरल पर प्रश्नोत्तर सत्र, (अपने साझेदार राज्य को जानें) अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रवक्ता भौतिकी सरदूल परमार की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता केरल के सामान्य ज्ञान पर आधारित थी, जिसमें सदनों की सभी टीमों ने भाग लिया। सुभाष हाउस की छात्राएं वंशिका और प्रतिमा प्रथम स्थान पर रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन प्रवक्ता रसायन विज्ञान नीरज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रभारी विवेक सूद और रोजी शर्मा सहित सभी प्राध्यापक वर्ग, अध्यापक वर्ग व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 'एक सदस्य, एक पौधा' मुहिम को मिला जनसमर्थन

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ की ओर से बुधबार से शुरू की गई एक सदस्य, एक पौधा मुहिम को जन समर्थन मिलने लगा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार और प्रदेश प्रचारक मोहित कुमार के आह्वान पर इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला कांगड़ा अध्यक्ष सोनिका ठाकुर ने देहरा उपमंडल में विशेष पहल की। इस अभियान के तहत जिला सोशल मीडिया प्रभारी मीना कुमारी तथा संघ की दर्जनों महिला सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला अध्यक्ष सोनिका ठाकुर ने सभी बहनों को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ की ओर से एक-एक पौधा भेंट किया, ताकि हर सदस्य अपने आसपास हरियाली का एक संदेश फैलाए।

### शिवनगर कॉलेज में विद्यार्थियों को बताए नियम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में सत्र 2025-26 के लिए अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन प्रथम वर्ष के नए छात्र- छात्राओं के लिए किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने मुख्य अथिति डॉ. शमशेर सिंह का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया। प्राचार्या ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को कॉलेज के नियमों की जानकारी प्रदान की। मुख्य अथिति ने विद्यार्थियों को अच्छे से पढ़ाई करने व रैगिंग से दूर रहने की अपील की। प्रो. राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को सभी विषयों के बारे में बताने के साथ क्रेडिट की जानकारी प्रदान की। प्रो. शिखा धरवाल ने नशे, रैगिंग के खिलाफ और महिला संवेदिकरण की जानकारी दी।

### चुनाव में भाग लेने के लिए पेंशनर्स का किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण सरुप शर्मा ने जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ के उन सभी पेंशनर्स का धन्यवाद किया है, जिन्होंने सुंदरनगर जिला मंडी में जाकर राज्य स्तरीय प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में भाग लेकर जिला कांगड़ा पेंशनर संघ का मान बढ़ाया तथा कद ऊंचा किया। प्रधान ने कहा कि जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ को चुनाव स्थान पर सभी जिलों का नेतृत्व करने का अवसर दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद कल्याण भंडारी को देकर जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ का मान बढ़ाया है।

### झिकली भेठ स्कूल में बच्चे किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उच्च पाठशाला झिकली भेठ में बुधवार को गुरु पूर्णिमा की पूर्वसंध्या पर भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष श्री प्रीतम भारती, सचिव अनुज आचार्य, वित्त सचिव हरीश अरोड़ा, विनोद शर्मा, अरुण शर्मा, रीता शर्मा, विपिन भारद्वाज, पुष्पेंद्र सूद, डॉक्टर देवेंद्र सूद, मुल्ख राज शर्मा और सुरेश चड्ढा ने भाग लिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की ओर से मुख्याध्यापिका मंजू सूद को स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट गई। भारत को जानो एवं राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिताओं की किताबों का सेट भेंट कर मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया।

# धर्मशाला में विद्युत कर्मियों की जिला महापंचायत

## 43 हजार से 13 हजार तक सिमटे विद्युत बोर्ड के नियमित कर्मी, सरकार की गलत नीतियों से संकट


धर्मशाला कॉलेज के ऑडिटोरियम में जिला पंचायत का आयोजन किया गया।

### बोले- खाली पदों पर की जाए नियमित भर्ती

उन्होंने बिजली बोर्ड में पैरा टीमेट भर्ती का विरोध किया और बिजली बोर्ड में खाली पदों पर नियमित भर्ती करने की मांग की गई। वहीं, मई, 2003 के बाद भर्ती बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली को लागू करने की मांग को भी उठाया। पिछले दो वर्षों से लंबित पेंशनरों के पेंशन बकाया राशि, लीव इन्कैशमेंट और ग्रेच्युटी की शीघ्र अदायगी के साथ-साथ बिजली बोर्ड में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को स्थायी बनाने की भी मांग उठाई। उन्होंने बिजली बोर्ड के ढांचे जैसे संचार व सिस्टम प्लानिंग विंगों के साथ छेड़छाड़ का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा बिजली बोर्ड के विद्युत उपकेंद्रों का रखरखाव किसी भी स्थिति में संचार विंग को नहीं दिया जा सकता। उन्होंने सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र के लिए गठित कैबिनेट सब कमेटी की बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को केंद्र के वेतनमान लागू करने की सिफारिशों का भी विरोध किया और कहा इससे बोर्ड कर्मचारियों के वेतनमान बहुत नीचे आ जाएंगे।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में विद्युत कर्मियों, पेंशनर्स, इंजीनियर्स व आउटसोर्स कर्मियों की ज्वॉइंट एक्शन कमेटी की ओर से सातवीं जिला पंचायत का आयोजन किया गया। धर्मशाला कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित महापंचायत के बाद विशाल रैली का आयोजन डीसी कार्यालय तक किया गया। वहीं, जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया। इससे पहले प्रदेश के छह जिलों में इस तरह की पंचायतों का आयोजन किया जा चुका है। कमेटी के संयोजक ई. लोकेश ठाकुर व सह संयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि जिला बिजली पंचायतों का आयोजन बिजली बोर्ड के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण की नीतियों के खिलाफ आज पूरे देश मे बिजली कर्मचारी व अभियंता हड़ताल पर हैं। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में कई गुणा बढ़ोतरी के साथ-साथ उनको दी जा रही बिजली सेवाएं पर भी विपरीत असर पड़ेगा। प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारियों के अभाव से बुरी तरह से जूझ रहा है और बोर्ड में मात्र 13000 नियमित कर्मचारी रह गए हैं, जो कभी 43000 हुआ करते थे। ऐसे में बोर्ड प्रबंधन कर्मचारियों को सरप्लस कर दूसरे महकमों में भेजने में लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण बिजली बोर्ड भारी वित्तीय संकट में है, जिसके चलते कर्मचारियों व पेंशनर्स के वित्तीय लाभ वर्षों से लंबित पड़े हैं।

# 32 मील में गाड़ी से 2 किलो चरस बरामद, दो गिरफ्तार


पुलिस टीम के साथ 32 मील में गिरफ्तार किए गए दो युवक।

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** जिला पुलिस नूरपुर की ओर से नशा माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस को 32 मील में बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने 32 मील में नाकाबंदी के दौरान इनोवा गाड़ी में सवार विनय कुमार (32) पुत्र सागर, निवासी नूरपुर, किशोरी लाल (20) पुत्र श्री तीर्थ राम, निवासी गांव सियोली, तहसील बंजार के कब्जे से 2 किलो 84 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने पठानकोट-कुल्लू राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित 32 मील में होटल के बाहर गश्त के दौरान इनोवा गाड़ी (पीबी 08-सीसी-4977) को तलाशी के लिए रोका, जब गाड़ी की तलाशी ली तो दो युवकों के पास चरस बराम की गई। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# उड़ाने की धमकी के बाद खाली करवाया धर्मशाला कोर्ट परिसर


करीब साढ़े तीन घंटे तक जांच में जुटी रहीं टीमें, नहीं मिला कुछ भी संदिग्ध।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला स्थित न्यायालय परिसर को बुधवार सुबह ई-मेल के माध्यम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कोर्ट परिसर को खाली करवा दिया।

करीब साढ़े तीन घंटे तक न्यायालय परिसर में बम और डॉग स्क्वायड की टीमें जांच में जुटी रहीं। टीम को कुछ भी नहीं मिला। 2 बजकर 55 मिनट पर टीम ने वकीलों व न्यायालय स्टाफ को अंदर जाने की बात कही। कुछ भी संदिग्ध वस्तु नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अधिकारिक ईमेल पर धमकी मिली थी। जिला बार एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अंकुर सोनी ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अधिकारिक ईमेल पर एक मेल आई थी कि कुछ वस्तु यहां पर रखी गई है, जिस पर डीसी और एसपी कांगड़ा से संपर्क किया। एएसपी जिला कांगड़ा हितेष लखनपाल ने बताया कि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जो ईमेल आई थी, उस संबंध में जांच की जा रही है।

### समाजसेवी तुलसी राम ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए पांच हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भट्ट समूल के समाजसेवी तुलसी राम डोगरा ने मंडी जिले के करसोग सिराज और धर्मपुर में आई आपदा से प्रभावित परिवारों को सहायता के रूप में एक अनुकरणीय पहल पेश की है।



डोगरा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को 'मुख्यमंत्री राहत कोष' में अपनी नेक कमाई से पांच हजार एक रुपए की राशि का डिमांड ड्राफ्ट भेजा है। उन्होंने कहा कि इस भीषण त्रासदी ने स्थानीय लोगों के जनजीवन को झकझोर कर रख दिया है। कई लोग मृत्यु के आगोश में चले गए और अनेकों लोग इस भारी जल प्रलय आने से लापता हैं। इस भयंकर मंजर से कई परिवार बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में जनसहयोग और सामूहिक प्रयास ही एक विकल्प है।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल रेणु को रवींद्रनाथ टैगोर अवॉर्ड

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए रवींद्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पार्क प्लाजा चंडीगढ़ जीरकपुर में आयोजित समारोह में टाकेसी ओगरा की ओर से प्रदान किया गया।

प्रिंसिपल रेणु परमार ने पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक नवाचार किए हैं। उनके नेतृत्व में स्कूल ने न केवल शैक्षणिक परिणामों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, बल्कि सांस्कृतिक, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में भी राज्य स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। स्कूल की एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि स्कूल के अध्यापकों, छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खुशी जताई है। वहीं, स्कूल में विशेष सभा आयोजित की गई, जहां छात्रों और शिक्षकों ने प्रिंसिपल का स्वागत किया। प्रिंसिपल प्रिंसिपल रेणु परमार ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, पूरे विद्यालय परिवार का है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।



प्रिंसिपल रेणु को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नवाजा।

### पौंग बांध विस्थापित को मिलेगा अंडर ब्रिज बनने का सीधा लाभ : सपन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन के अंतर्गत देहरा विधानसभा क्षेत्र के लुदरेट, खब्बल, नंदपुर, बरियाल के साथ कथौली गांव में रेलवे अंडर ब्रिज स्वीकृत करवाकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर ने कई वर्षों की समस्या का समाधान करवा दिया है। जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू इस क्षेत्र की भूगौलिक स्थिति का अध्ययन करके यहां बसे हजारों पौंग बांध विस्थापितों का दर्द समझ चुके हैं। कांग्रेस नेता सपन सूद ने कहा कि इन गांवों में रेलवे अंडर ब्रिज बनने का सीधा लाभ इन हजारों पौंग बांध विस्थापित परिवारों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी में विकसित करने के लिए पूरी तरह प्रयासरत हैं। सीएम पौंग बांध में पर्यटन के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार यहां देने के कार्य पर काम कर रहे हैं।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity — अनंत ज्ञान

### सीसीआरएएस में भरे जाएंगे पद

कुल पद
394
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशनः 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री।
वेबसाइट



www.ccras.nic.in
आवेदन की अंतिम तिथि
31 अगस्त

### जूनियर इंजीनियर बनने का अवसर

कुल पद
3040
आयु : 18 से 30 साल
एजुकेशनः 12वीं पास
वेबसाइट
ssc.gov.in



आवेदन की अंतिम तिथि
21 जुलाई

### BHEL में नौकरी करने का मौका

कुल पद
515
आयुः आयु : 18 से 33 साल
क्वालिफिकेशन
लेवल 1 : मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास, आईटीआई की डिग्री।
लेवल 2: 12वीं पास या 10वीं के साथ आईटीआं की डिग्री
अंतिम तिथि



8 अगस्त
वेबसाइट
careers.bhel.in

### इंडियन नेवी सिविलियन में बंपर भर्ती

कुल पद
1100
आयु : 18 से 27 साल
तकनीशियन ग्रेड I सिग्नल : 1100 पद
तकनीशियन ग्रेड III सिग्नल : 7900 पद



वेबसाइट
rrbapply.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि
18 जुलाई

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

# छात्रों के लिए प्रभावी करियर योजना में करियर काउंसलर की भूमिका


सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

**विद्यालयी** छात्रों के लिए करियर योजना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है, जिससे उनका भविष्य तय होता है। इस प्रक्रिया में करियर काउंसलर की भूमिका अत्यंत आवश्यक और मार्गदर्शक होती है। करियर काउंसलर न केवल छात्रों की रुचियों, क्षमताओं और व्यक्तित्व का मूल्यांकन करते हैं, बल्कि उन्हें उपयुक्त करियर विकल्पों की जानकारी भी प्रदान करते हैं। विद्यालय स्तर पर छात्र अपने भविष्य को लेकर भ्रमित होते हैं। वे कई बार पारिवारिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाओं या जानकारी के अभाव में गलत करियर का चयन कर बैठते हैं। करियर काउंसलर छात्रों को उनकी रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप करियर चुनने में सहायता करते हैं। वे विभिन्न क्षेत्रों जैसे विज्ञान, वाणिज्य, कला, खेल, डिजाइन, आदि में उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी देते हैं। इसके साथ ही, करियर काउंसलर छात्रों को शिक्षा की सही दिशा, आवश्यक कौशल, प्रतियोगी परीक्षाओं और संस्थानों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वे छात्रों की आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और निर्णय लेने की कला सिखाते हैं। करियर काउंसिलिंग से छात्रों को यह समझने में मदद मिलती है कि वे कौन हैं, वे क्या बनना चाहते हैं और उस दिशा में कैसे बढ़ सकते हैं। इससे न केवल उनका अकादमिक प्रदर्शन बेहतर होता है, बल्कि उनका मानसिक विकास और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इस प्रकार, करियर काउंसलर विद्यालयी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में एक अहम भूमिका निभाते हैं।



# साधना से परिपूर्ण होता है...साध्य का मार्ग

**जीवन** और करियर में सफलता की प्राप्ति केवल संयोग या सौभाग्य से नहीं होती, बल्कि यह निरंतर प्रयास, अनुशासन और साधना का परिणाम होती है। साधना का अर्थ केवल आध्यात्मिक अभ्यास से नहीं, बल्कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तन, मन और आत्मा से किए गए समर्पित प्रयासों से है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, कला, विज्ञान, सेवा, या व्यवसाय प्रत्येक क्षेत्र में सफलता उन्हीं को मिलती है, जिन्होंने अपने जीवन को साधना का पर्याय बना लिया हो। साधना का प्रथम चरण है- दृढ़ संकल्प। जब मनुष्य किसी लक्ष्य को लेकर संकल्प करता है और उसे पाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ता है, तो वह आधे रास्ते तक पहुंच चुका होता है। इसके बाद आता है नियमित अभ्यास, जो साधना का आधार है। जैसे एक साधक प्रतिदिन नियमित समय पर साधना करता है, वैसे ही विद्यार्थी, खिलाड़ी, कलाकार या कोई भी व्यक्ति जब अनुशासनपूर्वक अपने कर्म में निरंतरता बनाए रखता है, तो सफलता दूर नहीं रहती। साधना से मन स्थिर होता है, विचारों में स्पष्टता आती है और आत्मबल बढ़ता है। इससे संघर्षों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है। हर साधना में त्याग और संयम आवश्यक है। जो क्षणिक सुखों, आलस्य और विकर्षणों को त्याग कर अपने पथ पर अडिग रहता है, वही अपने उद्देश्य तक पहुंच पाता है।

सफल व्यक्तियों का जीवन देखिए-वे सभी साधना के उदाहरण हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, धैर्य और अनुशासन को अपनाया और अपने कर्म में लगन से कार्य किया। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम-इन महान व्यक्तियों की सफलता साधना की ही देन है। आज की भागदौड़ भरी दुनिया में हमें साधना के मूल्यों को अपनाना होगा। तकनीकी विकास के साथ मानसिक संतुलन बनाए रखना भी एक साधना है। आत्मविकास और समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर यदि हम अपना जीवन साधना के मार्ग पर ले चलें, तो न केवल व्यक्तिगत सफलता मिलेगी, बल्कि हम समाज के लिए भी प्रेरणा बनेंगे।


विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा।

जीवन और करियर बनाने के लिए प्रयासरत लोगों में साधना की खूबी निहित होती है, और वे एक सच्चे साधक की भांति हर प्रकार से अपने आपको सक्षम और उत्कृष्ट बनाने के लिए और जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए निरंतर साधनारत रहते हैं। किसी भी प्रकार की चुनौतियां और राह की मुश्किलें उनके उत्साह और इच्छा शक्ति को कमजोर नहीं बना सकती। साधना में इतनी क्षमता और प्रेरणा निहित होती है। साधना वह दीप है जो अंधकार में भी दिशा दिखाता है। यह वह पुल है जो संघर्ष को सफलता से जोड़ता है। अतः जीवन में यदि सच्ची और स्थायी सफलता चाहिए, तो साधना का मार्ग अपनाइए-यही सच्चा और श्रेष्ठ उपाय है।

# हिमाचल में शिक्षा का ढांचा व 'असर' रिपोर्ट

## 'असर' की कसौटी पर हिमाचल की शिक्षा : चुनौतियां, समाधान

**हिमाचल** प्रदेश अपनी भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद, शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी राज्यों में से एक रहा है। राज्य सरकारें और स्थानीय समुदाय शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं, जिसका परिणाम एक सुदृढ़ एवं व्यापक शैक्षिक ढांचे के रूप में सामने आया है। तथापि, हाल ही में जारी हुई असर (शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट) ने राज्य की शैक्षिक प्रगति की एक विस्तृत तस्वीर प्रस्तुत की है, जिसमें न केवल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है, अपितु उन क्षेत्रों को भी इंगित किया गया है जहां सुधार की नितांत आवश्यकता है। प्रदेश में शिक्षा का ढांचा मुख्य रूप से प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में विभाजित है। राज्य ने शिक्षा की व्यापक पहुंच सुनिश्चित की है, जहां प्रायः प्रत्येक ग्राम में प्राथमिक विद्यालय विद्यमान है। यहां शिक्षक-छात्र अनुपात भी उत्तम है, जिससे व्यक्तिगत ध्यान संभव हो पाता है। बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालय रियायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और सरकार ने डिजिटल पहलों तथा व्यावसायिक शिक्षा पर भी बल दिया है, ताकि युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्राप्त हो सके। इसी पृष्ठभूमि में, असर 2025 की रिपोर्ट ने कई महत्वपूर्ण अवलोकन प्रस्तुत किए हैं। रिपोर्ट दर्शाती है कि प्रदेश में विद्यालयों में नामांकन दर निरंतर उच्च बनी हुई है, जो शिक्षा के प्रति अभिभावकों की बढ़ती जागरूकता को प्रदर्शित करता है। साथ ही, अनेक विद्यालयों में बेहतर आधारभूत संरचना, यथा शौचालय और पेयजल सुविधाएं भी देखी गई हैं, जो बच्चों के लिए एक अनुकूल सीखने का वातावरण प्रदान करती है। प्राथमिक स्तर पर बच्चों के बुनियादी पठन और गणित कौशल में भी कुछ हद तक सुधार देखा गया है, जो शुरुआती शिक्षा में किए गए निवेश का सकारात्मक परिणाम है। सकारात्मक प्रगति के बावजूद, असर रिपोर्ट ने कुछ ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को उजागर किया है, जहां तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। रिपोर्ट स्पष्ट रूप से सीखने के अंतराल को इंगित करती है, विशेष रूप से उन बच्चों में जो अपनी कक्षा स्तर से पीछे हैं। यह दर्शाता है कि हमारा ध्यान केवल नामांकन पर ही नहीं, अपितु वास्तविक सीखने के परिणामों पर भी केंद्रित होना चाहिए। कोविड-19 महामारी के कारण हुए सीखने के नुकसान को भी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से देखा गया है, जहां ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंच में असमानता और नियमित कक्षाओं की अनुपस्थिति ने कुछ बच्चों की शैक्षिक प्रगति को बाधित किया है।


डॉ. मीनाक्षी शर्मा,
प्रोफेसर बहारा यूनिवर्सिटी
वाकनाघाट, शिमला।

उच्च कक्षाओं में छात्रों के महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने में भी चुनौतियां बनी हुई हैं। यह अप्रत्यक्ष रूप से सुझाव देता है कि शिक्षण विधियों में अधिक नवाचार की आवश्यकता है, ताकि बच्चों को रटने की अपेक्षा अवधारणाओं को समझने और उन्हें लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। साथ ही, शिक्षकों को अद्यतन प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करने की आवश्यकता भी महसूस की गई है, ताकि वे बदलते शैक्षिक परिदृश्य और बच्चों की विविध सीखने की आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकें। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रदेश को लर्निंग लॉस को कम करने के लिए विशेष उपचारात्मक कार्यक्रम आरंभ करने होंगे।

**प्रस्तुति एवं विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**



### बच्चों के सीखने के परिणामों पर अधिक बल

**शिक्षा** प्रणाली को दक्षता-आधारित बनाने की दिशा में कार्य करना होगा, जहां बच्चों के सीखने के परिणामों पर अधिक बल दिया जाए। शिक्षकों को निरंतर व्यावसायिक विकास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान कर उनके सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में डिजिटल खाई को पाटने के लिए आधारभूत ढांचे और कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जाना चाहिए, ताकि सभी बच्चों को डिजिटल शिक्षा का समान अवसर मिले। अंततः शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी को और सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि अभिभावकों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी शैक्षिक परिणामों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही, प्रारंभिक बचपन की शिक्षा को मजबूत करना भी एक सुदृढ़ शैक्षिक नींव के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### ज्ञान की बात

- संसद द्वारा हिमाचल राज्य कानून कब पास किया गया था?
  -18 दिसंबर 1970
- भारतीय संविधान सभा में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व किसने किया था?
  -डॉ. वाईएस परमार
- 1948 में हिमाचल प्रदेश के लिए स्थापित की गई अल्पकालिक सरकार का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
  -पंडित शिवानंद रमोल
- किस स्थल को सबसे पुराना खोजा गया सिंधु घाटी सभ्यता स्थल माना जाता है?
  -भिरड़ाना
- भीमबेटका की खोज कब की गई थी?
  -वर्ष 1957-1958 में
- हाल ही में किस राज्य सरकार ने लड़कियों की शिक्षा के लिए 'निजुट मोइना योजना' शुरू की है?
  -असम
- अष्टमुडी झील किस राज्य में स्थित है?
  -केरल

## न्यूज ब्रीफ

### बदलाव: अब सात अगस्त को होंगे साक्षात्कार

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बाल विकास परियोजना कांगड़ा के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त पदों के साक्षात्कार जो आठ जुलाई को उप मंडलाधिकारी कांगड़ा की अध्यक्षता में होने थे, उन्हें प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया है। अब ये साक्षात्कार दिनांक सात अगस्त को उप मंडलअधिकारी कांगड़ा की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना अधिकारी कांगड़ा के कार्यालय में सुबह 10:00 बजे निर्धारित किए गए हैं। अगर कोई अन्य आवेदक भी आवेदन करना चाहता है तो वह अपना आवेदन सादे कागज पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कांगड़ा के कार्यालय में 31 जुलाई तक जमा करवा सकता है।

### लोगों को दी सहारा योजना की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** तिब्बती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौगान तथा पंचायत भवन क्योर में लोगों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, नशीले पदार्थ तथा उनकी अवैध तस्करी, सहारा योजना सूखाश्रय योजना तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं कार्यक्रमों की जानकारी दी। बीएमओ महाकाल डॉक्टर दिलावर देओल ने लोगों को सहारा योजना व अन्य योजनाओं की जानकारी दी। खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने स्वच्छता तथा सुरक्षित पोषण युक्त भोजन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस मौके पर आरबीएसके की टीम के डॉ. विकेश ठाकुर ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग तथा उनकी अवैध तस्करी के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान की।

### सभ्य होनी चाहिए हमारी भाषा एवं वाणी : शक्ति

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप बुधवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार व शिक्षाविद शक्ति चंद राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि भाषा संवाद का माध्यम होती है और शरीर की भी एक भाषा होती है। आपके बातचीत के लहजे से ही लोग आपके व्यक्तित्व, पारिवारिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि का आकलन करते हैं। अतः हमारी भाषा एवं वाणी सभ्य तथा मधुर होनी चाहिए। इससे पहले कार्यकारी प्राचार्य विजय सिंह राणा ने मुख्यातिथि को हिमाचल टोपी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, 94 विद्यार्थियों को भाषा अध्यापिका मोनिका ने पंजाबी भाषा में लिखना पढ़ना सिखाया, जिन्हें मुख्य अतिथि महोदय ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक अनिल कुमार, यशपाल, लेखराज, विनोद कुमार, जोगिंदर सिंह, मोनिका, विश्वजीत आदि उपस्थित रहे।

### पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के शोध इकाई द्वारा एबीवीपी के 77वें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की शोध वाटिका में पौधरोपण एवं वाटिका के सौंदर्यीकरण का कार्य भी संपन्न हुआ। सेवार्थ विद्यार्थी प्रांत प्रमुख प्रोफेसर सुनील ठाकुर ने विद्यार्थियों को एबीवीपी के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रजातियों के औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराया।

### शाइनिंग स्कूल में दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अग्निशमन विभाग के सौजन्य से शाइनिंग स्टार ग्लोबल स्कूल साई (थुरल) में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए विशेष आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाएं जैसे भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, आगजनी इत्यादि की स्थिति में आवश्यक एहतियात, त्वरित प्रतिक्रिया और शमन रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। फायर ऑफिसर संजय भारद्वाज ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की मूल अवधारणाएं, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया तथा सामूहिक सहयोग के महत्व पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

### थुरल स्कूल की प्रबंधन समिति ने सौंपा मांग पत्र



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल की स्कूल प्रबंधन समिति ने स्कूल की प्रधानाचार्या अनुपम वाला व एसएमसी प्रधान बनीता जम्वाल की अध्यक्षता में प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष व सुलह के कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान से पीडब्ल्यूडी थुरल के विश्राम गृह में मुलाकात कर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति की अध्यक्ष विनिता जम्वाल ने 2 महीने से रिक्त चल रहे प्रवक्ता अंग्रेजी व प्रवक्ता अर्थशास्त्र के पदों की मांग प्रमुखता से उठाई। प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने आग्रह किया कि इन रिक्त पदों को जल्द भरा जाए। चौहान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द खाली चल रहे प्रवक्ता के पदों को भर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में लवली धीमान, सुनील गौतम, सुमन कुमारी, कार्यालय अधीक्षक अनिल शर्मा, प्रवक्ता तमन्ना ठाकुर, अजीत धीमान व स्थानीय कांग्रेस नेता अनिल गुलेरिया शामिल रहे।

### आईटीआई गढ़ जमूला में साक्षात्कार 14 को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय मॉडल आईटीआई गढ़जमूला में 14 जुलाई को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर विनोद धीमान ने बताया कि विभिन्न कंपनियां साक्षात्कार लेंगी। मेले का शुभारंभ सुबह 9 बजे से राजकीय मॉडल आई टीआई गढ़जमूला में होगा और इसमें फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशिन, इलेक्ट्रानक्सि, टर्नर, डीजल मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, फेशन डिजाइनिंग एवं आठवीं, दसवीं, बारहवीं के पासआउट विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए मूल प्रमाण पत्र तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाने होंगे। अधिक जानकारी के लिए 7876565347, 9459445000 पर संपर्क कर सकते हैं।

# धर्मशाला में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

## ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के आह्वान पर बोला हल्ला, महंगाई और आउटसोर्सिंग मुद्दे गूंजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



निजीकरण, महंगाई और आउटसोर्सिंग जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करती यूनियनें।

**धर्मशाला** में बुधवार को ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के संयुक्त आह्वान पर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। श्रम संहिताओं, निजीकरण, महंगाई और आउटसोर्सिंग जैसे मुद्दों पर प्रदर्शन किया।

सीटू, इंटक और हिमाचल किसान सभा के कार्यकर्ता धर्मशाला मुख्यालय में एकत्र हुए। इसके बाद मोदी सरकार के विरोध में आक्रोश रैली निकालकर जमकर नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय तक प्रदर्शन किया।

टांडा मेडिकल कॉलेज वर्कर्स यूनियन, भवन एवं सड़क निर्माण यूनियन, आंगनबाड़ी यूनियन समेत विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने श्रम संहिताओं को रद्द करने, राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए प्रतिमाह करने और आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की। साथ ही दूरसंचार विभाग रेलवे, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निजीकरण रोकने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, खाद्य वस्तुओं को जीएसटी से बाहर करने और पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाने की मांग की। मनरेगा में 200 दिन रोजगार की गारंटी और किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी भी मांगों में शामिल है। सीटू जिला अध्यक्ष केवल कुमार, इंटक प्रदेश महासचिव संजय सैनी, किसान सभा के अध्यक्ष जगदीश जग्गी सहित कई यूनियन नेताओं ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शन के दौरान श्रम कोड वापस लो, निजीकरण बंद करो जैसे नारे लगाए गए।

### बोले- 2014 के बाद से मोदी सरकार ले रही श्रमिक विरोधी फैसले

**उन्होंने** कहा कि 2014 के बाद से मोदी सरकार लगातार श्रमिक, किसान और आम जनता विरोधी फैसले ले रही है। जिन कानूनों को मजदूरों ने दशकों के संघर्ष से पाया था, उन्हें एक झटके में खत्म कर दिया गया है। अब सरकार पूंजीपतियों को खुश करने में लगी है। उन्होंने कहा कि नए श्रम कोड के तहत हड़ताल करने पर एक दिन की जगह 8 दिन की तनख्वाह काटने और जेल तक की सजा का प्रावधान है। यह मजदूरों की आवाज कुचलने की कोशिश है। पूरे प्रदर्शन के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हालांकि, शहर में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

### जनविरोधी नीतियों को बदले केंद्र सरकार

**सीटू** के प्रधान केवल कुमार ने कहा कि सरकारी कान्ट्रैक्ट, पार्ट टाइम, टास्क, कैजुअल, सभी आउटसोर्स व ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत भर्ती किए गए कर्मियों को नियमित करके स्थायी रोजगार दिया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जनविरोधी नीतियों को बदलें, नहीं तो जनता उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा

### पैराग्लाइडिंग पर 15 से लगाया बैन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में पर्यटकों की सुरक्षा की दृष्टि से कांगड़ा जिला में पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों पर 15 जुलाई से 15 सितंबर तक प्रतिबंध रहेगा।

इस बाबत आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के लिए पुलिस प्रशासन, उपमंडलाधिकारियों जिला पर्यटन अधिकारी तथा पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को भी कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर आदेशों की अवहेलना न हो।

**कायाकल्प पुरस्कार**

### सीएचसी बीड़ को 10 लाख और सात पीएचसी केंद्रों को मिले 50-50 हजार रुपए

अनंत ज्ञान बैजनाथ। राज्य सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024 25 के लिए घोषित किए गए कायाकल्प पुरस्कारों में ब्लॉक महाकाल के 13 स्वास्थ्य संस्थाओं ने पुरस्कार प्राप्त किए हैं। सात पीएचसी केंद्रों, जिसमें सीएचसी बीड़ को 100000, सात प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र, जिसमें पीएचसी सरीमोलग, पीएचसी मैगजीन, पीएचसी महाकाल, पीएचसी तिंनबड़, पीएचसी देओल पीएचसी सकड़ी तथा पीएचसी बंडिया खोपा को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पचास-पचास हजार का पुरस्कार मिला।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र डंढोल अपनी कैटेगरी में रनर अप रहा, उसे 50000 का पुरस्कार मिला। साथ में चार स्वास्थ्य उपकेंद्र क्रमशः तड़ा, मुल्थान, धानग और घिरथोली को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए मिले। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिलावर देओल ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को भी अगले वित्तीय वर्ष में पुरस्कार जीतने के लिए प्रेरित किया।

### संघर्ष समिति बोली- हाईकोर्ट के आदेशों की हो रही अवहेलना

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** विकास खंड नगरोटा सूरियां कार्यालय में वुधवार को दिनभर ताले लटके रहे, जबकि जवाली के मिनी सचिवालय के एक कमरे में कार्यालय खोलकर स्टाफ को बिठा दिया। लेकिन दिनभर विकास खंड कार्यालय स्टाफ कुर्सियों पर खाली बैठा रहा। दिनभर कोई भी काम नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि मंगलवार को भारी पुलिस बल की सुरक्षा में विकास खंड कार्यालय का सारा सामान ग्रामीणों के जोरदार रोष प्रदर्शन के बीच नगरोटा सूरियां से उठाकर जवाली में पहुंचा दिया। विकास खंड को जवाली स्थानांतरण करने पर हुए हंगामे के बाद हाईकोर्ट की ओर से मंगलवार को ही अधिसूचना पर रोक लग गई थी। ब्लॉक बचाओ संघर्ष समिति नंगरोटा सूरियां ने आरोप लगाया है कि न्यायालय की रोक बाद भी विकास खंड कार्यालय को जवाली स्थानांतरित कर दिया गया। संघर्ष समिति ने चेताया कि उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक पर यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई तो खंड विकास अधिकारी को पार्टी बनाकर अदालत की अवमानना का केस दायर किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी मनोज शर्मा ने कहा कि उन्हें हाईकोर्ट के स्टे ऑर्डर की कॉपी नहीं मिली है। पंचायतीराज निदेशालय से आदेश मिलने के बाद ही आगामी करवाई अमल में लाई जाएगी। विकास खंड कार्यालय 3 जुलाई से जवाली में शुरू हो गया है और सामान को सेट करने में समय तो लगेगा।

**खंड विकास अधिकारी बोले- नहीं मिली स्टे ऑर्डर की कॉपी**

# देनदारियों के भुगतान का आश्वासन नहीं दिया तो सड़कों पर उतरेंगे पेंशनर्स

## एक माह में पेंशनर्स संघों की संयुक्त संघर्ष समिति का किया जाएगा गठन : सुरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश।

**पेंशनर्स** वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार समयबद्ध हमारी देनदारियों को देने का आश्वासन नहीं देती है, तो हम सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। सभी पेंशनर संघों के साथ मिलकर संयुक्त संघर्ष समिति बनाई जाएगी। समिति एक माह के भीतर सरकार को पुनः मांगों से अवगत करवाएगी, एक माह के इंतजार उपरांत यदि मांगें नहीं मानती है तो दो माह उपरांत समिति सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सुरेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के हर जिले की समस्या को संबंधित जिले में जाकर सुना जाएगा और समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की मांगों में पहली जनवरी, 2016 से 31 जनवरी, 2022 के मध्य सेवानिवृत्त पेंशनर्स की संशोधित ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, कम्युटेशन लंबित है। महंगाई भत्ते की तीन देय किस्तें, जो 11 प्रतिशत है तथा जनवरी, 2022 से शेष राशि एरियर अभी तक नहीं मिले हैं।

चिकित्सा भत्ते संबंधी बिलों का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है और न ही भविष्य में कोई प्रावधान किया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सारे वित्तीय लाभ की अदायगी की शीघ्र अधिसूचना जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार के विरुद्ध पेंशनरों में भारी रोष पनप चुका है। उन्होंने घोषणा की कि सभी पेंशनर्स संघों के साथ बातचीत करके संयुक्त संघर्ष समिति की घोषणा की जाएगी।

# बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के कई दिग्गजों को सताने लगी रोस्टर की चिंता

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के कई दिग्गजों को अब रोस्टर की चिंता सताने लगी है। सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार बहुत जल्द ही स्थानीय निकायों का चुनाव संबंधी रोस्टर जारी हो सकता है। रोस्टर जारी होने के बाद यह पता लग जाएगा की नगर परिषद का इस बार कौन सा वार्ड आरक्षित है और कौन सा वार्ड अनारक्षित है।

**वार्ड आरक्षित होने पर अन्य वार्ड से चुनाव लड़ना नहीं होगा आसान**

बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद में कुल 11 वार्ड हैं। 2021 में हुए चुनावों में नगर परिषद के 11 में से सात वार्ड आरक्षित थे तथा वार्ड नंबर 3, वार्ड 7, वार्ड 8, वार्ड 10 केवल मात्र अनारक्षित थे। नगर परिषद में अमित कपूर, कांता देवी, अनीता सूद, मुकेश शर्मा तथा मौजूदा नगर परिषद अध्यक्ष आशा भाटिया दूसरी बार चुनाव जीत कर आए हैं। कांता देवी, अमित कपूर तथा मुकेश शर्मा तो लगभग पिछले 20 वर्षों से चुनाव लड़ रहे हैं और जीत कर भी आ रहे हैं।

अमित कपूर को छोड़ दें तो ये सभी अपने पुराने वाले वार्ड से ही चुनाव जीते हैं। केवल मात्र अमित कपूर ही एक ऐसे उम्मीदवार हैं, जो दोनों बार अलग-अलग वार्डों से जीत कर आए हैं। अगर इन दिग्गजों के वार्ड आरक्षित हो जाते हैं, तो इन्हें अन्य वार्ड से चुनाव लड़ना पड़ेगा। अपने मनपसंद वार्ड को छोड़कर अन्य वार्ड से चुनाव लड़ना और जीतकर आना अधिकतर पार्षदों के लिए कोई आसान काम भी नहीं है।

जानकारी के अनुसार, अमित कपूर, कांता देवी, मुकेश शर्मा, अनीता सूद, आशा भाटिया और राजन चौधरी अन्य वार्ड से भी चुनाव लड़ने का जोखिम उठाने के लिए तैयार हैं। कुछ अन्य पार्षद भी अपने पड़ोसी वार्डों की ओर प्रस्थान कर सकते हैं। रोस्टर जारी होने की संभावना को देखते हुए कुछ पार्षदों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, वार्ड रिजर्व होने की वजह से पूर्व में रहे कुछ पार्षद जो चुनाव नहीं लड़ पाए थे उन्हें काफी बेसब्री से रोस्टर का इंतजार भी है।

पूर्व में रहे इन पार्षदों को उम्मीद है कि इस बार का रोस्टर उनकी पसंद का होगा। फिलहाल गली-मोहल्लों में चुनावों के लिए जारी होने वाले रोस्टर की चर्चाएं और अपने-अपने अनुमानों का आकलन जोरों पर है।

### टीबी मुक्त पंचायत अभियान की शुरुआत

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** दयाल पंचायत नैहरनपुखर ने महिला नेतृत्व की मिसाल पेश करते हुए टीबी मुक्त पंचायत अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की सार्थक शुरुआत की है। बुधवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधान ममता देवी ने न केवल टीबी की भयावहता पर प्रकाश डाला, बल्कि इस रोग के खिलाफ पूरे गांव को एकजुट कर जमीनी स्तर पर पहल शुरू की। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरनपुखर के कर्मचारियों ने दर्जनों ग्रामीणों को टीबी रोग के लक्षण, रोकथाम और इलाज के बारे में जागरूक किया।

**टीबी की रोकथाम और इलाज के बारे में किया जागरूक**

इस मौके पर ब्लॉक समिति सदस्य रजना धीमान ने कहा कि जल्द पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

# बैजनाथ के त्रेहाल गांव की सोनाली शर्मा बनी ऑल इंडिया मॉडलिंग की ब्रांड एंबेसडर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** वीजे एंटरटेनमेंट ने मिस, मिस्टर और मिसेज वर्सेटाइल आइकन ऑफ इंडिया 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर की प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। इसमें हिमाचल की बेटी मॉडल और एक्ट्रेस सोनाली शर्मा को ऑल इंडिया मॉडलिंग की ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया। यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

सोनाली शर्मा पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत और अपने राज्य हिमाचल का नाम रोशन कर चुकी हैं। 2024 में एसके मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीत चुकी सोनाली अब तक 46 क्राउन अपने नाम कर चुकी हैं। उनकी मॉडलिंग और एक्टिंग में मेहनत और लगन ने उन्हें कई बड़े पुरस्कार दिलवाए हैं। बॉलीवुड के मशहूर सितारे गुलशन ग्रोवर, राहुल रॉय और रंजीत बेदी जैसे दिग्गजों के हाथों उन्हें कई मंचों पर सम्मान मिल चुका है। हाल ही में उन्हें बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता चंकी पांडे के हाथों 'एक्सीलेंस अवॉर्ड ऑफ इंडिया-बेस्ट मॉडल एंड एक्ट्रेस से भी नवाजा गया। सोनाली शर्मा का जन्म बैजनाथ तहसील के त्रेहाल गांव में हुआ था। एक साधारण परिवार से संबंध रखने वाली सोनाली ने साबित कर दिया कि लगन, मेहनत और जुनून से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। उनके पिता स्वर्गीय तिलक शर्मा और माता राजनीश शर्मा ने हमेशा उन्हें सपनों को उड़ान देने की प्रेरणा दी।


मिस, मिस्टर और मिसेज वर्सेटाइल आइकन ऑफ इंडिया 2025 का आयोजन किया गया।

## कृषि विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट का प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन

# ड्रिल स्पर्धा में अपराजिता और सुयश विजेता


जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में आयोजित शिविर में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की एनसीसी यूनिट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**जवाहर** नवोदय विद्यालय पपरोला में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की एनसीसी यूनिट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को गौरवान्वित किया।

कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने कृषि विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट को बधाई देते हुए कहा कि हमारे कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व और प्रतिभा का जो परिचय दिया है, वह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी एनसीसी जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी। कृषि विश्वविद्यालय के कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। ड्रिल प्रतियोगिता में अपराजिता और सुयश विजेता रहे। फायरिंग प्रतियोगिता में सिमरन और साहिल ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त पारुल पटियाल को श्रेष्ठ कैडेट (वरिष्ठ वर्ग) का सम्मान भी प्राप्त हुआ। सर्वश्रेष्ठ कॉलेज ट्रॉफी भी कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को प्रदान की गई। शिविर के अंतिम दिन अनिकेत एवं पारुल पटियाल को सीनियर अंडर ऑफिसर तथा सुयश को अंडर ऑफिसर का रैंक पहनाया गया। यह रैंक ऑफिसर कमांडिंग कर्नल मनीष मोदी एवं लेफ्टिनेंट अंकुर शर्मा (डिप्टी कैंप कमांडेंट) द्वारा प्रदान किए गए।

# डीसी ने गोद लिए बगली स्कूल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार की पहल 'अपना विद्यालय-स्कूल गोद लेने के कार्यक्रम' के तहत डीसी हेमराज बैरवा ने गोद लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगली का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान डीसी बैरवा ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए, जिससे उनकी तैयारी और समझ स्पष्ट रूप से झलक रही थी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, केंद्रित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। छात्रों को समसामयिक घटनाओं और अपने परिवेश से जुड़े तथ्यों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, साथ ही प्रत्येक विषय की मौलिक अवधारणाओं की गहरी समझ आवश्यक है। इस अवसर पर जिला उपनिदेशक (उच्च शिक्षा) विकास महाजन, नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रमिला शर्मा भी उपस्थित रहे।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगली के बच्चों से संवाद करते डीसी बैरवा।

# नुक्कड़ नाटक से कैंसर के खिलाफ जगाई अलख

## कॉर्ड ने सिद्धबाड़ी में एकसंघ के सहयोग से लगाया महिला स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर


स्वयंसेवी संस्था कॉर्ड सिद्धबाड़ी में महिला स्वास्थ्य प्रशिक्षण में भाग लेती महिलाएं।

**मनोज चंदेल, योल**

**स्वयंसेवी** संस्था चिन्मय ग्रामीण विकास संगठन (कॉर्ड) सिद्धबाड़ी में 9 जुलाई से लेकर 12 जुलाई तक एकसंघ फाउंडेशन के सहयोग से एक सशक्त और परिवर्तनकारी महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को प्रभावित करने वाले तीन आम, लेकिन अक्सर अनदेखे स्वास्थ्य मुद्दों-स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर और मुख कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस विशेष कार्यक्रम में लगभग 63 महिलाएं भाग ले रही हैं, जिसे शिक्षा, सहभागिता और सशक्तिकरण का एक मंच प्रदान किया गया है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कैंसर से बचने के लिए जागरूकता फैलाई जा रही है।

### 'कैंसर मतलब कैंसल' नहीं

**प्रतिभागियों** को विशेष रूप से डिजाइन की गई कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत वे 'कैंसर मतलब कैंसल' नहीं नामक एक प्रेरणादायक नाटक का मंचन करेंगी। यह प्रस्तुति कहानी, हास्य और तथ्यों का संयोजन करके कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ेगी, कलंक को कम करेगी, और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा में सहयोग को तत्पर ठियोग भाजपा

**अनंत ज्ञान, ठियोग।** भाजपा मंडल ठियोग ने अपनी मासिक पदाधिकारी बैठक में आपदा की स्थिति में हरसंभव सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में आई त्रासदियों के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को अपने सामर्थ्य के अनुसार मदद के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया। मंडल अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप ने कहा कि वर्तमान में मंडी में आई त्रासदी के राहत कार्यों में भाजपा मंडल ठियोग ने जिला महासू भाजपा के साथ मिलकर राशन किट वितरित करने में सहयोग दिया है और भविष्य में भी कार्यकर्ता ऐसी किसी भी स्थिति में मदद के लिए तैयार रहेंगे। बैठक में अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप, उपाध्यक्ष रमेश हेटा और रमेश खाची, महामंत्री राम कृष्ण मदराड़ी, प्रवक्ता अश्वनी बक्शी, मीडिया प्रभारी महेंद्र सूर्या, कोषाध्यक्ष हेमचंद कंवर सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल ठियोग ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अपने बूथों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### भाषण प्रतियोगिता में अनुवेषा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में भाषा एवं संस्कृति विभाग ने हाल ही में वीर चक्र शहीद श्याम सिंह भिखटा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेरवा में बहुमुखी प्रतिभा के धनी पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती मनाई। इस जिला स्तरीय समारोह का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महान विभूतियों के समाज में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करना और वर्तमान तथा आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाए पथ पर चलने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को विभागीय गतिविधियों से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में आयोजित भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता और बाल कवि सम्मेलन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्ग) में अनुवेषा ने प्रथम, तेजस ने द्वितीय और मोहिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कनिष्ठ वर्ग में पिंजल ने प्रथम और निशु ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कविता वाचन प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्ग) में रूबल ने प्रथम, दिव्यांश ने द्वितीय और गीतांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कनिष्ठ वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पौड़िया की गुंजन ने प्रथम, सौम्य ने द्वितीय और दक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भाजपा नेता सिर्फ झूठ बोलने में माहिर: ब्राक्टा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल डोडरा क्वार में स्वास्थ्य विभाग में उपमंडलीय अधिकारी का पद सृर्जित हो गया है। वहां पर काफी समय से उपमंडलीय अधिकारी का पद खाली चल रहा था, लेकिन अब पद सृजित होने से स्थानीय प्रशासन व आम लोगों को सुविधा मिलेगी। वहीं नागरिक अस्पताल रोहड़ू में भी हड्डी रोग विशेषज्ञ के पद पर पुनः विशेषज्ञ चिकित्सक के आदेश हो गए हैं। अस्पताल में अब सभी रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हो गए हैं। इन अहम पदों को भरने से पता चलता है कि सीएम सुक्खू रोहड़ू के विकास के प्रति कितने गंभीर है। यह बात विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने जारी बयान में कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सूक्खू का धन्यवाद करते हुए बताया कि नागरिक अस्पताल रोहड़ू लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही विधायक ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा नेता सिर्फ झूठ बोलने में माहिर हैं। भाजपा के नेता लोगों को झूठे आंकड़े पेश कर यहां के लोगों को गुमराह करने में माहिर हैं। विधायक ब्राक्टा ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है।

### छात्रों को दिए करियर काउंसिलिंग के टिप्स

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौपाल के प्रधानाचार्य हरी शर्मा ने एसएमसी से मिलकर आईआईएम सिरमौर के छात्रों व फेकल्टी सदस्यों को विद्यालय के छात्रों की करियर काउंसिलिंग के लिए विद्यालय में आने का न्योता दिया है। इसी कड़ी में आईआईएम एमबीए की छात्रा कोमालिका व छात्र विवेक ने विद्यालय के छात्रों व अध्यापकों के साथ चर्चा कर करियर काउंसिलिंग के टिप्स दिए। प्रधानाचार्य हरी शर्मा ने जारी बयान में कहा कि आने वाले समय में आईआईएम सिरमौर के प्रोफेसर व अधिकारी भी विद्यालय के छात्रों की काउंसिलिंग के लिए विद्यालय में आएंगे तथा विद्यालय के छात्र भी एक्सपोज़र विजिट आईआईएम सिरमौर जाएंगे।

### बिलासपुर क्रिकेट अकादमी के लिए ट्रायल 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वावधान में चल रही बिलासपुर क्रिकेट अकादमी के लिए ट्रायल 12 जुलाई को होंगे। बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि पहले यह ट्रायल 29 जून को रखे गए थे, लेकिन बारिश होने के कारण ट्रायल स्थगित कर दिए गए। इन ट्रायल के माध्यम से बिलासपुर अकेडमी में कुल सौ सीटें भरी जाएंगी। जिसमें लड़कों और लड़कियों के लिए आयु सीमा दस से तेरह वर्ष रखी गई है। लड़कों में 12 सीटें आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए आरक्षित हैं, जबकि बीस सीटें लड़कियों के लिए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म 11 जुलाई तक लुहणू क्रिकेट मैदान में उपलब्ध होंगे।

### लंगर सेवा का शुभारंभ 25 से : पवन कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जय सिद्ध बाबा बालक नाथ लंगर कमेटी तलाई समस्त इलाकावासियों के सहयोग से 25 जुलाई से 1 अगस्त तक श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन करेगी। बैठक दौरान कमेटी प्रवक्ता पवन कौशल ने कहा कि अगर किसी ने भंडारे के लिए खाद्य सामग्री दान देना हो, तो समय पर कमेटी से संपर्क सुनिश्चित करें। वहीं, खाद्य सामग्री दान स्वच्छ व साफ-सुथरा उपलब्ध करवाएं, ताकि स्वच्छता का भी पूर्ण ध्यान भंडारे के कार्यक्रम दौरान रखा जा सके।

### डीसी और एसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक बिलासपुर से मिला तथा उन्हें ज्ञापन सौंप कर न्याय की मांग की। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के महासचिव नंद लाल आचार्य ने बताया कि बिलासपुर में हुए एट्रोसिटी मामलों में उचित कार्रवाई न होने को लेकर बुधवार को जिला के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि जिला के श्री नयना देवी जी क्षेत्र के सुन्नण गांव में रास्ते का मामला, कोठी गांव पंचायत बैहना जट्टां, तल्याणा में गंबरो देवी पत्नी भगतू राम व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी लखनपुर में सरोज कुमारी द्वारा दर्ज करवाए गए एट्रोसिटी मामलों में कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे दूसरे पक्षों के हौंसले और मजबूत हो रहे हैं।

# सांसद कंगना रनौत पर बात करना समय बर्बाद करना : जगत सिंह नेगी

## झांसी की रानी पर तंज और आपदा पर तीखी बहस, अपनी सांसद निधि से जारी करें 5 करोड़

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल की राजनीति में बयानबाजी का दौर तेज है, खासकर जब बात आपदा और राहत कार्यों की हो। ताजा जुबानी हमला कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंडी से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत पर बोला है। नेगी ने कंगना को उनकी 'रील लाइफ' और 'रियल लाइफ' में अंतर समझाया।



राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कंगना रनौत पर सीधे हमला करते हुए कहा कि रील लाइफ में झांसी की रानी बनने और असल जिंदगी में आपदा के समय काम करने में बहुत फर्क है। नेगी ने जोर दिया कि कंगना अब एक चुनी हुई सांसद हैं और ऐसे समय में उन्हें स्वयं ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचना चाहिए, बुलाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कंगना पर बात करना समय बर्बाद करना है। नेगी ने कंगना के पुराने बयान पर भी तंज कसा, जिसमें उन्होंने 2014 में 'आजादी मिलने' की बात कही थी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कंगना सांसद बन गई हैं और चुनाव के समय बड़ी-बड़ी बातें करती थीं, तो अब वे संसद के अंदर हिमाचल की आपदा राहत के लिए आवाज क्यों नहीं उठातीं?

मंत्री नेगी ने केंद्र सरकार द्वारा आपदा पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि पर भी सवाल उठाए और कंगना से इस मुद्दे पर बोलने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मकान गिरने पर केंद्र सरकार केवल डेढ़ लाख रुपये देती है व सड़क बहने पर प्रति किलोमीटर 1 लाख 25 हजार रुपए। नेगी ने पूछा कि कंगना इन राशियों को बढ़ाने के लिए संसद में बात क्यों नहीं करतीं? उन्होंने कंगना से अपने 5 करोड़ रुपए के सांसद निधि को भी सरकार को देने का आग्रह किया, ताकि सड़कों की बहाली और मरम्मत का काम किया जा सके।

### डिजाइनर सूट पहनकर जा रहे भाजपा नेता

**भाजपा** नेताओं पर पलटवार करते हुए जगत सिंह नेगी ने तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में डिजाइनर सूट पहनकर जा रहे हैं और केवल बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कुछ नहीं कर रहे। नेगी ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्हें जंजैहली तक पहुंचने में आठ दिन लग गए।

### तेज गति से चल रहा आपदा राहत अभियान

**नेगी** ने प्रदेश में आपदा की स्थिति का ब्यौरा देते हुए बताया कि 202 सड़कें अवरुद्ध हैं, 217 बिजली ट्रांसफार्मर बंद हैं, और 143 पेयजल योजनाएं भी ठप हैं। उन्होंने बताया कि 1,200 से अधिक मकानों को आंशिक या पूर्ण रूप से नुकसान पहुंचा है, और मंडी में 20 लोगों की दुखद मौत हो चुकी है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि आपदा राहत अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। बंद पड़े रास्तों को प्राथमिकता से खोला जा रहा है।

# रोहड़ू में दुकानदार पर युवक ने किया जानलेवा हमला

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**सिगरेट लाइटर के रेट को लेकर हुई बहसबाजी मारपीट तक पहुंची**

**रोहड़ू।** रोहड़ू बाजार में अखबार की बिक्री करने वाले दुकानदार पर एक युवक ने जानलेवा हमला किया है। मामला बीते 6 जुलाई का है और इस जानलेवा हमले में बूरी तरह चोटिल हुए दुकानदार एवं अखबार विक्रेता तिलक प्रसाद ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रोहड़ू पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी शिकायत में दुकानदार ने बताया कि बीते 6 जुलाई को शाम करीब साढ़े चार बजे जब वह अपनी दुकान पर था तो दुकान में साहिल निवासी गांव शलान आया। युवक उससे सिगरेट लाइटर मांगने लगा। साहिल ने उससे रेट पुछा व उसने कहा कि लाइटर 20 रुपए का है। इस पर वह कहने लगा कि जब इसका रेट 15 रुपए है तो तू 20 रुपए का क्यों दे रहा है। इसी बात पर तिलक प्रसाद व साहिल के बीच बहसबाजी हुई और साहिल ने तिलक प्रसाद पर हाथ व लात घूसों की बरसात कर दी। तिलक प्रसाद ने बताया कि दुकान के बाहर मां और बलवान था। उन्होंने उसे आकर साहिल के चंगुल से छुड़ाया। उसने कहा कि मारपीट के बाद जब वह साहिल के खिलाफ शिकायत करने थाने जाने लगा तो साहिल ने उसका रास्ता रोक कर अपने हाथ में पहने हुए कड़े से उसके सिर पर प्रहार किया। तिलक प्रसाद ने कहा कि इस जानलेवा हमले में उसके सिर, छाती व शरीर में गहरी चोटें आई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने तिलक प्रसाद की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# सीटू से संबंधित यूनियनों ने रामपुर में बोला हल्ला



रामपुर बाजार में मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन में भाग लेते सीटू से संबंधित कार्यकर्ता और अन्य लोग।

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** सीटू से संबंधित यूनियन और हिमाचल किसान सभा ने केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर चार लेबर कोड के विरोध में आम हड़ताल की। इस अवसर पर रामपुर बाजार में रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया।

हड़ताल में हिमाचल किसान सभा राज्य महासचिव राकेश सिंघा, सीटू जिला शिमला सचिव अमित, नीलदत्त, किसान सभा लूहरी अध्यक्षा कृष्णा राणा, 1500 मेगावाट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरदास, सचिव तिलक, 412 मेगावाट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद, महासचिव तिलक, कोषाध्यक्ष संजीव, लूहरी हाइड्रो वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राजपाल भंडारी, कोषाध्यक्ष, 210 मेगावाट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष मंजीत, कोषाध्यक्ष विक्रम, नगर परिषद वर्कर्स यूनियन से देवेंदर, फूलवती, मंजू , खनेरी हॉस्पिटल वर्कर्स यूनियन से आशा, सुनामणि, अडानी एग्री फ्रेश वर्कर्स यूनियन से अध्यक्ष सुनील जिष्टू, महासचिव सुनील कुमार, त्रिशूल सिक्योरिटी से अध्यक्ष देवेंद्र, एसटीपी वर्कर्स यूनियन से अध्यक्ष सुरेश, महासचिव सूरज, मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव राधा, मीना, कौशल्या, आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन से शालू, सोनिया निर्माण मजदूर यूनियन के जिला सचिव परमिंदर सहित सैकड़ों मजदूर शामिल रहे।

इनमें न केवल मजदूर वर्ग की मांगें शामिल हैं, बल्कि मेहनतकश लोगों के सभी वर्गों की मांगें भी शामिल हैं, जिनमें एमएसपी, शहरी क्षेत्रों में मनरेगा का प्रभावी कार्यान्वयन और विस्तार, रोजगार, महगाई पर अंकुश, निजीकरण पर रोक और हमारे देश की संपत्ति और प्राकृतिक संसाधनों को बड़े निजी घरेलू और विदेशी कॉरपोरेट्स को सौंपना शामिल है। वास्तव में यह हड़ताल भारत में नवउदारवादी हमले के खिलाफ एक वर्गीय और जन आंदोलन है।

# सुन्नी में केंद्र सरकार के खिलाफ गरजे ट्रेड यूनियन के सदस्य

## मजदूर विरोधी लेबर कोड के विरोध में किया प्रदर्शन

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान

**सुन्नी।** केंद्र सरकार द्वारा मजदूर विरोधी चार लेबर कोड के जरिए मजदूरों पर गुलामी थोपने व बंधुआ मजदूरी कायम करने के खिलाफ, 26 हजार न्यूनतम वेतन, योजना कर्मियों, आउटसोर्स, ठेका प्रथा, मल्टी टास्क, टेंपररी, कैजुअल, ट्रेनी की जगह नियमित रोजगार देने, मनरेगा बजट में बढ़ोतरी, मनरेगा मजदूरों हेतु न्यूनतम वेतन लागू करने, श्रमिक कल्याण बोर्ड के आर्थिक लाभ सुनिश्चित करने आदि मांगों को लेकर सभी ट्रेड यूनियन के संयुक्त देशव्यापी हड़ताल के आह्वान पर बुधवार को सैकड़ों मजदूर सुन्नी की सड़कों पर उतरा। इस दौरान क्षेत्र के किसानों ने भी मजदूरों के समर्थन तथा भूमिहीनों को जमीन देने, घरों पर तालाबंदी, जमीन पर बाड़बंदी, जमीन से बेदखली रोकने आदि मांगों को लेकर इन प्रदर्शनों में भाग लिया।




सुन्नी में सीटू के बैनर तले केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते ट्रेड यूनियन के सदस्य।

इस प्रदर्शन में सीटू जिला अध्यक्ष कुलदीप सिह,बालक राम, खिमी भण्डारी, ओमप्रकाश, पुष्पा शर्मा, प्रेम, जै किशन, गीता, जयवंती, मोहिनी, लता, प्रेम प्रकाश, हेम राज, खुशी राम ने केंद्र सरकार को चेताया कि अगर लेबर कोड तुरंत निरस्त न किए तो मोदी सरकार को भारी नुकसान झेलने के लिए मानसिक तौर पर तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेबर कोड लागू होने से सत्तर प्रतिशत उद्योग व 74 प्रतिशत मजदूर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे। हड़ताल करने पर मजदूरों को कड़ी सजाओं व जुर्मानों का प्रावधान किया गया है। पक्के किस्म के रोजगार के बजाए ठेका प्रथा व फिक्स टर्म रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। काम के घंटे आठ के बजाए बारह घंटे करने से बंधुआ मजदूरी स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, मिड-डे मील व आशा कर्मियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने तथा ग्रेच्युटी लागू करने, मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए घोषित करने की मांग की।

### आपदा से जनता बेहाल और नेता बयानबाजी में मशगूल : हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश सह संयोजक हीरापाल सिंह ने प्रदेश में जारी राजनीतिक बयानबाजी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश की जनता इस समय प्राकृतिक आपदा से जूझ रही है,



लेकिन हमारे चुने हुए प्रतिनिधि जमीनी राहत कार्यों की बजाय मंचों पर बयान देने और एक-दूसरे को नीचा दिखाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि मंडी, करसोग, गोहर और अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लोग अपने घर, जमीन और परिजनों को खो चुके हैं, वहीं नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप की होड़ लगी है। उन्होंने कहा कि आपदा किसी एक दल की नहीं, पूरे समाज की त्रासदी है। ऐसे समय में नेताओं को एक-दूसरे पर टिप्पणी करने की बजाय अपने प्रभाव क्षेत्र में संसाधन जुटाने, जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने और प्रशासन को सहयोग देने में लगना चाहिए।

# बिलासपुर में मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपे आपदा राहत के चेक

## सीएम बोले- लोगों का योगदान सराहनीय, यह संवेदनशीलता हिमाचल की असली ताकत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर** में बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत के चेक सौंपे। मुख्यमंत्री मंडी जिले के दौरे पर जा रहे थे तो जिले के मंडी भराड़ी क्षेत्र में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, हिमुडा बोर्ड के निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उनसे भेंट की।

मंत्री धर्माणी ने मंडी में आई आपदा के प्रभावितों की सहायता के लिए जिले के लोगों, सामाजिक संस्थाओं और विभिन्न संगठनों की ओर से एकत्र की गई सहयोग राशि के चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में सौंपे।

मुख्यमंत्री ने इस मानवीय पहल के लिए बिलासपुर की जनता और संस्थाओं का हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में बिलासपुरवासियों ने जो संवेदनशीलता और सहयोग भावना दिखाई है, वह हिमाचल की असली ताकत है। आपका यह योगदान न केवल पीड़ितों को राहत देगा, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना का उदाहरण भी स्थापित करेगा। धर्माणी ने कहा कि मंडी जिले के थुनाग, गोहर और करसोग उपमंडलों में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने जान-माल को भारी नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में बिलासपुर के लोगों ने संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए सहायता के लिए हाथ बढ़ाए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आगे आएं और इस संकट की घड़ी में अधिक से अधिक योगदान देकर आपदा पीड़ितों की सहायता में भागीदार बनें।



मुख्यमंत्री को बिलासपुर वासियों की ओर से चेक सौंपते मंत्री राजेश धर्माणी।

### गेहड़वीं स्कूल में फायर सेफ्टी की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य रेडक्रॉस एवं जिला रेडक्रॉस शाखा बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस यूनिट के 55 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों को खोज एवं बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू), सीपीआर, फायर सेफ्टी और रेडक्रॉस के सिद्धांतों पर विस्तृत जानकारी दी गई। रेडक्रॉस सोसायटी जिला बिलासपुर के सचिव अमित कुमार ने स्वयंसेवकों को रेडक्रॉस के इतिहास, उद्देश्यों एवं समाज में उसकी भूमिका से अवगत करवाया गया।

### छात्रों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुड़खर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने की। प्रधानाचार्य ने छात्रों से कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो व्यक्ति के शरीर, मन और भविष्य-तीनों को भीतर से खोखला कर देता है। इससे दूर रहना ही सच्चा साहस है। जो युवा नशे से दूर रहते हैं, वही अपने जीवन में कुछ बड़ा हासिल करते हैं। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने पोस्टर, नारे और भाषणों के माध्यम से भी नशा उन्मूलन का संदेश फैलाया गया।

### साफ-सफाई कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के उपकोष कार्यालय स्वारघाट, झंडूता में सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से एक वर्ष की अवधि के लिए आउटसोर्स आधार पर दैनिक सफाई कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। यह कार्य प्रति दिन तीन घंटे की अवधि के लिए प्रति घंटा दर पर आवंटित किया जाएगा। जिला कोषाधिकारी बिलासपुर ने बताया कि इस कार्य के लिए इच्छुक व्यक्ति, एजेंसियां अथवा फर्म दिनांक 10 जुलाई तक प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अपनी मोहरबंद निविदाएं जिला कोष कार्यालय बिलासपुर की स्थापना शाखा में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 11 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे जिला कोषाधिकारी कार्यालय में खोली जाएंगी और न्यूनतम दर देने वाले बोलीदाता को यह कार्य सौंपा जाएगा।

### पूर्व पटवारी एवं कानूनगो से आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर के अधीनस्थ राजस्व विभाग में रिक्त चल रहे पटवारी एवं कानूनगो पदों को अनुबंध आधार पर पुनः नियुक्ति के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों सहित 23 जुलाई तक उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर में जमा करवाएं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त या अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशल वेबसाइट http://hpbilaspur.nic.in पर विजिट करें।

### दसलेहड़ा पंचायत में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दसलेहड़ा पंचायत में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे एक्स-रे जांच, विभिन्न टेस्ट भी किए गए, जिसमें करीब 80 ग्रामीणों की एक्स-रे जांच की गई। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान के उद्देश्य से की गई। पंचायत उपप्रधान अजय शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों ने शिविर की सुविधा का लाभ उठाया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

### पंडित चंद्रधर गुलेरी की जयंती पर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय चंद्रधर शर्मा गुलेरी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की, जबकि मंच संचालन का दायित्व साहित्य अनुरागी इंद्र सिंह चंदेल ने आत्मीयता से निभाया। प्रथम सत्र में पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी के साहित्यिक जीवन और कृतित्व पर विचार प्रस्तुत किए गए। साहित्यकार रविंदर भट्टा और नरैणू राम हितैषी ने अपने पत्रवाचन के माध्यम से गुलेरी की रचनात्मक विरासत को स्मरणीय बनाया। इस पर हुई परिचर्चा में उपस्थित साहित्यप्रेमियों ने गुलेरी के लेखन में निहित संवेदना, संस्कृति और मानवीय रिश्तों की गहराई को सराहा। दूसरे सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन साहित्य का जीवंत रंगमंच बन गया। यहां शब्दों ने दर्द को सहलाया, उम्मीद को आकार दिया और समाज के सवालों को स्वर।

### पंचायतों में बीपीएल चयन प्रक्रिया जनविरोधी : मुकेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिले के झंडूता क्षेत्र में इन दिनों ग्राम पंचायतों में नई बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) सूची के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र में विरोध की आवाजें तेज हो गई हैं। उप प्रधान मुकेश कुमार ने चयन प्रक्रिया में अपनाए जा रहे जटिल और जनविरोधी दिशानिर्देशों पर कड़ा ऐतराज जताया है और सरकार से इन नियमों को शीघ्र वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दिशा-निर्देश इतने कठिन हैं कि वास्तव में जरूरतमंद और गरीब लोग भी सूची से बाहर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से न सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रभावित हो रहा है, बल्कि आईआरडीपी के अंतर्गत आने वाले बच्चों के भविष्य पर भी असर पड़ रहा है। सरकार से आग्रह किया कि वह इस विषय पर पुनर्विचार करे और पहले की तरह सरल और पारदर्शी प्रक्रिया को बहाल करे।

# आपदा पीड़ितों को भेजी बर्तनों से भरी जीप

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**मंडी** जिले के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए घुमारवीं भाजपा परिवार ने बर्तनों से भरी एक जीप पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की अध्यक्षता में रवाना की। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पीड़ितों की सहायता करना हमारा सामाजिक और मानवीय कर्तव्य है।

घुमारवीं भाजपा परिवार के इस पुनीत कार्य में अनेक स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों ने सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।




आपदा पीड़ितों के लिए बर्तनों की जीप को रवाना करते पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

### एसआईवीटी संस्थान ने आपदा प्रभावितों को भेजे 150 रसोई गैस चूल्हे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शिवम इंस्टिट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर यानी एसआईवीटी की ओर से मंडी की सिराज वैली में आई आपदा में बेघर हुए परिवारों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। बुधवार को एसआईवीटी द्वारा 150 रसोई गैस चूल्हे, पाइप तथा रेगुलेटर भेजे गए हैं। इस पुनीत कार्य को लेकर आयोजित सादे कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा ने अपने हाथों से बाकायदा इस वाहन को तिरंगा झंडा लहरा कर रवाना किया। डॉ. सतीश शर्मा ने कहा कि आपदा में प्रभावितों की मदद करने के लिए एसआईवीटी स्टाफ, सोसायटी सदस्य और बच्चे भी बतौर स्वयंसेवी सहयोग कर रहे हैं। थुनाग के मिनी सचिवालय में लगाए गए लंगर में भी एसआईवीटी के वॉलंटियर सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा राशन, वस्त्र और अन्य सामग्री की रसद वहां तक पहुंचाने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### ग्रामीण बोले- त्रिलोक जम्वाल के विधायक बनने से हो रहा चहुंमुखी विकास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सीहड़ा पंचायत के लोगों ने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर पूर्व कांग्रेस विधायक के समर्थकों पर निशाना साधा है। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ लोग सीहड़ा में हुए जिन विकास कार्यों के लिए पूर्व विधायक की पीठ थपथपा रहे हैं, उनका श्रेय मौजूदा विधायक त्रिलोक जम्वाल को जाता है। इन कार्यों में पूर्व विधायक का फूटी कौड़ी का भी योगदान नहीं है। पांच वर्ष तक विधायक रहते हुए उन्होंने जितना पैसा सीहड़ा पंचायत को दिलवाया था, उससे कई गुना अधिक त्रिलोक जम्वाल ढाई वर्षों में दे चुके हैं। मां बड़ोली देवी जी ग्राम विकास समिति सीहड़ा के अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, चमारूराम, रूपलाल वर्मा, प्रताप ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, रामानंद शर्मा, रूपलाल वर्मा व कांशीराम आदि ने कहा कि त्रिलोक जम्वाल के विधायक बनने के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र का एक समान चहुंमुखी विकास हो रहा है। सीहड़ा पंचायत भी इससे अछूती नहीं है। हालांकि, कांग्रेस सरकार भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों से सौतेला व्यवहार कर रही है, लेकिन इसके बावजूद त्रिलोक जम्वाल अपने प्रयासों से हर पंचायत के विकास में कोई कमी नहीं रख रहे हैं।

**कांग्रेस सरकार कर रही भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों से सौतेला व्यवहार**

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा उप निदेशक ने किया बालू स्कूल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा उप निदेशक कमलेश ठाकुर ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला बालू का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी निरीक्षण घुंघरू राम भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय में पहली से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों का शैक्षिक मूल्यांकन किया। बच्चों से उनकी पाठ्यपुस्तक से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों ने प्रश्नों के उत्तर तत्परता के साथ दिये। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सलोनी वर्मा ने बताया कि इस विद्यालय में अधिकतर संख्या प्रवासी समुदाय के बच्चों की है जिस कारण कई बच्चे विद्यालय में नियमित रूप से नहीं आते हैं जो कि एक गंभीर समस्या है। इस संबंध में अभिभावकों को भी कई बार कहा गया है लेकिन कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा। शिक्षा उप निदेशक कमलेश ठाकुर ने बताया कि विद्यालयों में पांचवी व आठवीं कक्षा में कोई भी बच्चा यदि कोई बच्चा किसी कारणवश पास नहीं हो पता है तो उसके लिए रिमेडियल क्लासेस की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जानी चाहिए।

### नवोदय में प्रवेश के लिए 29 तक करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में अपने बच्चों को कक्षा 6 में प्रवेश दिलाने के इच्छुक अभिभावक प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जेएनवीसेट-2026 के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण 29 जुलाई तक समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। पंजीकरण एवं परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### बीएलओ के लिए लगी प्रशिक्षण कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आगामी चुनावों की तैयारियों के दृष्टिगत बचत भवन चंबा में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय बूथ लेवल अधिकारियों और बूथ लेवल पर्यवेक्षक के लिए पहले दिन की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रियांशु खाती ने की। इस दौरान उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों और बूथ लेवल पर्यवेक्षकों को बूथ स्तर पर निष्पक्ष एवं सुचारू चुनाव के अतिरिक्त चुनाव संबंधी सर्वेक्षण तथा मतदान के विषय में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यशाला में बूथ लेवल अधिकारियों और बूथ लेवल पर्यवेक्षकों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी पहचान पत्र भी वितरित किये गये। इस अवसर पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व तहसीलदार चंबा दीक्षित राणा, मास्टर ट्रेनर नरेश ठाकुर, बूथ लेवल अधिकारी तथा बूथ लेवल पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### पीपल, शहतूत व अर्जुन के 100 पौधे रोपे

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, बकलोह।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गगाहर के साथ लगते रकबे में पीपल , शहतूत, शीशम, अर्जुन आदि प्रजातियों के 100 पौधे रोपे। इस दौरान गगाहर स्कूल के 60 बच्चों, वन मंडल चुवाड़ी व वन परिक्षेत्र ब्लॉक अधिकारी कुलदीप, वन संजय और वनमित्र व अन्य कर्मचारियों उपस्थिति में पौधरोपण किया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक अशोक कुमार, सुरेंद्र बच्चों के साथ रहे। वन विभाग अधिकारी कुलदीप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है और जितना यह स्वच्छ रहेगा उतना ही हम स्वस्थ रहेंगे। अंत में उन्होंने सबको धन्यवाद दिया तथा बच्चों को जलपान भी करवाया गया।

### बरसात में बिजली विभाग के खंभों से रहें दूर

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर ने बनीखेत में सभी दकानदारों और मोहल्ला निवासियों कहा कि बरसात के मौसम में बिजली विभाग के खंभों से लटक रही तारों से बरसात के मौसम में थोड़ा दूरी बनाए रखें। बनीखेत बस स्टैंड में यह बिजली की तारे खुली किसी दुर्घटना को न्योता दे रही है। बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता को सूचित कर दिया गया है उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्दी इस बिखरी हुई तारों को ठीक कर दिया जाएगा ताकि किसी प्रकार का भी खतरा न रहे। जब भी बारिश होती है तो बिजली के खंभों से चिंगारियां निकलती हैं। यह बिजली का खंभा बनीखेत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत के साथ लगा हुआ है। जहां पर विद्यार्थी इस खंभे के पास से होकर गुजरते हैं। बस स्टैंड में स्थानीय लोगों ने पहले भी इन लाइनों को ठीक करने के लिए कहा है, लेकिन कर्मचारियों द्वारा थोड़ा सा इसको ठीक करके फिर वैसे ही तारों को खुली छोड़ देते हैं, जिससे कि हर वक्त दुर्घटना का डर रहता है।

### नई-नई फसलों के बारे में दी जाए जानकारी

**अनंत ज्ञान, तीसा।** सब उद्यान के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए व संरक्षण के लिए एक बैठक की गई। जिसमें विचार विमर्श कर गया कि कैसे अपने स्थानीय लोगों व बागवानों को नए-नए पौधों नई-नई फसलों के बारे में जानकारी दी जाए। खासकर कैसे सब की गुणवत्ता बढ़ाई जाए। को-ऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष पूर्व में रहे आईएएस अधिकारी जेसी शर्मा की अगुवाई में यह सारी बैठक बुलाई गई। इस दौरान नए पौधों फूलों व सेब संरक्षण के बारे में भी बात की गई।

### रिद्धम ने शूटिंग चैंपियनशिप में जीते दो पदक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डीएवी चंबा के होनहार छात्र रिद्धम ने 1 से 6 जुलाई तक देहरादून में आयोजित प्री-नेशनल ओपन शूटिंग चैंपियनशिप की युवा श्रेणी में दमदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत (सिल्वर) और एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक जीतकर चंबा ज़िले, अपने विद्यालय डीएवी चंबा और राइफल एसोसिएशन चंबा का नाम पूरे देश में रोशन किया है। यह प्रतियोगिता देशभर से आए उत्कृष्ट निशानेबाज़ों की प्रतिभा का मंच थी, जिसमें रिद्धम ने सटीक निशानेबाज़ी, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं राइफल एसोसिएशन चंबा ने रिद्धम को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। रिद्धम की इस उपलब्धि ने न केवल डीएवी चंबा की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है, बल्कि यह ज़िले के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।

# मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

## सीटू की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को मिला समर्थन, जिला महासचिव सुदेश की अध्यक्षता में बोला हल्ला

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**


सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर।

**चंबा।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आयोजित आम हड़ताल को चंबा में जबरदस्त जनसमर्थन मिला। सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस आंदोलन में सीटू से संबद्ध विभिन्न यूनियनों के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और जिलेभर में सरकार की मज़दूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की।

प्रदर्शन में चमेरा प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन-1, 2, 3, बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन, कुठेड़ प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन, आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन, 108-102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन, रेहड़ी-फड़ी यूनियन,ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन सहित अन्य यूनियनों के सदस्य शामिल रहे। विशाल रैली के बाद प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त कार्यालय चंबा के बाहर लगभग तीन घंटे तक धरना दिया।

यूनियन नेता विपिन शर्मा (सीटू जिला कोषाध्यक्ष), अयूब खान, धर्मचंद, योगराज, जीवन शर्मा, संजय कुमार, चंपा देवी, विपिन कुमार, रीझू राम, सुनील कुमार, और मनोज टंडन ने केंद्र सरकार की मजदूर-विरोधी और निजीकरण की नीतियों की कड़ी आलोचना की।

नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कॉरपोरेट घरानों के इशारे पर काम कर रही है और लेबर कोड जैसे कानून मजदूरों के हकों को छीनने का माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने मांग की कि ये कोड तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाएं।

सुदेश ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार मजदूरों की इन मांगों को गंभीरता से नहीं लेती, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

उधर, तीसा में सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार और चुवाड़ी में रेखा टंडन व मीना देवी के नेतृत्व में भी जोरदार प्रदर्शन किए गए, जिसमें स्थानीय यूनियनों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश का मेहनतकश वर्ग अब और अन्याय सहने को तैयार नहीं है, और यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की, तो आने वाले दिनों में जनांदोलन और तीव्र होगा।

### ये मांगें रहीं शामिल

* एनएचपीसी वर्कर्स के लिए स्थायी नीति लागू की जाए।
* ठेका प्रणाली समाप्त की जाए और स्थायी रोजगार दिया जाए।
* मिड-डे मील वर्कर्स को न्यूनतम वेतन और सभी प्रकार की छुट्टियां दी जाएं।
* 25 बच्चों की शर्त समाप्त कर मिड-डे मील वर्कर्स की छंटनी रोकी जाए।
* आंगनबाड़ी वर्कर्स को ग्रेच्युटी, रिटायरमेंट लाभ और मोबाइल रिचार्ज भत्ता समय पर मिले।
* आईसीडीएस का निजीकरण रोका जाए और इसके लिए मजबूत नीति लाई जाए।
* युवाओं के लिए रोजगार नीति लागू की जाए और महंगाई पर नियंत्रण किया जाए।
* स्कीम वर्कर्स (आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, आशा) के लिए स्थायी नीति बनाई जाए।

# हुडको ने चंबा जिले को दी अल्ट्रा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**दूरदराज क्षेत्रों में टीबी स्क्रीनिंग पर नियंत्रण के लिए होगा उपयोग: सीएमओ**

**हुडको** द्वारा सीएसआर के तहत आकांक्षी जिला चंबा को एक और अल्ट्रा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन प्रदान की गई है। हुडको संस्था के अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग चंबा को उपलब्ध करवाई गई यह दूसरी मशीन है, जबकि इससे पूर्व दिसंबर 2024 में भी इसी प्रकार की मशीन हुडको द्वारा स्वास्थ्य विभाग चंबा को दी गई थी। इस आधुनिक अल्ट्रा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन का उपयोग जिला चंबा में स्वास्थ्य स्तर को दुरुस्त करने तथा जिला के दूरदराज क्षेत्रों में टीबी की स्क्रीनिंग और नियंत्रण के लिए किया जाएगा।

जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉक्टर विपिन ठाकुर ने बताया कि हुडको द्वारा स्वास्थ्य विभाग को पूर्व में दी गई पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन मशीन द्वारा 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला चंबा के दूरदराज क्षेत्रों के 8512 संवेदनशील लोगों की टीबी के लिए स्क्रीनिंग की गई थी जिसमें 1224 लोगों का एक्सरे असमान्य रहा और 42 नए टीबी के रोगी खोजे गए। डॉ विपिन ठाकुर ने बताया कि इस अतिरिक्त मशीन के आने से जिला चुबा को जल्द ही टीबी संक्रमण का शीघ्र पता लगाने व टीबी की शृंखला को खत्म करने में मदद मिलेगी।

# छतराड़ी स्कूल में प्रधानाचार्य सहित 5 पद खाली

## बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित, अभिभावक चिंतित और लोगों में आक्रोश

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराड़ी में प्राध्यापकों के पद खाली होने के चलते बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। यहां पर प्रधानाचार्य सहित पांच प्राध्यापकों के पद खाली चले हुए हैं। जानकारी के मुताबिक स्कूल में प्रवक्ता इंग्लिश, बायोलॉजी, हिंदी, केमिस्ट्री, अर्थशास्त्र सहित क्लर्क व अधीक्षक का पद पिछले कई समय से खाली चले हुए हैं। विज्ञान संकाय के दो प्रमुख प्रवक्ताओं के पद खाली होने के चलते यहां पर मजबूरी में बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरी जगह जाना पड़ रहा है।

अध्यापकों की कमी के चलते यहां पर अभिभावक भी काफी परेशान है हालांकि स्कूल प्रबंधन समिति व स्थानीय लोगों द्वारा कई बार सरकार व स्थानीय विधायक से इस विषय पर पत्राचार व शिकायत की गई है। लेकिन अभी तक भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। लिहाजा यहां पर जुगाड़ के सहारे ही बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। चंबा के सबसे पुराने स्कूलों में शुमार सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराडी में अध्यापकों की कमी के चलते स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। स्टाफ की कमी के चलते मजबूरी में बच्चे स्कूल छोड़ने पर विवश है। यहां के लोगों के पास इतने अधिक आर्थिक संसाधन भी नहीं है कि वह अपने बच्चों को कहीं बाहर पढाएं। सरकार से बार-बार मांग करने के बाद भी अभी तक यह पद नहीं भरे गए हैं। लिहाजा यहां पर बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

इस विषय पर कार्यकारी प्रधानाचार्य राजेंद्र ने कहा कि स्कूल में काफी प्रवक्ताओं के पद रिक्त चल रहे हैं, जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा है कि वैकेंसी को लेकर सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

### स्कूल में दो अतिरिक्त कमरों का निर्माण जरूरी

**स्कूल** प्रबंधन व एसएमसी का कहना है कि यहां पर दो अतिरिक्त कमरों का निर्माण बहुत ही आवश्यक है। अतिरिक्त कमरों का निर्माण होने के चलते यहां पर बच्चों को सभी प्रकार की सुविधा मुहैया करवाई जा सकती हैं। कमरों के अभाव के कारण यहां पर बच्चों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसएमसी ने सरकार और विभाग से मांग की है कि यहां पर जल्द से जल्द अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाए। स्कूल में बच्चों की अच्छी खासी तादाद होने के चलते कमरों के अभाव के कारण बच्चों को पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

**इस** बारे में कई बार सरकार को अवगत करवा चुके हैं। अध्यापकों की कमी के कारण यहां पर बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। अध्यापकों की कमी के चलते यहां पर मजबूरी में बच्चे पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हैं। सरकार व विभाग जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरे ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके।

**-सुखपाल शर्मा, अध्यक्ष, स्कूल प्रबंधन समिति।**

# गुआं स्कूल में भी कई पद खाली

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं में कुल 224 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य सोनी वासुदेव का कहना है कि स्कूल में पिछले लंबे समय से बहुत से पद खाली चल रहे हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही है। पाठशाला गुआं में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र, प्रवक्ता हिंदी, अंग्रेजी, गणित, इतिहास के प्रवक्ता व सुपरिंटेंडेंट के पद रिक्त चल रहे हैं। अध्यापक न होने से बहुत से बच्चे दूसरे स्कूलों में जाकर पढ़ने को मजबूर हैं। इस पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पूर्ण सिंह का कहना है कि इस बारे में हमने कई बार शिक्षा विभाग व प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिए हैं लेकिन आज तक कुछ भी नहीं हो पाया है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पूर्ण सिंह का कहना है कि किसी भी शिक्षक को विद्यालय प्रबंधन समिति की अनुमति के बिना रिलीव ना किया जाए। पूर्ण सिंह का कहना है कि स्कूल का कला मंच जो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे पाठशाला आने वाले बच्चों को भी खतरा बन चुका है।

# स्नूकर एवं पूल प्रतियोगिता 28 से

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं की शृंखला में जिला स्नूकर एवं पूल एसोसिएशन द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन 28 जुलाई से किया जाएगा। जिला स्नूकर एवं पूल एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जुलाई से शुरू होने वाली स्नूकर तथा प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूल प्रतिस्पर्धा में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के युवाओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जाएगा, जबकि स्नूकर प्रतिस्पर्धा में कोई भी प्रतिभागी आयु बंधन के बिना हिस्सा ले सकता है। संघ के महासचिव डॉ. अनूप शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता मेला आयोजनों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने तथा युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पंजीकरण तथा अधिक जानकारी के लिए ज़िला स्नूकर एवं पूल एसोसिएशन संघ के कार्यालय राजकीय वाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा के समीप या 9805078395 से संपर्क कर सकते हैं।

अनंत Classifieds

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.।**
राम दुलारी पुत्री परस राम निवासी महाल व डा0 बरण्डा, तहसील नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.।
......वादी
वनाम
आम जनता
.....प्रतिवादी (जन्म पंजीकरण)
ईशतहार अखबार वावत आवेदन जन्म तिथी पंजीकरण ग्राम पंचायत बरण्डा तहसील नूरपुर, जिला कॉंगड़ा हि0 प्र0
ईश्तेहार अखबार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया राम दुलारी पुत्री परस राम निवासी महाल व डा. बरण्डा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका जन्म दिनांक 15-12-1964 को ग्राम पंचायत बरण्डा में हुआ था परन्तु उसकी जन्म तिथि 15-12-1964 ग्राम पंचायत बरण्डा के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः उसकी जन्म तिथी को ग्राम पंचायत बरण्डा में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे।
प्रतिवादी आम व खास जनता को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थीया के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में 15 दिन के अंदर दिनांक 24-07-2025 को पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।
आज दिनांक 09-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला काँगड़ा (हि.प्र.)**

**नाम परिवर्तन**
**मैं किशन चंद** पुत्र देवी राम निवासी गांव रूमसू डाकघर नग्गर तहसील व जिला कुल्लू हि. प्र. घोषणा करता हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम कृष्ण चंद गलत दर्ज है। अब मैं आधार कार्ड में अपना सही नाम किशन चंद दर्ज करवाना चाहता हूं। संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**
**मैं, सोमा देवी** पत्नी स्वर्गीय बलदेव सिंह, निवासी गांव व डाकखाना सुल्तानपुर, तहसील एवं जिला सोलन (हि.प्र.) घोषणा करती हूँ कि आधार कार्ड एवं अन्य संबंधित अभिलेख में मेरा नाम सोमा देवी है जोकि सही है जबकि ग्राम पंचायत बनासर के परिवार रजिस्टर में मेरा नाम सोमा देवी के स्थान पर गरीबो देवी दर्ज है। परिवार रजिस्टर में मेरा नाम गरीबो देवी के स्थान पर सोमा देवी दर्ज किया जाए।

# मंगला स्कूल में मिड-डे मील वर्कर की नियुक्ति पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंगला में मिड-डे-मील वर्कर की नियुक्ति को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गांव कुड़नी, डाकघर मंगला की स्थायी निवासी अंजू देवी ने नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए बुधवार को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात की और इस मामले में न्याय की गुहार लगाई।

अंजू देवी ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि उनकी नियुक्ति 10 सितंबर 2020 को मिड-डे मील वर्कर के पद पर हुई थी। उन्होंने लगभग 8 से 9 महीने तक अपनी सेवाएं दीं, लेकिन अप्रैल 2022 में विद्यालय में बच्चों की संख्या कम होने के कारण नियमानुसार उन्हें पद से हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में बच्चों की संख्या 95 हो चुकी है व इस पद पर कार्यरत शीला देवी 30 जून को सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। ऐसे में मिड-डे मील वर्कर की नियुक्ति के लिए 24 जून को इंटरव्यू आयोजित किया गया, जिसमें नियुक्ति प्रक्रिया में कथित तौर पर मिड-डे मील योजना के नियमों की अनदेखी की गई है।

अंजू देवी का कहना है कि पूर्व कार्य अनुभव और पात्रता के आधार पर उन्हें इस पद के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, लेकिन नियमों के विपरीत किसी अन्य को नियुक्त कर दिया गया। उन्होंने उपायुक्त चंबा को सौंपे ज्ञापन में नियुक्ति संबंधी नियमों की प्रतिलिपि व स्कूल द्वारा जारी विज्ञापन की प्रति भी संलग्न की है।

# हरिपुर की हिमानी ने 1000 में से 825 अंक प्राप्त कर हिमाचल में झटका चौथा स्थान



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के गांव हरिपुर की हिमानी ने संस्कृत ऑनर्स में अध्ययन करते हुए 1000 में से 825 अंक प्राप्त कर चंबा जिले में प्रथम स्थान और पूरे हिमाचल प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया। सनातन धर्म संस्कृत कॉलेज चंबा में की छात्र हिमानी आज अनेक युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं। उनके पिता खेप सिंह पेशे से पेंटर हैं और माता सरोज कुमारी एक गृहिणी हैं। परिवार में तीन बहनें हैं। बड़ी बहन स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत हैं और छोटी बहन नर्सिंग की पढ़ाई कर रही हैं। हिमानी ने दसवीं और बारहवीं कक्षा की पढ़ाई सरोल से पूरी की। हिमानी कहती हैं, 'मेरी सफलता का पूरा श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है। अगर उनका सहयोग न मिला होता, तो मैं कभी इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाती। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं।' वर्तमान में हिमानी सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, जम्मू से बीएड कर रही हैं और उनका सपना है कि वह एक दिन प्रोफेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में समाज को दिशा दें।

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP)**
1. Sh. Vikas Chaudhary S/o Surinder kumar Vpo Rajol, Tehsil Shahpur Distt Kangra (HP) 2. Smt. Kamal Preet Kour D/o Marhi po maddi District Jalandhar (PB) at Present Sh. Vikas Chaudhary S/o Surinder Kumar Vpo Rajol, Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP)
......Applicants
V/s
1. General Public
2 Local Registrar, Gram Panchayat Rajol.
Respondents......
**Subject: Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.**
Applicants. Vikas Chaudhary S/o Surinder kumar Vpo Rajol, Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP) and Smt. Kamal Preet Kour D/o Marhi PO Maddi District Jalandhar (PB) has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 16-09-2023 at VPO Rajol Tehsil Shahpur Distt Kangra (HP) as per Hindu rites & customs
Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 10-08-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.
Sd-
Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP)**
1. Sh. Rinku Ram S/o Sansar Chand Village Rulhed Po Boh Sub Tehsil Darini Distt Kangra (HP) 2. Smt. Sakshi Devi D/o Krishan Lal Village Kanol po Salli Sub Teh. Darini Distt. Kangra (HP)
....Applicants
V/s
1. General Public
2. Local Registrar, Gram Panchyat Rulhed.
Respondents..........
**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.**
Sh. Rinku Ram S/o Sansar Chand Village Rulhed Po Boh Sub Tehsil Darini Distt Kangra (HP) and Smt. Sakshi Devi D/o Krishan Lal Village Kanol po Salli Sub Tehsil Darini Distt. Kangra (HP) has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 21-02-2025 at Village Rulhed Po Boh Sub tehsil Darini District Kangra (HP) as per Hindu rites & customs.
Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 25-08-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.
Sd-
Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, Distict Kangra (HP)

### सूडोकु नवताल- 7486

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7485 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# गुज्जर कल्याण सभा चंबा ने तय किए विकास के नए एजेंडे

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत पल्यूर के पूर्व प्रधान और गुज्जर कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसन दीन की अध्यक्षता में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गुज्जर समुदाय के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और आने वाले समय की रणनीति तैयार की गई। गुज्जर कल्याण सभा चंबा लंबे समय से जिले और प्रदेश स्तर पर गुज्जर समाज के हक-हकूक, शिक्षा, जागरूकता और अधिकारों को लेकर कार्यरत है। सभा ने अन्य संगठनों के साथ मिलकर वन अधिकार अधिनियम 2006 को हिमाचल प्रदेश में लागू करवाने में भी सक्रिय भूमिका निभाई है।

### ये रखें हैं एजेंडे

1. वन अधिकार अधिनियम 2006 की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना।
2. आगामी जातीय जनगणना के प्रति समुदाय को जागरूक करना।
3. स्कूल ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा में लाना।
4. खेलों को बढ़ावा देना व युवाओं को सरकारी खेल सुविधाओं से जोड़ना।
5. जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलवाना।
6. समुदाय के हक-हकूक की आवाज को मजबूती से सरकार और प्रशासन तक पहुंचाना।
7. पंचायती राज चुनावों के प्रति समुदाय को जागरूक कर भागीदारी बढ़ाना।
8. सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान और महिला अधिकारों पर जागरूकता।

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 10 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** पूर्णिमा (26:04) **: नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा (29:48), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** इंद्र (21:25), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:53)। **राहुकाल** (14:05-15:51)।

### विशेष दिन

- 10 जुलाई: पूर्णिमा व्रत आज।
- 10 जुलाई: गुरु पूर्णिमा आज।
- 10 जुलाई: गुरु चरण पूजन आज।

**मेष:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**वृष:** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क:** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**सिंह:** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या:** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। निष्ठा से किए कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**वृश्चिक:** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था के लिए जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**मकर:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**कुंभ:** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ हो सकता है।

**मीन:** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनेई**
**विकास खंड रैत, तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत मनेई वर्ष 2025-26 के लिए अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं व सेवाप्रदाताओं से दिनांक 15-07-2025 तक निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति व सेवाएं प्रदान करने के लिए सीलबन्द निविदाएं आमन्त्रित करती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रेत (क्रशर) | प्रति घनफुट |
| 2. | बजरी (क्रशर) | प्रति घनफुट |
| 3. | बोल्डर | प्रति घनफुट |
| 4. | पत्थर | प्रति सैंकड़ा |
| 5. | ईंट | प्रति हजार |
| 6. | शट्रिंग | प्रति वर्गफुट |
| 7. | ढुलाई सिमेंट | प्रति बोरी |
| 8. | साईन बोर्ड (2'×3') | प्रति बोर्ड |
| 9. | साईन बोर्ड (4'×5') | प्रति बोर्ड |

**नोट- आपूर्तिकर्ता व सेवाप्रदाता के पास जी0एस0टी0 नम्बर व चालू खाता होना अनिवार्य है। निविदाएं दिनांक 21-07-2025 को खोली जाएंगी।**
**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मनेई**
**विकास खंड रैत, तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सदुं**
**विकास खंड रैत, तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत सदुं वर्ष 2025-26 के लिए अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं व सेवाप्रदाताओं से दिनांक 15-07-2025 तक निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति व सेवाएं प्रदान करने के लिए सीलबन्द निविदाएं आमन्त्रित करती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रेत (क्रशर) | प्रति घनफुट |
| 2. | बजरी (क्रशर) | प्रति घनफुट |
| 3. | बोल्डर | प्रति घनफुट |
| 4. | पत्थर | प्रति सैंकड़ा |
| 5. | ईंट | प्रति हजार |
| 6. | शट्रिंग | प्रति वर्गफुट |
| 7. | ढुलाई सिमेंट | प्रति बोरी |
| 8. | साईन बोर्ड (2'×3') | प्रति बोर्ड |
| 9. | साईन बोर्ड (4'×5') | प्रति बोर्ड |

**नोट- आपूर्तिकर्ता व सेवाप्रदाता के पास जी0एस0टी0 नम्बर व चालू खाता होना अनिवार्य है। निविदाएं दिनांक 21-07-2025 को खोली जाएंगी।**
**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सदुं**
**विकास खंड रैत, तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत ध्वाल विकास खंड सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
बैठक में अध्यक्ष महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत ध्वाल विकास खण्ड सुन्दर नगर जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु अधिकृत निविदाताओं से मोहर बंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं समाचार पत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दिनांक 17-07-2025 सायं 3:00 बजे तक डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप में पंचायत कार्यालय ध्वाल में पहुंच जानी चाहिए। उसके बाद किसी भी फर्म की निविदा मान्य नहीं होगी। अतः पंचायत की बगानी विशेष बैठक दिनांक 26-07-2025 को निविदायें क्रय समिति व निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदाताओं के पास अपना जीएसटी नं. व खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म का होना अति आवश्यक है। तथा छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक पहुंचानी होगी। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। बिना कारण बताए निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत तथा चयन का अधिकार पंचायत के पास रहेगा। सामग्री की आपूर्ति पूरी तरह से न होने पर निविदा रद्द करने के लिये भी पंचायत स्वतंत्र होगी। पंचायत निम्न सामग्री के लिये निविदा मांग करती है। निविदायें उसी फर्म की स्वीकार की जायेगी जो नीचे लिखित सामग्री/सम्बंधित सामग्री विवरण अनुसार दर को भरेगा तथा जिसका सभी सामग्री का दर योग न्यूनतम आयेगा उसी फर्म को सामग्री सप्लाई हेतु पंचायत द्वारा अधिकृत व सप्लाई आर्डर किया जायेगा। दरों का उल्लेख करते समय टैक्स सहित या अलावा का उल्लेख करना भी आवश्यक है। मनरेगा व अन्य विकास कार्य के सामग्री बिलों का भुगतान कनिष्ठ अभियन्ता व तकनिकी सहायक के मूल्यांकन उपरान्त तथा केन्द्रीय / राज्य से बजट प्राप्त होने पर ही किया जायेगा। साथ में ब्यान हल्फी भी पंचायत कार्यालय में जमा करवाना होगा।
सामग्री विवरण (1) रेत- प्रति घन मीटर (2) बजरी-प्रति घन मीटर (3) रेत क्रशर- प्रति घन मीटर (4) बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर (5) सोलिंग/बोल्डर-प्रति घन मीटर (6) कट स्टोन-प्रति घन मीटर (7) ईंट- प्रति 1000 (8) इंटरलॉक टाईल- प्रति फुट (9) लोहे की ग्रिल व पाईप- प्रति किलो (10) लकड़ी के खिड़कियां/दरवाजे - प्रति फुट (11) दरवाजे व खिड़कियों के पर्दे-प्रति पीस (12) फर्श व दीवार टाईल- प्रति फुट (13) जेसीबी मशीन द्वारा कटान-प्रति घंटा (14) शटरिंग किराए पर- प्रति वर्ग मीटर (15) सीमेंट लोडिंग-अनलोडिंग व ढुलाई-एचपीसीएससी सुंदरनगर से कार्यस्थल तक -प्रति बैग (16) दीवार लेखन व साईन बोर्ड-प्रति सूचना पट्ट (17) मिक्सर मशीन-प्रति घंटा (18) पीवीसी पाईप (पाईप साईज- 2'', 4'', 6'')- प्रति साईज (19) स्टील सरिया-प्रति किलो (20) स्टेशनरी-प्रति आईटम (21) पीवीसी वॉल पैनलिंग-प्रति वर्ग मीटर (22) फर्नीचर कॉन्फ्रेस टेबल, ऑफिस टेबल, रिवालविंग कुर्सी व अन्य कुर्सियां-प्रति आईटम
जिस भी फर्म की निविदा कमेटी द्वारा पास की जायेगी। उन्हें पंचायत में धरोहर/प्रतिभूति राशी के रूप में 50000 रु0 की राशी जमा करवानी होगी। धरोहर राशी जमा न करवाने पर निविदा रदद करने का अधिकार पंचायत के पास होगा, और सप्लाई भी ठीक तरह से व (गुणवक्ता युक्त मटेरियल न देने पर भी निविदा को रद्द करने के लिये पंचायत स्वतंत्र होगी।
**सचिव/प्रधान ग्राम पंचायत ध्वाल विकास खंड सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

‘ **शिक्षा** सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। समय आने पर भूखे रहों, लेकिन अपने बच्चों को पढ़ाओ। –डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# सरकारी होटलों का निजीकरण

हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा पर्यटन पर आधारित है। पहाड़ों की गोद में बसे इस राज्य की सुंदरता, शांत वातावरण, हिमाचली संस्कृति और धार्मिक स्थलों की समृद्ध विरासत न केवल देशभर के पर्यटकों को आकर्षित करती है, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचते हैं। यही कारण है कि पर्यटन राज्य की आर्थिकी की रीढ़ बन चुका है। पर्यटन के माध्यम से प्रतिवर्ष करोड़ों का राजस्व राज्य सरकार को प्राप्त होता है, जिससे न केवल रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, बल्कि सहायक व्यवसायों जैसे होटल, टैक्सी, हस्तशिल्प व स्थानीय खाद्य उद्योग को भी मजबूती मिलती है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में, विशेषकर कोविड महामारी के बाद से राज्य में पर्यटन गतिविधियों को गंभीर झटका लगा है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं ने भी पर्यटन उद्योग को बार-बार पीछे धकेला है।

ऐसे में जब प्रदेश की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो, तब सरकार को नए और व्यावहारिक राजस्व स्रोतों की तलाश करनी ही पड़ती है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने 14 सरकारी होटलों को निजी हाथों में सौंपने का जो निर्णय लिया है, वह एक यथार्थवादी और व्यावहारिक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। इस निर्णय के पीछे मुख्य उद्देश्य इन होटलों के संचालन को पेशेवर और लाभकारी बनाना है। पिछले कुछ वर्षों में इन सरकारी होटलों की वित्तीय हालत ठीक नहीं रही है। कई होटल घाटे में चल रहे थे, स्टाफिंग, रखरखाव और सेवाओं की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। सरकार ने इन होटलों को अपने स्तर पर चलाने की भरसक कोशिश की, लेकिन जब प्रयास व्यर्थ सिद्ध हुए तो एक ठोस निर्णय लिया गया कि इन्हें निजी क्षेत्र को दिया जाए, ताकि ये न केवल बेहतर तरीके से संचालित हों, बल्कि सरकार को भी निश्चित राजस्व प्राप्त हो सके। हालांकि, इस निर्णय पर विपक्ष विशेषकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा का आरोप है कि सरकार राज्य संपत्तियों को बेच रही है और यह प्रदेश के भविष्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। उनकी चिंता इस बात को लेकर भी है कि इससे स्थानीय युवाओं के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और पर्यटन पर सरकारी नियंत्रण कम हो जाएगा।

विपक्ष की चिंता अपनी जगह पर जायज हो सकती है, लेकिन केवल विरोध के लिए विरोध करने की राजनीति व्यर्थ है। यह भी याद रखना चाहिए कि जब भाजपा सत्ता में थी, तब भी इन सरकारी होटलों की माली हालत कोई बेहतर नहीं थी। यदि आज सरकार इन होटलों को निजी हाथों में सौंप रही है तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह जिम्मेदारी से भाग रही है, बल्कि इसका स्पष्ट संकेत है कि सरकार अपने आर्थिक संसाधनों का पुनर्गठन कर रही है। सरकारी ढर्रे पर चलने वाले होटलों की सीमित बजट, नौकरशाही की जटिलताएं और सेवा में व्यावसायिकता की कमी जैसी और भी कई अपनी सीमाएं होती हैं। इसके उलट, निजी क्षेत्र में सेवा, दक्षता और मुनाफे पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यदि यही होटल निजी क्षेत्र की दक्षता और पूंजी के साथ संचालित होंगे तो उनके पुनर्जीवित होने की संभावनाएं कहीं अधिक हैं। हिमाचल प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। राज्य पर पहले से ही भारी कर्ज है और प्राकृतिक आपदाओं ने हालात और बदतर बना दिए हैं। केंद्र से मिलने वाले अनुदान में भी कटौती हुई है।

ऐसे समय में सरकार को हर उस रास्ते पर चलना पड़ेगा, जो राजस्व सृजन की संभावना लेकर आता हो। यदि इन होटलों को निजी हाथों में देकर सरकार को एकमुश्त आय या राजस्व साझेदारी के रूप में नियमित आय मिलती है, तो इसे समझदारीपूर्ण फैसला ही माना जाएगा। सरकार ने इन होटलों को पूरी तरह बेचने का नहीं, बल्कि लीज पर देने का निर्णय लिया है। इसका अर्थ है कि होटल संपत्ति की स्वामित्व अब भी सरकार के पास रहेगा और लीज की शर्तों के अनुसार यदि निर्धारित सेवा, गुणवत्ता और राजस्व अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तो अनुबंध समाप्त भी किया जा सकता है। इससे सरकार की निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था बनी रहेगी।

अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इस निजीकरण प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाए। जिन निजी एजेंसियों को ये होटल दिए जाएं, उनके चयन में गुणवत्ता, अनुभव और क्षेत्रीय रोजगार की प्राथमिकताओं को सर्वोपरि रखा जाए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्थानीय युवाओं को इन होटलों में रोजगार के भरपूर अवसर मिलें और होटल अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी बनाए रखें। यदि यह प्रक्रिया ईमानदारी, पारदर्शिता और दीर्घकालिक सोच के साथ लागू होती है, तो निश्चित रूप से यह कदम प्रदेश की वित्तीय सेहत को मजबूत करेगा। निजी क्षेत्र की दक्षता और सरकार की निगरानी के मेल से पर्यटन क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा, जिससे न केवल होटलों की दशा सुधरेगी, बल्कि हिमाचल पर्यटन को भी एक नई पहचान मिलेगी। परिवर्तन स्वाभाविक रूप से प्रतिरोध को जन्म देता है, लेकिन जब कोई निर्णय राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया हो, तो उसका विरोध केवल राजनीति के चश्मे से नहीं किया जाना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत सरकार में गृहमंत्री

**राजनाथ** सिंह भारतीय जनता पार्टी के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और वर्तमान में भारत के रक्षामंत्री हैं। वह लखनऊ से सांसद हैं। राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में गृहमंत्री रहे हैं। वह 17वीं लोकसभा के मोदी मंत्रिमंडल में रक्षामंत्री नियुक्त हुए हैं। वे पहले भाजपा के अध्यक्ष और भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। प्रारंभ में वे भौतिकी के व्याख्याता थे, पर शीघ्र जनता पार्टी से जुड़ने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपने दीर्घ संबंधों का उपयोग किया, जिसके कारण वे उत्तर प्रदेश में कई पदों पर विराजमान हुए। राजनाथ सिंह का जन्म वाराणसी के चकिया तहसील में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री राम बदन सिंह और माता का नाम श्रीमती गुजराती देवी था। राजनाथ सिंह ने सावित्री सिंह से विवाह किया है। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। दोनों पुत्र राजनीति में सक्रिय हैं। एक साधारण कृषक परिवार में जन्मे राजनाथ सिंह ने आगे चलकर गोरखपुर विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में भौतिक शास्त्र में आचार्य की उपाधि प्राप्त की। वो 13 साल की आयु से (1964 सन से) संघ परिवार से जुड़े हुए हैं। ■



राजनाथ सिंह
जन्म :10 जुलाई, 1951



कविता

## एक लाख की स्कूटी चौदह लाख का नंबर

संजय एम तराणेकर( कवि, लेखक व समीक्षक )

*यह हमीरपुर के संजीव कुमार का शौक,*
*हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग को!*
*'चौदह लाख' का लगाया तगड़ा 'भोग'।*
*'वीआईपी' नंबर के लिए इस शख्स ने,*
*खाली कर दिया है अपना खुद का खजाना!*
*यारों, शौक के आगे नहीं हैं कोई बहाना।*
*इतने में तो एक 'लग्जरी' कार आ जाती,*
*स्कूटी खरीदने से जब मिल रहीं ख्याति!*
*इससे तो भैया खबर भी बनती है जाती।*
*यह आयोजित ऑनलाइन हुई थी नीलामी,*
*आए दोनों ही शख्स भी 'नामी-गिरामी'!*
*साढ़े तेरह व चौदह लाख की लगी बोली,*
*प्रदेश में दोपहिया वाहनों की नंबर प्लेट!*
*सोलन-हमीरपुर के बंदे करते हैं आखेट।*
*आज तक किसी भी नंबर प्लेट के लिए,*
*इतनी बड़ी रकम कभी-भी न मिली थी!*
*राज्य की सरकार की बांछें न खिली थीं।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# राष्ट्र की सैन्य शक्ति के माध्यम से शांति की स्थापना

शक्ति के माध्यम से शांति। यानी सैन्य शक्ति के दम पर शांति कायम करना। आक्रामक नीति का समर्थन करने वाला यह नुक्ता ए नजर तस्दीक करता है कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा व अमन उस देश की ताकतवर सेना तथा हुक्मरानों के मजबूत इरादों पर निर्भर करता है। अमेरिका, रूस व चीन जैसे महाशक्ति देश लंबे वक्त से इसी सिद्धांत के तहत विश्व में अपना दबदबा कायम कर रहे हैं। शक्ति के माध्यम से शांति की कूटनीति को इतिहास में रोमन सम्राट 'हैड्रियन' का सिद्धांत माना जाता है, लेकिन मौजूदा वक्त में अमेरिका व चीन की खतरनाक रणनीति से 'हैड्रियन' का सिद्धांत एक विस्तारवादी नजरिया बनकर छोटे मुल्कों को अपना गुलाम बना रहा है। हैड्रियन के दृष्टिकोण 'शक्ति के माध्यम से शांति' को अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन' ने सन् 1980 के दशक में अमेरिकी सैन्य रणनीति का हिस्सा बना लिया था।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

छोटे से मुल्क 'ताइवान' ने इसी सिद्धांत को अपना राष्ट्रवादी नारा बना लिया है। ताइवान के राष्ट्रपति 'लाई चिंग ते' ने पिछले वर्ष अपना पदभार संभालते ही कहा कि शांति को ताकत पर निर्भर होना चाहिए, लेकिन यदि भारत के प्राचीन गौरवशाली इतिहास पर गौर करें तो शक्ति के माध्यम से शांति के सिद्धांत का उद्गम भी भारत भूमि पर ही हुआ था। अपने शौर्य पराक्रम के बल पर कई राजा शक्ति प्रदर्शन तथा साम्राज्य विस्तार के लिए 'अश्वमेध यज्ञ' का आयोजन करते थे। सूर्यवंशी क्षत्रिय 'श्रीराम' व उनके पूर्वज राजा सगर व राजा दशरथ जैसे महान शासकों के अश्वमेध यज्ञों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। युधिष्ठर तथा समुद्रगुप्त ने भी अश्वमेध यज्ञ किए थे।

अपनी शाही संप्रभुता साबित करने के लिए युधिष्ठर ने राजसूय यज्ञ का आयोजन भी किया था। अश्वमेध यज्ञ तथा राजसूय यज्ञ के सफल अनुष्ठान के बाद ही राजा को चक्रवर्ती सम्राट की उपाधि हासिल होती थी तथा अपने बाहुबल व सैन्य क्षमता का पता चलता था। दरअसल शक्ति के माध्यम से शांति प्राचीनकाल से एक ताकतवर साम्राज्य



का दर्शन था। शक्तिशाली बादशाह छोटे राज्यों को अपनी सल्तनत का हिस्सा बनाकर वहां अपनी राजशाही व्यवस्था लागू कर देते थे। मगर अपनी स्वतंत्रता और आत्मसम्मान को बरकरार रखने के लिए स्वाभिमानी राजा दूसरे राज्य की अधीनता को स्वीकार नहीं करते थे। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में शिक्षित व प्रशिक्षित हुए 'लव और कुश' ने अपने पिता श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ के घोड़े के मस्तक पर लिखी चुनौती को स्वीकार कर लिया तथा उस घोड़े को कैद करके मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को युद्ध के लिए ललकार दिया था।

अनंत ज्ञान

महाभारत युद्ध में सुशर्म चंद वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनके बाद त्रिगर्त राज्य के नरेश सूर्यवर्मा तथा केतुवर्मा ने पांडवों के अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को पकड़ कर अर्जुन को युद्ध के लिए ललकारा था। यदि अतीत के पन्ने खंगाले तो पाटलिपुत्र के सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य भारत के महान पराक्रमी व रणनीतिकार शासक थे। मजबूत सेना तथा कुशल नौकरशाही व्यवस्था से लैस चंद्रगुप्त मौर्य का साम्राज्य बेहद समृद्ध व शक्तिशाली था। चंद्रगुप्त मौर्य को यूनानी लेखकों फिलाकर्स तथा 'एरियन' ने अपने लेखों में सैंड्रोकोट्स तथा ग्रीक और लैटिन इतिहासकारों ने एंड्रोकॉट्स के नाम से लिखा था। पूरे भारत को अपने साम्राज्य के अधीन करने का श्रेय चंद्रगुप्त मौर्य को ही जाता है। इस बात का जिक्र मेगस्थनीज ने अपनी पुस्तक इंडिका में किया था। मेगस्थनीज ने 304 ईसा पूर्व से 299 ईसा पूर्व तक चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में यूनानी राजदूत के रूप सेवाएं दी थी। यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर को शिकस्त देकर चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने साम्राज्य का विस्तार वर्तमान पाकिस्तान व अफगानिस्तान के आगे ईरान तक करके शक्ति के माध्यम से शांति से सिद्धांत की पुख्ता मिसाल कायम की थी। यूनानी इतिहासकार 'प्लूटार्क' ने अपनी किताब 'लाईफ ऑफ अलेक्जेंडर' तथा रोमन लेखक प्लिनी ने अपनी किताब 'नेचुरल हिस्ट्री' में चंद्रगुप्त मौर्य के सैन्य पराक्रम को पूरी तफसील से बयान किया था।

मेवाड़ के शक्तिशाली राजपूत शासक 'बप्पा रावल' ने आठवीं शताब्दी में अरबों के आक्रमण को ध्वस्त करके अपने साम्राज्य का विस्तार अफगानिस्तान से लेकर ईरान तक कर दिया था। पाकिस्तान के 'रावलपिंडी' शहर का नाम बप्पा रावल के नाम पर ही पड़ा है। यदि जम्मू-कश्मीर की डोगरा रियासत के हिमाचली शूरवीर जरनल जोरावर सिंह कहलूरिया के पराक्रम का जिक्र न किया जाए तो शक्ति के माध्यम से शांति के सिद्धांत का मजमून अधूरा रह जाएगा। जोरावर सिंह ने बाल्टिस्तान, स्कर्दू तथा लद्दाख को जीत कर डोगरा सल्तनत का हिस्सा बनाया था। तिब्बत के रूतोग, त्सापारंग, चुरित तथा तकलाकोट जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को फतह करके जोरावर सिंह मानसरोवर इलाके में वीरगति को प्राप्त हुए थे। मगर विडंबना है कि भारत के जम्हूरी निजाम में वोट बैंक की सियासत के चलते हिंदोस्तान के महान योद्धा इतिहास में गुमनाम हो गए।

अलबत्ता सूर्यवंशी श्रीराम व युधिष्ठर के अश्वमेध यज्ञ तथा चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक, विक्रमादित्य, बप्पा रावल, महाराजा छत्रशाल तथा जोरावर सिंह जैसे महान योद्धाओं के साम्राज्य विस्तार का आक्रामक नुक्ता ए नजर विवेचना का विषय है। बहरहाल मौजूदा दौर में अमेरिका तथा चीन जैसे देश छोटे मुल्कों को कर्ज के जाल में फंसा कर उन देशों की सरजमीं पर एयरबेस, बंदरगाहें व सैन्य अड्डे बनाकर जिस प्रकार अपनी ताकत की नुमाइश कर रहे हैं। ये जोर आजमाइश आलमी सतह पर जंगी तनाव तथा सैन्य टकराव का सबब बन चुकी है। नतीजतन कई छोटे मुल्क बर्बाद हो रहे हैं। बड़े मुल्कों की रणनीति व कूटनीति से सामरिक समीकरण बदल रहे हैं। जब पड़ोस में एटमी जखीरे से लैस चीन तथा पाकिस्तान जैसे मुल्क मौजूद हों तो अमन कायम करने का माध्यम केवल ताकतवर सैन्यशक्ति ही है। महाशक्ति राष्ट्र की पहचान केवल शक्तिशाली सेना से ही होती है। ये दौर सैन्य ताकत का है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# गांवों में निर्माण से पहले हो वैज्ञानिक मूल्यांकन

हिमाचल पिछले कई सालों से केवल बारिश की मार नहीं झेल रहा, बल्कि एक चेतावनी से दो-चार हो रहा है। सड़कों का टूटना, खेतों का बह जाना, घरों का ढह जाना—यह सब महज एक आपदा नहीं है।

यह हमारी नीति, हमारी सोच और उस विकास मॉडल का परिणाम है जो लंबे समय तक हिमाचल में अपनाई गई और जो प्रकृति से टकराव करके आगे बढ़ना चाहती है। जलवायु परिवर्तन को समझने वाले अधिकांश विद्वानों का मानना है कि हिमाचल, जो हिमालय की गोद में बसा है, जलवायु परिवर्तन की पहली और सबसे क्रूर मार झेलेगा और हिमाचल जो नाजुक घाटियों, नालों, नाजुक पारिस्थितिकी पर जिसकी बनावट आधारित है, इस संकट के सबसे संवेदनशील केंद्रों में से एक है। यह अब केवल पर्यावरण का नहीं, हम सब के अस्तित्व का सवाल बन चुका है। हमने पिछले कई दशकों में विकास की दौड़ में बहुत बार वैज्ञानिक सोच को दरकिनार किया। सड़कें पहाड़ी क्षेत्र की मूलभूत जरूरत हैं, लेकिन हर एक पहाड़ पर और हर एक घर तक सड़क पहुंचाना और भी घातक हो जाता है। जब वो बिना भू-गर्भीय समझ और जल प्रवाह के हिसाब न बनाई जाएं, तब वही विकास, वही सड़कें बारिश में तबाही का रास्ता बन जाती हैं।



डिंपल शर्मा
धर्मपुर, जिला मंडी

यह संकट सिर्फ 'बाहर से' नहीं आया है—हमने अपनी गलती से इसे आमंत्रित किया है। गांवों में बिना प्लानिंग के रास्ते बनाए गए, खाइयों के किनारे मकान खड़े कर दिए गए, पंचायतों में जो पैसा इन मुद्दों पर लगना चाहिए था वो अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने पर खर्च कर दिया गया। जल्दबाजी में, निजी लाभ की होड़ में



हम सबने मिलकर यह आपदा बोई है। यह केवल प्राकृतिक नहीं, नीतिगत और नैतिक विफलता है। इसलिए आज अगर हम तिरपाल बाटेंगे, राशन बांटेंगे, डंगे बांटेंगे, फोटो खिंचवाएंगे और राहत की बातें करेंगे तो हम जनता को गुमराह कर रहे हैं और न खुद मुश्किल की जड़ की ओर जाना चाहते हैं।

अनंत ज्ञान

जलवायु परिवर्तन के संकट से लड़ने के लिए हमें सबसे पहले विकास की परिभाषा को पुनः गढ़ना होगा। **टिकाऊ विकास :** जहां सड़क हो, तो साथ में वॉटर ड्रेनेज का इंतजाम भी हो, जहां निर्माण हो, तो पहले जमीन और पानी का स्वाभाविक बहाव समझा जाए, जहां विकास का पैमाना वैज्ञानिक हो न कि ठेकेदार और राजनीतिक लोग। प्रदेश की मौजूदा सरकार का 'ग्रीन हिमाचल' का विजन इस बारे में सकारात्मक पहल है-जैसे, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा, सौर ऊर्जा को प्राथमिकता, कार्बन एमिशन को नियंत्रित करना, लेकिन यदि यह पहल समाज की चेतना के बिना चली, तो ये नीतियां भी सिर्फ कागज बनकर रह जाएंगी। इसलिए अगर हमें सच में बदलाव चाहिए, तो हमें 'जलवायु न्याय' की बात को पंचायत से लेकर विधानसभा तक ले जाना होगा। गांवों में होने वाले हर निर्माण से पहले वैज्ञानिक मूल्यांकन हो। "Eco-safe design" को नीति का हिस्सा बनाया जाए। और हर गांव में पौधरोपण और जल-प्रबंधन विकास का अनिवार्य हिस्सा बने, लेकिन बदलाव की सबसे पक्की नींव तब पड़ेगी, जब अगली पीढ़ी इसे अपनी चेतना का हिस्सा मानेगी।

हमें जलवायु और पर्यावरणीय शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्य करना होगा। साथ ही जो युवा कॉलेजों में हैं उनको भी 'डाउन टू अर्थ' और 'फ्रंटलाइन' जैसी पत्रिकाएं पढ़नी चाहिए, 'गांव कनेक्शन' और 'अर्थ फाइल्स' जैसी सोशल मीडिया चैनल्स को देखना चाहिए, ताकि नौजवान ये समझ सकें कि पेड़ क्यों जरूरी हैं, पहाड़ कैसे टिकते हैं और जल का बहाव क्या होता है। आज हिमाचल में जो तबाही हो रही है—यह सब सिर्फ इंजीनियरिंग की गलती नहीं है, यह सोच की गलती है। और अगर यह सोच हम नहीं बदल पाएं, तो यह बरसात सालों तक यही कहानी दोहराएगी। इसलिए समय की मांग है कि हम उस सोच का निर्माण करें जो समाज और प्रकृति को साथ लेकर चले और हिमाचल को टिकाऊ विकास की राह की तरफ मोड़े।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**बिहार** राज्य के पटना के कुछ दिन पहले, गांधी मैदान में एक मंच सजा था, जिससे वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने की हुंकारें भरी गई थीं। एक जनसभा को भी संबोधित किया गया था। यह एक राजनीतिक आयोजन था। अब उसी मैदान में भगवान परशुराम के जन्म-महोत्सव की आड़ में एक और मंच सजा है-'सनातन महाकुंभ।' हालांकि बाबा ने यह स्पष्ट कहा कि वह राजनीति के लिए नहीं, रामनीति के लिए आए हैं। जब भारत 'हिंदू राष्ट्र' बनेगा, तो बिहार उसका पहला हिंदू-राज्य होगा। बाबा ने आह्वान किया कि हिंदुओं को जातियों में मत बांटो।'' बाबा ने फिर यह साफ किया कि बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद पदयात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि-'जो सनातन को बांटना चाहेगा, वह स्वयं बंट जाएगा। बाबा कोई राजनीति नहीं करने आए, वे सभी भारतीयों को यह संदेश देने आए कि हम सब भारतीय एक हैं।

**रोहित नाग, धर्मशाला**

# सभी को देश की सेना और वैज्ञानिकों का करना चाहिए सम्मान

आज सब अपना देखते हैं यही खर्ज है आज महंगाई में मिडिल क्लास का जीना हराम हो गया है सैलरी लगता खूब मिलता है, लेकिन खर्च भी बढ़ता जा रहा है 100 रुपए की आज क्या वेल्यू है, उस पर सब्जी का फल का रेट देखिए, अब वो जमाना गया कि कैसे भी एडजस्ट करते थे और पढ़ाई भी सस्ती थी, सब्जियां फल तो घर में ही उगा लेते थे और काम भी चल जाता था अब बिगबास्केट, जेप्टो, ग्रोफर जैसी तमाम ग्रोसरी से लेकर फल सब्जियां देती है घर पर ही जो ताजी नहीं मिलती और वापस करने पर तमाम तरह के फोटो रिटर्न्स नहीं होगा और ठगा ठगा महसूस करता है। बिगबास्केट तो बिलकुल खराब समान दे रहा है।



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कितनी बार फंगस लगा हुआ मिला और बार-बार ऐसा होने पर अकाउंट ही लॉक कर दिया दरअसल मैं ऑनलाइन के चक्कर में नहीं रहता हूं, लेकिन ऐ आज फॅमिली की पसंद बन गई है पहले सब्जी खरीदने बाजार निकलते थे, उससे कई गुना सस्ता समान आज भी आप सब्जियां बाजार से खरीद कर देंखे इससे आपके दो फायदा होगा आपका घूमना भी होगा और वहां भी जो अच्छा होगा आप चुन कर लेंगे और इसी बहाने फल भी खरीद लेंगे आप एक बार आजमाने की कोशिश करें, हां किराना का सामान हो सकता है सस्ता न मिले, लेकिन घुन या फंगस लगा हुआ सामान नहीं मिलेगा, क्योंकि वहां किराना स्टोर उसे फेंक देती है, जबकी बिगबास्केट आदि यही सामान को बिलकुल एक्सपायरी डेट के करीब का देती है जो एक तरह से रोड पर मारा मारा फिरता है और कई तो उसे एक्सपायरी डेट को ही रीप्रिंट कर देते है पहले सामान दिखा कर उसी के हिसाब से रेट मिलता था और सस्ता था उसे भी बेचना है आप दादर का भाजी मार्केट देखिए वहां कुछ समय सुबह तक खूब भाजी मिलती है जिसे जोमाटो और अन्य ऑनलाइन जो खाने का सामान देते है यहां तक कि होटल भी निकला खूब लेते है सुबह में सुंदर दिखता है और जैसे ही मुंबई महानगर के लोग सफाई के लिए आते है वो रोड पर मारा-मारा फिरता है और कोई उसे भी लें जाता है शायद होटल के लिए।

अतः खाने पर बाहर का खाना ऑनलाइन खरीदने से बचें और जहां तक हो पैसे बचाने की कोशिश करें बहुत दुःख होता है जब अंग्रेजों की लड़ाई सब मिलकर लड़े फिर भी गुलामी सा महसूस क्यों होता है अमेरिका एक बार नहीं सौ बार कहता है कि हम भारत और पाकिस्तान का सीजफायर कराई अमीर लोग अमीर बनते जा रहे हैं और मध्यम वर्ग पीस रहा है कुछ दिन पहले किसी मरीज की हालत खराब थी, एंबुलेंस समय पर नहीं रहा और अपनी गाड़ी थोड़ी सी इधर से उधर हुई और चालान कट गया और यह कोई मामूली रकम नहीं होती है, जब कि रोडो का इतना गहरा गढ़ा टूटा-फूटा कहीं कहीं लाइट नहीं है



इसका कौन जिम्मेदार है एक तरफ चालान काटा गया, लेकिन रोड की हालत भी देखिए, आम आदमी हर जगह मारा जा रहा है। सरकार द्वारा अधिक पैसा छापना या खर्च करना भी महंगाई का कारण बन सकता है। युद्ध और प्राकृतिक आपदाएं युद्ध या प्राकृतिक आपदाओं के कारण आपूर्ति बाधित होने से कीमतें बढ़ सकती हैं। महंगाई का प्रभाव खरीद शक्ति में कमी महंगाई से लोगों की खरीद शक्ति कम हो जाती है, क्योंकि वे अब एक ही राशि में कम सामान खरीद पाते हैं। बचत पर प्रभाव महंगाई से बचत का मूल्य कम हो जाता है, क्योंकि मुद्रा का मूल्य गिर जाता है।

महंगाई गरीबों पर अधिक प्रभाव डालती है, क्योंकि उनके पास अपनी आय बढ़ाने के सीमित विकल्प होते हैं। केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को बढ़ाकर और पैसे की आपूर्ति को कम करके महंगाई को नियंत्रित कर सकता है। सरकार खर्च को कम करके और करों को बढ़ाकर महंगाई को नियंत्रित कर सकती है। सरकार कुछ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों को नियंत्रित कर सकती है और सब्सिडी प्रदान कर सकती है पेनाल्टी कम करे जो गलती से हुआ हो उच्च महंगाई आर्थिक विकास को धीमा कर सकती है, क्योंकि यह निवेश और खपत को कम करती है। आर्थिक विकास पर जोड़ देना जरूरी है और हमेशा दूसरे देश की निर्भरता को कम करना छोटे उद्योग को बढ़ावा देना सेना को यदि फ्री हैंड दिया है तो करने दीजिए उसे जो करना है जब मेरा सेना में सेकेंड लेफ्टिनेंट पर सिलेक्शन हेतु एसएसबी में गया तो इंटरव्यू लेने वाले ने साफ कह दिया था कम्युनिकेशन स्किल बहुत जरूरी है जो मुझमें कमी थी।

अनंत ज्ञान

अतः उन्होंने बताया वहां इतना सोचने का टाइम नहीं होता है, तुरंत ही दुश्मन पर हमला किया जाता है और कुछ भी मिस अंडरस्टैंडिंग हुई तो दुश्मन तुरंत हमला कर देगा और अब सेना के प्रवक्ता से ही यह बात निकल कर आ रही है कि पाकिस्तानी सेना को टारगेट न करने व आतंकवादी को टारगेट करने पर कुछ राफेल नस्ट हुए जबकी वहां की सेना ही आतंकवादी के लिए ही बनी है। अतः सेना को कभी इस प्रकार की आदेश देने की जरूरत नहीं है और उनके साथ हमेशा विश्वास करना चाहिए। देश सर्वोपरि है उससे किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करनी चाहिए, चाहे जंग कितनी लंबी क्यों न हो सप्लाई चेन मॅनॅग्मेंट का सही आकलन और तकनीकी पर फोकस करना चाहिए ब्रिक देशों के सम्मेलन में जाने के बाद भी अमेरिका का डॉलर ही चलने वाला है और अमेरिका की तकनीकी को अपने वैज्ञानिक द्वारा हासिल करना आखिर हम क्यों नहीं बना पा रहें हैं, अपनी लड़ाकू विमान इसमें बीते सालों में अच्छा कार्य हुआ जैसे तेजस बना, लेकिन इंजन कावेरी अमेरिका से आयात करना पड़ता है और यही सब कमजोरी का अमेरिका फायदा उठा लेता है और उधर चीन जो भारत का सबसे बड़ा दुश्मन है जब किसी वस्तु या सेवा की मांग, उसकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है, तो कीमतें बढ़ जाती हैं। कच्चे माल, श्रम या परिवहन की लागत में वृद्धि से भी कीमतें बढ़ सकती हैं। ऐसा नहीं है हमारे देश में प्रतिभा की कमी है लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल पृथ्वी और अग्नि के विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें देश में 'भारत के मिसाइल मैन' के रूप में बहुत माना जाता था। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के शुरुआती दिनों में इसे विकसित करने में भी योगदान दिया। अतः अब जनता के पॉकेट को खाली करने के बजाए सेना, वैज्ञानिक को अधिक महत्व देना आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोकजीवन में गाय, गीता और गंगा का विशेष धार्मिक महत्व

हमारे धार्मिक शास्त्रों में गाय, गीता एवं गंगा का विशेष धार्मिक महत्व है। इन तीनों का मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक का संबंध जुड़ा हुआ है।

लोकाचार में इन तीनों को मां का दर्जा दिया गया है। मान्यता है कि गाय, गंगा और गीता इन तीनों की झूठी कस्म से मनुष्य पाप का भागी बन जाता है। इसलिए इनकी कोई कसम नहीं खाता। किसी के घर में कोई भी धार्मिक अनुष्ठान हो। उसमें 'गो दान' की रस्म विशेष रूप से निभाई जाती है। अपने पितरों की शांति के लिए लोग गीता की उद्गमस्थली कुरुक्षेत्र में जाकर मत्था टेकते हैं। इसके अलावा पिहेवा व बौद्ध गया आदि तीर्थों में जाकर पिंडदान करते हैं तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। वापसी में हरिद्वार में गंगा में डुबकी लगा कर पूजा-याचना करते हैं।



रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

लोक मान्यता है कि अंतिम समय में कराए गए 'गो दान' से वैतरणी पार हो जाती तथा उस समय उसके समक्ष गीता का पाठ करने से मृतक का 'आगा- शुद्ध' हो जाता है। दाह संस्कार के बाद हरिद्वार में जाकर अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने की परंपरा है। उसके बिना मृतक का 'किरया-करम' पूरा नहीं समझा जाता है। गाय, गीता एवं गंगा इन तीनों का



स्मरण किए बिना कोई भी धार्मिक अनुष्ठान या दाह संस्कार संपूर्ण नहीं माना जाता है। धर्म शास्त्रों के अनुसार गाय के शरीर में तेतीस करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। इसका दूध अमृत के समान है तथा यह बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया गया है। गाय का गोबर व मूत्र पूजा-पाठ में प्रयोग किया जाता है। गो मूत्र को औषधि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। इससे कई व्याधियों का उपचार होता है। गंगा को पापनाशिनी कहा गया है। मैय्या अनजाने में हुए पाप से मुक्ति दिलाती है।

अनंत ज्ञान

जन्म-मृत्यु से संबंधित संस्कार हो या कोई धार्मिक अनुष्ठान। सभी में गंगाजल का प्रयोग आवश्यक माना गया है। इसके पवित्र जल के कुशा से छींटे मारने पर गृह शुद्धि होती है। पूजा स्थल में प्रयोग किए जाने वाले लोटे और में मामूली सा गंगाजल डालने पर उनका पूरा जल पवित्र माना जाता है। गीता का रहस्य तो मनुष्य के जीवन और मरण से जुड़ा हुआ है। लोक मान्यता है कि जब मनुष्य अंतिम सांस ले रहा होता है तब गीता का पाठ करने से उसे प्राण त्यागने में अधिक कष्ट नहीं होता है। गीता का ज्ञान सभी धार्मिक शास्त्रों का सार माना गया है। यह भगवान के मुखारविंद से प्रकट हुआ ज्ञान बताया गया है तथा इसका श्रवण करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति मिलती है। गीता में कर्म को श्रेष्ठ माना गया है तथा उसके अनुसार ही स्वर्ग एवं नरक की प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण से लेकर अनेक देवी-देताओं के प्रसंग गाय जुड़े हुए हैं। धार्मिक शास्त्रों में स्वर्ग की कामधेनु से लेकर मृत्यु लोक तक की गाय के अनेक उल्लेख मिलते हैं।

मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक होने वाले संस्कारों में जिस स्थान पर पूजा-पाठ होता है। वहां एक वेदिका बनाई जाती है। उस स्थान की गाय के गोबर से लिपाई की जाती है। वेदिक के चार कोनों में चार वेद तथा बीच में नौ ग्रहों की स्थापना की जाती है। अनुष्ठान होने पर हवन आवश्यक रूप से होता है। प्रत्येक अनुष्ठान में गो दान का विशेष महत्व है। समय था जब मनुष्य के जन्म-मरण का विवरण हरिद्वार से लाया जाता था। उस समय उसे मान्यता दी जाती थी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## अनधिकृत फल विक्रेताओं के छाते किए जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के चौहटा बाजार में नगर निगम की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनधिकृत रूप से सड़क किनारे फल बेच रहे विक्रेताओं के छाते जब्त कर लिए। यह कार्रवाई अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे नियमित अभियान के तहत की गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि बाजार में कई फल विक्रेता अपने स्टॉल तय सीमा से बाहर लगाकर आम जनता की आवाजाही में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर सभी विक्रेताओं को चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा ऐसा करते पाए गए तो पूरा सामान जब्त कर लिया जाएगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत ढंग से सामान फैलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि इससे ट्रैफिक प्रभावित होता है।

# दशकों से शानन-पटीबाग कूहल की मरम्मत न करने पर किसान नाराज

## किसानों की चेतावनी-15 दिन में मरम्मत न हुई तो किया जाएगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



कूहल की समस्या को लेकर जोगिंद्रनगर के एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण।

**शानन-पटीबाग** सिंचाई कूहल की दशकों से लंबित मरम्मत को लेकर अब किसानों का सब्र टूटने लगा है। जोगिंद्रनगर उपमंडल कार्यालय के बाहर करीब 20 गांवों से आए किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में कूहल की मुरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

किसान विकास महासंघ के प्रतिनिधि सूबेदार राजपाल चौधरी ने बताया कि यह कोई नई मांग नहीं है, चार सालों से किसान इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं। पहले भी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि आज एक बार फिर ज्ञापन दिया गया है और जल शक्ति विभाग को भी चेताया गया है।

इस मौके पर किसान अनिल अवस्थी ने कहा कि किसान अब और इंतजार नहीं करेंगे। उन्होंने प्रशासन को साफ शब्दों में कहा कि यदि 15 दिन के भीतर कार्य शुरू नहीं हुआ, तो गांव-गांव से किसान सड़कों पर उतरेंगे और आंदोलन को मजबूती से शुरू किया जाएगा।

### 2600 बीघा भूमि पर संकट

**किसानों** का कहना है कि वर्ष 2020 से वे इस सिंचाई नहर की मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन न तो प्रशासन और न ही जलशक्ति विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई की है। परिणामस्वरूप, सियूरी, मझारनू, नेर, छपड़ू, मनोह, कुफरू, भलैन्द्रा, पटीबाग समेत 20 गांवों की करीब 2600 बीघा उपजाऊ भूमि सूखने की कगार पर पहुंच चुकी है।

# टारना मोड़ पर फिर हादसा, महिला घायल

## टूटी जालियों की अनदेखी से बढ़ रहा खतरा, प्रशासन बेखबर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** टारना मोड़ पर पीएनबी बैंक के सामने बुधवार को एक बार फिर हादसा हुआ, जिसमें एक महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार महिला को गिरने से सिर में चोट लगी और वह लहूलुहान हो गई। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति का पांव पास के झाड़ियों वाले हिस्से में फंस गया, जिससे उसे हल्की चोट आई। हादसे के तुरंत बाद पास में स्थित मेडिकल शॉप के मालिक ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और मरहम पट्टी की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहला हादसा नहीं है। महज तीन दिन पहले ही वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश को इसी जगह गहरी चोट लगी थी। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक न तो टूटे हुए जालों की मरम्मत की गई है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लगातार हो रहे इन हादसों से स्थानीय निवासियों में रोष है और उन्होंने जल्द से जल्द सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है। वहीं इस बारे में नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि जालियों की मरम्मत करवाने के लिए प्रयास जारी हैं।



टारना मोड़ पर पीएनबी बैंक के सामने टूटी जालियों के कारण घायल महिला।

## न्यूज ब्रीफ

### भाषण प्रतियोगिता में शालिनी ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैनजी में खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्या के निर्देशानुसार किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की वाइस प्रिंसिपल निशा कुमारी ने की। इस अवसर पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक सुरेश चंदेल ने छात्रों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें शालिनी ने प्रथम, प्रशांत ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मी और कुल 92 बच्चे उपस्थित रहे।

### सभी पेंशनर्स राहत कार्य में करें सहयोग: नेक राम

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत हाल ही में प्रदेश में हुई भारी बारिश से हुई जान-माल की क्षति पर शोक प्रकट करते हुए मौन धारण से की गई। प्रधान ने इस आपदा की घड़ी में सभी पेंशनरों से आग्रह किया कि वे अपनी नेक कमाई से स्वेच्छा अनुसार राहत कार्यों में सहयोग करें। उन्होंने इसे पुनीत कार्य बताते हुए समाज के प्रति कर्तव्य की भावना को दोहराया। बैठक में 71 वर्ष से अधिक उम्रदराज पैंशनरों को वेतन संशोधन की बकाया राशि का आंशिक भुगतान किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही मांग की गई कि इसी तरह बाकी सभी पैंशनरों को भी उनका बकाया शीघ्र दिया जाए। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश वर्मा, मुख्य संरक्षक बेली राम वर्मा, खंड वित्त सचिव रविन्द्र शर्मा, उपप्रधान दान सिंह ठाकुर सहित कई वक्ताओं ने पेंशनरों की मांगों पर विचार प्रकट किए।

### एसडीएम कार्यालय तक निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर सीटू से संबंधित आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन, मिड-डे मील यूनियन, 108 व 102 एंबुलेंस वर्कर्स यूनियन, हिमाचल किसान सभा, जनवादी नौजवान सभा समेत अन्य जनसंगठनों ने बुधवार को जोगिंद्रनगर में प्रदर्शन किया। रामलीला मैदान से एसडीएम कार्यालय तक सैकड़ों मजदूरों, किसानों, स्कीम वर्करों और युवाओं ने रोष रैली निकाली। एसडीएम कार्यालय के बाहर आयोजित जनसभा में सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों पर तीखा प्रहार किया गया। इस मौके पर किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, आंगनबाड़ी यूनियन की वरिष्ठ उपप्रधान अर्चना, सचिव रानी देवी, मिड डे मील यूनियन की संधो देवी, पुनी देवी, किसान सभा ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार, नौजवान सभा ब्लॉक अध्यक्ष संजय जमवाल, सचिव अर्जुन बडवाल, एंबुलेंस यूनियन के जिला प्रधान सुमित कुमार व सचिव पंकज ने संबोधित किया।

### माउंट मौर्य स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 8 पदक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर के खिलाड़ियों ने 25 जून को आयोजित सातवीं मंडी जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक अपने नाम किए। इनमें तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। स्कूल के कराटे कोच राकेश कुमार ने बताया कि प्री-टीन वर्ग में देवांश ने 34 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, वहीं आरत मंथानिया को इसी भार वर्ग में कांस्य पदक मिला। अवल ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य व उद्यांश सूद ने 42 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त सार्थक राठौर ने 68 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, रियांश ठाकुर ने 48-51 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, श्रेष्ठ ठाकुर ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक और शिवांश ने 30 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्कूल प्रबंधक मनोज ठाकुर और प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने सभी विजेता खिलाड़ियों और कोच राकेश कुमार को बधाई दी।

### पंजालग स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पंजालग स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र, माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है। डीडी पंजाबी टीवी के सौजन्य से संगरूर (पंजाब) में आयोजित एक प्रतिष्ठित रियलिटी टीवी शो के अंडर-19 वर्ग की फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा सलोनी ने उपविजेता बनकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। सलोनी को अब प्रतियोगिता की अगली सीरीज में भाग लेने का अवसर मिलेगा, साथ ही लघु फिल्मों के ऑडिशन में भी भागीदारी का निमंत्रण प्राप्त हुआ है। वहीं स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र आदर्श ठाकुर ने क्रैक अकादमी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में विधानसभा क्षेत्र के प्रथम 100 में से 54वां स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सतीश भारद्वाज ने दोनों विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### छात्रों ने सरकाघाट अस्पताल का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट के मेडिकल संकाय के जीव विज्ञान विषय पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने सिविल अस्पताल सरकाघाट का दौरा किया और यहां पर विभिन्न सेवाओं के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने ब्लड संरक्षण यूनिट में ब्लड ट्रांसफ्यूजन और ब्लड ग्रुपिंग के बारे में विस्तृत जानकारी ली। गौरतलब हो कि सरकाघाट सिविल अस्पताल में अब ब्लड को स्टोर किया जा सकता है और उसका ट्रांसफ्यूजन भी यहीं पर किया जा सकता है। आज संयोगवश जिन भी मरीजों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया जाना था, उनके बारे में इन छात्र-छात्राओं को विस्तृत तौर पर ब्लड स्टोर के इंचार्ज घनश्याम ने बताया। इसके अलावा मौके पर एसएमओ डॉक्टर संजीव कुमार ने भी बच्चों के साथ जानकारी सांझा की और इन्हें शुभकामनाएं दी कि ये बच्चे भविष्य में कड़ी मेहनत कर डॉक्टर बने और समाज सेवा में अपना योगदान दें। बायोलॉजी प्रवक्ता विजय कुमार ने बताया कि हमारी पाठशाला के छात्र-छात्राएं बहुमुखी प्रतिभा के होनहार विद्यार्थी हैं। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य अनीता रानी आजाद ने प्रवक्ता बायोलॉजी और जीव विज्ञान के सभी छात्र-छात्राओं को इस प्रकार की वैज्ञानिक गतिविधि के लिए बधाई दी।

### सफाई व सुरक्षा कर्मियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार विश्वविद्यालय मंडी इकाई के द्वारा एबीवीपी के 77वें स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में संगोष्ठी एवं उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भंवर भारद्वाज मुख्य अतिथि व विशाल ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंवर भारद्वाज ने अपने वक्तव्य के दौरान बताया कि एबीवीपी अपने स्थापना कल से ही राष्ट्र हित व छात्र हित में कार्य करने वाला छात्र संगठन है। विशिष्ट अतिथि विशाल ठाकुर में विद्यार्थी परिषद के वर्तमान परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 60 लाख के करीब पूरे देश भर में छात्र-छात्राओं को अपना सदस्य बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने बताया कि बीते दिनों जिस तरह से पूरे हिमाचल प्रदेश के अंदर त्रासदी का माहौल देखा उसी के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार 7 दिनों से मंडी जिला के सराज क्षेत्र के अंदर दिन रात वहां के लोगों के बीच रहकर सामग्री बांटने का काम कर रहे हैं। इस दौरान सफाई व सुरक्षा कर्मियों को सम्मानित किया गया।

## किसान सभा ने की 3.21 लाख की मदद



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** उपमंडल के गांव स्याठी में भारी बारिश के कारण बेघर हुए 20 परिवारों और सरी पंचायत के कपाही गांव के एक परिवार की आर्थिक रूप से तथा खाद्य सामग्री के रूप में लगभग 30 लाख की मदद मिल चुकी है।

इसी कड़ी में स्याठी-लौंगनी आपदा प्रभावितों के लिए बुधवार को पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और रणताज की अगुवाई में किसान सभा सजाओपीपलु क्षेत्रीय कमेटी ने 3.21 लाख रुपये की राशि जारी की। इसे गरली, घरवासड़ा, अंसवाई, चस्वाल, छतरैणा, डरवाड़, पाड़छु आदि गांवों से एकत्रित किया है। हिमाचल किसान सभा के सदस्यों ने बुधवार को प्रभावित कमेटी के सदस्यों को नैना माता मंदिर त्रैम्बला-स्याठी में जाकर सहायता राशि सौंपी और उन्हें भविष्य में भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### बार एसोसिएशन सरकाघाट ने भी की 31000 की मदद

**बार** एसोसिएशन सरकाघाट भी आपदा पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई है बार के पूर्व अध्यक्ष भूप सिंह ठाकुर और अधिवक्ता अजय ठाकुर द्वारा स्याठी में जाकर पीड़ित परिवारों को 31000 रुपए की राशि प्रदान की गई।

## आपदा के बीच करसोग जलशक्ति विभाग की क्षतिग्रस्त पाइपें गायब

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडल में जहां बारिश और भूस्खलन ने जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं कुछ असामाजिक तत्व इस संकट को भी मुनाफे का जरिया बना रहे हैं। जलशक्ति विभाग की क्षतिग्रस्त पाइपों की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। भारी बारिश से कई जलापूर्ति योजनाओं की पाइपलाइनें मिट्टी और मलबे में दब गई थीं, जिन्हें मरम्मत के बाद दोबारा इस्तेमाल किया जाना था। लेकिन अब ये पाइपें चोरी कर ली जा रही हैं। कुछ लोग इन्हें काटकर कबाड़ में बेच रहे हैं, तो कुछ ने इन्हें अपने घरों में छिपाकर रखा है। इससे विभाग को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है एक ओर जलापूर्ति बहाल करना, दूसरी ओर चोरी रोकना। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल शक्ति विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए निगरानी शुरू कर दी है। विभाग ने करसोग थाना में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें शंकरदेहरा, पुन्नी, इमला-विमला खड्ड, चेहरा और परलोग जैसे इलाकों में चोरी की घटनाएं होने की बात कही गई है। इससे सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। जलशक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की है कि वे इस संकट में विभाग का सहयोग करें और किसी भी तरह की चोरी से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति पाइप चोरी या उसे घर में छिपाए हुए पाया गया, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लवणीत ने जरूरतमंद बच्चे को दिया रक्त

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** हिमाचल ब्लड टाइगर बैजनाथ महाकाल संस्था को टांडा मेडिकल कॉलेज से एक गंभीर रूप से बीमार बच्चे के लिए रक्त की आपात जरूरत की सूचना मिली। बच्चे के परिजन ने संस्था के सदस्य राजकुमार से संपर्क किया, जिन्होंने उन्हें रक्त उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। राजकुमार के प्रयास के बाद संस्था के सदस्य लवणीत ज्वालाजी से टांडा पहुंचे और समय पर रक्तदान कर बच्चे के इलाज में सहायता की। इस मौके पर संस्था ने रक्तदाता विपिन का भी आभार व्यक्त किया।

## माहूंनाग देव के रथ के सामने नवाया शीश

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** पूर्व सुकेत सुंदरनगर रियासत काल से मनाया जाता रहा माहूंनाग मेला जो ओडकी नाम से दूर-दूर तक मशहूर बताया जाता है। सुंदरनगर शहरी क्षेत्र के अंबेडकर नगर में बड़ी ही धार्मिक श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंच पर नगर से संबंधित माहूंनाग देव का पालकीनुमा रथ दिनभर विराजमान रहा। जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और मन्नत मांगी। वहीं मेले के शुभ अवसर पर हाट बाजार सजा रहा जहां खासकर महिलाओं तथा बच्चों की संख्या उत्साहित हालत में देखी गई।

## कौशलेस कपूर बने मंडी रोटरी क्लब के प्रधान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** कौशलेस कपूर की रोटरी क्लब मंडी के नए प्रधान के तौर पर ताजपोशी की गई। इसके साथ ही तारा सेन को क्लब का सचिव बनाया गया। ताजपोशी का यह कार्यक्रम राजमहल होटल मंडी में हुआ जहां रोटेरियन रोहित ओबराय डिस्ट्रिक गवर्नर डिस्ट्रिक 3070 की अध्यक्षता में नए प्रधान व सचिव को यह दायित्व विधिवत सौंपा गया। इस मौके पर रोटेरियन एमएल महाजन सहायक गवर्नर, रोटेरियन राम पाल गुप्ता जोनल प्रधान रोटेरियन प्रवीण अग्रवाल मेंबरशिप चेयर, नायक सहायक गवर्नर, प्रधान व सचिव सुकेत रोटरी क्लब सरला गौतम, अमृतपाल, प्रधान रोटरी क्लब नेरचौक आदि मौजूद रहे।

## व्यक्तिगत वन अधिकार के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** तहसीलदार मुल्थान हरीश कुमार की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम 2006 पर एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पंचायत समिति, वन अधिकार समिति और स्थानीय राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में हुई, जिसमें लगभग 70 ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में किसान सभा अध्यक्ष अक्षय जसरोटिया ने भी विशेष रूप से भाग लिया। तहसीलदार ने बताया कि 13 दिसंबर 2005 से पहले सरकारी या वन भूमि पर रह रहे परिवार व्यक्तिगत वन अधिकार के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए फॉर्म 'क' के साथ दो साक्ष्य आवश्यक हैं, जिसे संबंधित वन अधिकार समिति को सौंपना होगा। तहसीलदार ने निर्देश दिए कि जुलाई माह के भीतर व्यक्तिगत दावों की प्रक्रिया पूरी की जाए।

## माता जालपा के जयकारों से गूंजा मंदिर

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** नाचन के सरोआ गांव में स्थित माता जालपा मंदिर में आयोजित पारंपरिक मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच भी लोगों की आस्था डिगी नहीं। माता जालपा का रथ जैसे ही मंदिर परिसर में पहुंचा पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। मेले में शामिल हुए देवता व देवलुओं का उत्साह देखने लायक था। परंपरागत वेशभूषा में देवता पंचवीर चच्योट, देव चाहड़डू नौंन, माता महामाया मंडोगलु और देवी दुलासन के रथों ने मेले की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया। देवलुओं की नाटियां और वाद्ययंत्रों की थाप पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन और देव मिलन की परंपरा का निर्वहन हुआ।

# नीति के विरुद्ध तबादला; गढ़गांव स्कूल में शिक्षक न होने से बच्चों की पढ़ाई ठप, अभिभावकों में रोष

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** प्रदेश सरकार द्वारा दुर्गम क्षेत्रों के शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाने की दिशा में बनाई गई नीतियां तब अर्थहीन प्रतीत होती हैं जब स्वयं शिक्षा विभाग ही उनका पालन नहीं करता। ताजा मामला द्रंग विधानसभा क्षेत्र की चौहार घाटी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव का है, जहां सिंगल टीचर स्कूल में स्थायी विकल्प की नियुक्ति से पहले तबादला न करने की स्पष्ट नीति के बावजूद वहां तैनात इकलौते शिक्षक का तबादला कर दिया गया है।

फिलहाल स्कूल एक अस्थायी डेपुटेशन पर निर्भर है, लेकिन बरसात के कारण वह शिक्षक भी नियमित रूप से स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो गई है और अभिभावकों में गहरा असंतोष है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रामलाल, देशराज, संतोष कुमार, कांता देवी, राजकुमारी, कमला देवी, नरेश कुमार और श्यामलाल ने बताया कि समीपवर्ती समालंग स्कूल को कम छात्र संख्या के चलते गढ़गांव में विलय किया गया है, जिससे गढ़गांव स्कूल में अब छात्रों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। ऐसे में स्कूल में शिक्षक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई थी, लेकिन विभाग द्वारा बिना विकल्प के तबादले ने विद्यार्थियों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस मुद्दे पर पंचायत समिति द्रंग की अध्यक्ष शीला ठाकुर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति के बावजूद नियमों का उल्लंघन कर तबादला किया गया है, जो शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्याय है। यदि जल्द ही यहां स्थायी शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई, तो अभिभावकों के साथ आंदोलन किया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा, वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने इस तबादले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी लापरवाहियां दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं, जिन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### डेपुटेशन पर भेजा जा रहा है अध्यापक: नरेश

**कार्यवाहक** बीईओ नरेश शर्मा का कहना है कि अभी तक किसी भी शिक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित ना हो इसलिए डेपुटेशन पर दूसरे स्कूल से अध्यापक भेजा जा रहा है।

## आपदा प्रभावितों को दी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में हाल ही में बादल फटने की घटनाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और अनेक घर, दुकानें व मवेशी बह गए। इस आपदा के बीच सेवा भारती के कार्यकर्ता राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। सेवा भारती ने थुनाग सराज में अपना बेस कैंप सेवा कार्य के लिए खोल रखा है जिसमें आपदा से पीड़ित लोगों के लिए उचित राहत सामग्री प्रदान की जा रही है। सेवा भारती हिमाचल प्रदेश के प्रांत संगठन मंत्री राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम दूरदराज क्षेत्रों में जाकर लोगों की हर प्रकार से मदद कर रही है। जिन लोगों को जिस भी प्रकार की मदद की दरकार है उसे उस प्रकार की मदद मिल रही है। सेवा भारती हिमाचल प्रदेश की ओर से तीन किट बनाए गए हैं, जिसमें एक किट में राशन, दूसरी कीट में बर्तन और तीसरी कीट में दवाइयां के साथ कपड़े शामिल है।

# सीटू से जुड़ी मजदूर यूनियनों ने सरकाघाट में किया प्रदर्शन



सरकाघाट में विरोध-प्रदर्शन करते हुए सीटू से संबंधित विभिन्न यूनियन के वर्कर्स।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सीटू** से सबंधित विभिन्न मजदूर यूनियनों ने देशव्यापी हड़ताल के मौके पर सरकाघाट में प्रदर्शन किया, जिसमें मिड डे मील, आंगनवाड़ी, सफाई, एसटीपी, मनरेगा व 108 और 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों व मजदूरों ने भाग लिया। मजदूरों ने शहर में रैली निकाली और एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजे।

प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, मनरेगा व निर्माण मजदूर यूनियन के प्रधान करतार सिंह चौहान मिड डे मील की जिला प्रधान बिमला देवी एसटीपी के संतोष कुमार अस्पताल सफाई मजदूर यूनियन की प्रधान आंचल गुलेरिया ने किया। सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आज जो देशव्यापी हड़ताल हो रही है वो मुख्यता केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ है। ट्रेड यूनियनें 44 श्रम कानूनों को रद्द करने के फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## पंडोह बाढ़ प्रभावितों से मिले कांग्रेस नेता दीपक शर्मा

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** गत 30 जून की रात आई भीषण बाढ़ ने पंडोह क्षेत्र में भारी तबाही मचाई, जिससे कई घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस संकट की घड़ी में कांग्रेस नेता दीपक शर्मा ने पहले फोन पर प्रभावितों से संवाद किया और स्वयं पंडोह पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दीपक शर्मा ने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका दु:ख साझा किया और कहा कि यह राजनीति का नहीं, मानवता का समय है। हम हर पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग करेंगे। उन्होंने प्रशासन से प्रभावितों को तुरंत मुआवजा, सुरक्षित आश्रय और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और स्थानीय नेता मौजूद रहे। बाढ़ में दिव्यांग राधा कृष्ण वर्मा को लाखों का नुकसान हुआ, उनके घर के सभी कमरों में चार फुट तक गाद भरी थी। स्थानीय लोगों ने दीपक शर्मा की तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनके हस्तक्षेप से राहत कार्यों में तेजी आएगी। शर्मा ने आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर प्रभावितों की समस्याएं व्यक्तिगत रूप से रखेंगे।



# हर गांव-हर घर तक पानी पहुंचाने में लगे जलशक्ति विभाग के कर्मवीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसे में जल शक्ति विभाग के जल रक्षक बिना दिन-रात की परवाह किए प्रदेश के हर कोने में पानी की सप्लाई बहाल करने में जुटे हैं। अधिकांश क्षेत्रों में पाइप लाइनें टूट चुकी हैं, लेकिन जल रक्षक मिशन भावना से कार्य करते हुए ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।



पानी की सप्लाई बहाल करने में जुटे जलरक्षक।

जलरक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जवालु राम ने बताया कि पंचायतों के माध्यम से कार्यरत जलरक्षक हर आपदा में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जो जलरक्षक 12 वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुके हैं, उन्हें नियमित किया जाए, और कॉन्ट्रैक्ट पर आने की न्यूनतम अवधि को 12 वर्ष से घटाकर 8 वर्ष किया जाए। उन्होंने कहा कि जल रक्षक न केवल पानी की आपूर्ति बहाल करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि सीमित संसाधनों में भी लगातार सेवाएं दे रहे हैं। सरकार से अपील की गई है कि इन कर्मठ जलरक्षकों की मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय लेकर उन्हें उचित सम्मान और भविष्य की सुरक्षा प्रदान की जाए।

### जलरक्षक संघ ने नियमितीकरण व सेवा शर्तों में सुधार की उठाई मांग

## पधर में सैकड़ों मजदूरों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर में दरंग ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, मिड डे मील वर्कर और मनरेगा मजदूरों ने सीटू के नेतृत्व में सामुदायिक भवन पधर से लेकर एसडीएम कार्यालय तक रोष मार्च निकाला और कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर जनसभा की। इस प्रदर्शन में सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया और सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस आंदोलन का नेतृत्व सीटू के जिला उपाध्यक्ष व डलाह वार्ड से जिला परिषद सदस्य रविकांत, आंगनवाड़ी यूनियन की प्रधान नागो देवी, सचिव कमलेश कुमारी, मिड-डे मील यूनियन के जिला उपप्रधान रमेश कुमार ने किया। एसडीएम कार्यालय के बाहर मजदूरों को संबोधित करते हुए रविकांत ने कहा कि 2014 के बाद से केंद्र की सरकार लगातार मजदूर विरोधी फैसले ले रही है।

**प्रदर्शन** पहली ही बारिश के बाद भाग गए कंपनी के लोग और प्रशासन बना है कंपनी का चौकीदार: भूपेंद्र सिंह

# गावर कंपनी पर एफआईआर दर्ज न होने के विरोध में बोला हल्ला

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा के बैनर तले बुधवार को सरकाघाट में एनएच निर्माण कार्य कर रही गावर व बीआरएन कंस्ट्रक्शन कंपनी व मौर्थ के खिलाफ 4 व 23 जून को की गई शिकायतों पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने के विरोध में प्रदर्शन किया गया और पुलिस थाने का घेराव किया गया। इसका नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह किसान सभा के रणताज राणा, दिनेश काकू, सुरेश शर्मा, करतार सिंह, विजय कौशल इत्यादि ने किया।

प्रदर्शनकारियों ने ओल्ड बस स्टैंड पर इकट्ठा होकर बाजार से पुलिस थाने तक रैली निकाली व कंपनी, मौर्थ, स्थानीय पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जोरदार तरीके से नारेबाजी की और कंपनी पर तुरंत एफआईआर दर्ज करने की मांग दोबारा उठाई। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हिमाचल किसान सभा मार्च महीने से जिन-जिन कार्यों के बारे आवाज उठा रही थी और घटिया किस्म के निर्माण कार्य को सुधारने की बात कर रही थी वे सब आज सामने आ चुकी है। कंपनी की अवैध कटिंग के कारण तीन दर्जन घर गिरने की कगार पर हैं। पाड़छु में अवैध रूप से डंप किए गए मलबे पर बनाया पुल 23 जून को ढह गया है और हजारों टन मलबा बहकर धर्मपुर पहुंच गया है। पुल गिरने के बाद सारा प्रशासन चार दिन वहां कंपनी की चौकीदारी के लिए तो खड़ा रहा, लेकिन एक्शन कोई नहीं लिया।

प्रदर्शन के दौरान किसान सभा के जिला सचिव जोगिंद्र वालिया, सुरेश सरवाल, रणताज राणा, पूर्ण पराशर, अविनाश चन्देल, देश राज पालसरा, जयगोपाल कटवाल, सरस्वती नंद पराशर, सलिता देवी, प्रमीला देवी इत्यादि ने भी अपने विचार रखे।





सरकाघाट में हिमाचल किसान सभा के बैनर तले विरोध-प्रदर्शन करते हुए लोग।

### चोलथरा में घटिया किस्म से बना पुल 10 दिन में ही गिरा

**भूपेंद्र ने** कहा कि चोलथरा में घटिया किस्म से बनाया पुल दस दिन में ही गिर गया है और बाजार की सड़क तोड़ दी गई है व चोलथरा में ही एक दर्जन घर गिरने वाले हैं। रखोह, टटीह, सरकाघाट बाजार, सरौर, परसदा, पाड़छु पुल के दोनों ओर की सड़क, टौरी नाला, हुक्कल, खयालग, लौंगनी, शिवदवाला, धर्मपुर कैंची मोड़, बनाल, रियूर, हवानी, बनौन, बनेहरडी, कुमाहरडा, पेहड़ तक सड़क निर्माण से नालियां व कलवर्ट बंद होने के कारण पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश से बेहिसाब तबाही हुई है। उसके बाद कंपनी के लोग यहां से भाग गए हैं, लेकिन हमारे विधायक और प्रसाशन नुकसान को जांचने बारे दौरे कर रहे हैं, लेकिन कंपनी के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं।

### शिमला में केस दर्ज हो सकता है तो यहां क्यों नहीं: शर्मा

**एडवोकेट** सुरेश शर्मा ने कहा कि जब शिमला में गावर कंसट्रक्शन कंपनी और एनएचएआईए के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो सकता है तो यहां पर क्यों नहीं। डॉ. विजय कौशल ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में तीन साल से नालियां नहीं बन पाई है और अब बरसात में स्थिति और भी खराब होने वाली है।

## न्यूज ब्रीफ

### फास्ट फूड की लत बच्चों के लिए खतरा : जीवन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वर्तमान समय में बच्चों की जीवनशैली में तेजी से बदलाव आ रहा है। खेलकूद और घर का पौष्टिक भोजन छोड़कर बच्चे अब बाजार में मिलने वाले फास्ट फूड जैसे बर्गर, पिज्जा, फ्रेंच फ्राई, समोसे और तले हुए स्नैक्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह बदलाव केवल स्वाद की ओर झुकाव नहीं है, बल्कि धीरे धीरे एक गंभीर स्वास्थ्य संकट में बदलता जा रहा है। इस विषय पर जीवन मोदगिल जो कि एक सेवानिवृत्त अर्थशास्त्र प्रवक्ता और समाजसेवी हैं, ने कहा कि मैदा, अधिक तेल, चीनी और नमक से भरपूर तली भुनी चीजें बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा डाल रही हैं। इसके चलते बच्चों में मोटापा, पाचन संबंधी समस्याएं, मधुमेह की संभावना, दांतों की सड़न और छोटी उम्र में हार्ट अटैक जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को धीरे-धीरे फास्ट फूड से दूरी बनाना सीखेंगे। जीवन मोदगिल ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्कूलों से भी आग्रह किया है कि वे इस दिशा में पहल करें और इस संबंधी व्याख्यान आयोजित किए जाएं, ताकि बच्चों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रखना अभिभावकों और समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### मोड्यूलस ने मंडी आपदा के लिए राहत सामग्री भेजी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश के सराज क्षेत्र में भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सैकड़ों लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे मुश्किल समय में हिमाचल बिजनेस इंडस्ट्री एसोसिएशन ने राहत कार्यों को आगे बढ़ाते हुए मदद का हाथ बढ़ाया है। एचबीआईए की अपील पर मोड्यूलस उद्योग गोंदपुर ने जरूरतमंद लोगों के लिए राहत सामग्री भेजी है। कंपनी की ओर से 500 लीटर सरसों का तेल और 1,000 साबुन की टिकियां बतौर सहायता भेजी गई है। यह सामग्री विशेष रूप से उन क्षेत्रों में भेजी जा रही है, जो सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं और जहां सरकारी राहत अभी पूरी तरह नहीं पहुंच पाई है। इस राहत कार्य में मोड्यूलस के प्रमुख राजन धीर और सहायक सहयोगियों राजनीश शर्मा, कमल शर्मा, सुशील बंसल तथा अनूप अग्निहोत्री का सराहनीय योगदान रहा। मोड्यूलस के प्रमुख राजन धीर ने कहा कि हम सब एकजुट होकर काम कर रहे हैं, जहां सरकार अपनी ओर से हरसंभव कोशिश कर रही है, तो हमें भी नागरिक और औद्योगिक संगठनों के रूप में अपने उत्तरदायित्व निभाने चाहिए।

### संस्कृत शिक्षा परिषद हरोली की अध्यक्ष बनी शिवानी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** खंड हरोली राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद जिला ऊना द्वारा वर्ष 2025 से 2028 तक के लिए खंड हरोली के लिए ऑनलाइन माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया का आयोजन किया। लोकतांत्रिक मूल्यों का समर्थन एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन अधिकारियों ने चुनाव संपन्न करवाने का दायित्व निर्वहन किया। इसमें निर्वाचन जरनैल सिंह, दीपराज शर्मा, पूनम बंसल, विनोद कुमार, बनिता कुमारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न करवाने में खंड हरोली से शिव कुमार, बलबीर चंद शास्त्री, अनीता कुमारी, अरुण शर्मा, अनीता कुमारी, कुलदीप कुमार, दीपक कुमार, नीलम कुमारी, पंकज शर्मा, पूजा रानी, पूनम बंसल, संदीप कुमार, शर्मिला शर्मा, शिवानी शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा गत कार्यकारिणी को स्थगित किया गया और नई निर्वाचन के लिए नाम आमंत्रित किए। उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से सदस्यों के नाम का प्रस्तावित किया और अनुमोदन करते हुए निम्न पदों को सृजित किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में संरक्षक दीप राज राजकीय मिडल स्कूल बढ़ेड़ा, अध्यक्ष शिवानी देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़ेड़ा, सचिव पंकज शर्मा समनाल, कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी सलोह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार नंगल कलां जबकि जिला सदस्य अनीता कुमारी बालीवाल, राज्य सदस्य बनिता देवी भदोड़ी को जिम्मेदारी दी गई।

### गुरु पूर्णिमा पर आज दी जाएगी गुरु दीक्षा

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** धार्मिक स्थल गद्दी बाबा नकोदर दास धर्मसाल महंता में हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरु पूर्णिमा का महोत्सव 10 जुलाई को अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस पावन वेला पर डेरा महाराज श्रीश्री उपेंद्र पराशर जी आई संगत को आशीर्वाद देंगे। बता दें कि महाराज श्री द्वारा सुबह 7 से 9 बजे तक गुरु दीक्षा भी दी जाएगी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार विशेष भजनों से गुरु महिमा का वर्णन करेंगे। वहीं, 10 जुलाई को सुबह 9:30 बजे भजन कीर्तन का आयोजन होगा, जबकि 12:30 बजे दिव्य दावत (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा।

### धर्मसाल महंता में आज लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थल गद्दी बाबा नकोदर दास धर्मसाल महंता में 10 जुलाई को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस शिविर का आयोजन गद्दी बाबा नकोदर दास धर्मसाल महंता महाराज श्रीश्री उपेंद्र पराशर जी के तत्वावधान से होने जा रहा है। इस शिविर में शर्मा अस्पताल गढ़वीवाला (होशियारपुर) से बहु रोग विशेषज्ञों डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. मनिता शर्मा, डॉ. जशनपाल शर्मा द्वारा विभिन्न रोगों की मुफ्त जांच, टेस्ट वा दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस शिविर का लाभ उठाने के लिए आमजनमानस का आह्वान किया गया है।

### आपदा प्रभावितों के लिए प्रेस क्लब हरोली ने भेजी सहायता



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली क्षेत्र के अंतर्गत प्रेस क्लब हरोली द्वारा मंडी में आई आपदा पीड़ित परिवारों के सहयोग के लिए तिरपालें, कपड़े, कंबल व जूते भेजे गए। बुधवार को प्रेस क्लब हरोली के भवन टाहलीवाल में प्रेस क्लब के आह्वान पर एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान प्रेस क्लब द्वारा आपदा पीड़ितों परिवारों के लिए एकत्रित की गई राहत सामग्री एसडीएम हरोली को भेंट की गई। एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने प्रेस क्लब हरोली के पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा है कि आपदा की इस घड़ी में सभी को बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। इस दौरान प्रेस क्लब हरोली के अध्यक्ष गणपति गौतम, संरक्षक नारायण प्रभाकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय राणा, सलाहकार राजीव राणा, सुलिंद्र कुमार, अशोक कुमार, नरेश सिंघा, राजीव राठौर, नवीन महेश, नितीश कुमार व नगर पंचायत टाहलीवाल के अध्यक्ष प्रकाश चंद, वार्ड सदस्य पूनम कुमारी, किशन राणा व पूर्व वार्ड सदस्य हरदियाल सिंह बगू आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में जिला ऊना अव्वल

## जिले के 73 स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प अवार्ड से किया सम्मानित

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** जिला ऊना स्वास्थ्य सेवाओं में प्रदेशभर में अव्वल रहा है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के 73 स्वास्थ्य संस्थानों को राज्य स्तरीय टीम द्वारा कायाकल्प अवार्ड के लिए चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि यह चयन प्रक्रिया राज्य स्तरीय चयन टीम द्वारा एक्सटर्नल असेसमेंट के आधार पर की गई। यह असेसमेंट अप्रैल-मई 2025 में की गई, जिसमें क्षेत्रीय अस्पताल ऊना को प्रदेश भर में श्रेणी-1 के अंतर्गत कायाकल्प अवार्ड के लिए चयनित हुआ, जिसके लिए 3 लाख रुपए की धनराशि पुरस्कार के रूप में हासिल की।

डॉ. संजीव ने बताया कि केटेगरी-2 के अंतर्गत पूरे प्रदेशभर के 15 स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प अवार्ड दिया गया, जिसमें से 9 स्वास्थ्य संस्थान केवल जिला ऊना के शामिल रहे। इस श्रेणी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर जिला ऊना के नाम हैं। इसमे सिविल अस्पताल हरोली को राज्य स्तर पर प्रथम रहने पर 7 लाख रुपए की धनराशि पुरस्कार के रूप में दी गई।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार उपलब्धि की जानकारी देते हुए, साथ है टीम।

**डीसी जतिन लाल ने दी बधाई**

**ऊना** के डीसी जतिन लाल ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले की इस उपलब्धि के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े सभी चिकित्सक वर्ग, पैरा मेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारीगण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुविधाओं को बेहतर से बेहतरीन बनाने के प्रयास और तेज किए जाएंगे।

इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलेहड़ ने द्वितीय पुरस्कार और सिविल अस्पताल अंब ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जिसके लिए इन्हें 5-5 लाख रुपए देकर पुरस्कृत किया गया।

इसके अलावा सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी, सिविल अस्पताल गगरेट, सिविल अस्पताल बंगाणा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुसाड़ा, भदसीली तथा दौलतपुर चौक को एक-एक लाख रुपए की धनराशि दी गई। केटेगरी-3 के अंतर्गत ऊना जिले के 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चयनित हुए।

इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर मैदान को 2 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा शेष 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों जिनमें बाथड़ी, खड्ड, पालकवाह, बढेड़ा कांगड़, पंजावर, बढेड़ा राजपूतां, अमलेहड़, लठियाणी, सोहारी टकोली, अकरोट, चक्कसराये, चुरुड्ड, धर्मशाल महंता, शिवपुर मुबारिकपुर, बसाल, बसोली एम्ब देहलों को 50-50 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुई। केटेगरी-4 के अंतर्गत जिला ऊना में 45 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने कायाकल्प अवार्ड प्राप्त किया, जिनमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर झूडोवाल ने प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, आयुष्मान आरोग्य मंदिर धुंधला प्रथम रनअप 50 हजार रुपए, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पनोह द्वितीय रनरअप ने 35 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप हासिल किए, जबकि बाकि 42 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 25-25 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर संजीव कु मार वर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजय मनकोटिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुखदीप सिंह, जिला कंसलटेंट डॉक्टर रमन संदल, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी वर्ग, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी वर्ग को देते हुए बधाई दी और कहा कि जिला के समस्त चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों के से ही यह संभव हुआ है।

# जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना ने मंडी के आपदा प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आपदा की कठिन घड़ी में पारस्परिक सहयोग और मानवीय सरोकार का परिचय देते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना ने बुधवार को मंडी जिले के लिए राहत सामग्री भेजी। यह सामग्री उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल के दिशा निर्देश में मंडी के उपायुक्त कार्यालय के लिए रवाना की गई। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव सीपीओ संजय संख्यान भी उपस्थित रहे।

भेजी गई राहत सामग्री में 40 राहत किट्स सहित अन्य अत्यावश्यक वस्तुएं शामिल हैं। प्रत्येक राहत किट में स्नान एवं कपड़े धोने का साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, सैनिटरी पैड, थाली, कप, स्क्रबर, प्लास्टिक कंटेनर, चप्पल और जैकेट जैसी दैनिक उपयोग की कुल दस श्रेणियों की सामग्री सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त 20 प्रेशर कुकर, 20 इंडक्शन चूल्हे, 20 गैस स्टोव, 20 बाल्टी-मग सेट, 20 टारपोलिन, 25 बर्तन सेट, 100 कंबल और 8 बॉक्स पैकेट दूध पाउडर भी भेजे गए हैं।

इस संबंध में उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि यह सहायता मंडी जिले के आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से भेजी गई है। उन्होंने कहा कि ऊना जिला प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी आपदा की इस घड़ी में मंडी के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़े हैं। आवश्यकता पड़ने पर आगे भी हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



सहायता सामग्री से भरी गाड़ी के साथ उपायुक्त जतिन लाल और अन्य।

# मंडी जिले के आपदा प्रभावितों की कुटलैहड़ से लगातार जारी है मदद



राहत सामग्री से भरे चौथे टेम्पो को हरी झंडी दिखाते भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से मंडी जिले में बाढ़ व भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए लगातार राहत सामग्री भेजी जा रही है। इस क्रम में बुधवार को कुटलैहड़ विस क्षेत्र से लगातार चौथा टेम्पो भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के नेतृत्व में रवाना किया गया, जिसमें इस बार लगभग 150 गद्दे और 50 से अधिक कंबल शामिल थे।

इस मौके पर जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा नेता बलराम बबलू, भाजपा नेता मनोहर लाल शर्मा, भाजपा नेत्री संतोष सैनी, सुषमा ठाकुर, राज कुमार, राहुल शर्मा, ज्ञान चंद, पूर्व जिला परिषद सदस्य राज कुमार, अभिषेक शर्मा, शाम चंदेल बही सहयोगी करने बालों में बलराम बबलू, रामआसरी देवी, कृष्ण पाल शर्मा, रमेश वशिष्ठ, योगराज भारद्वाज, एसडीओ विपन कुमार, अशोक वशिष्ठ, सुरेंद्र धीमान, सलोचना शर्मा, नरेश वशिष्ठ, सूरम सिंह, सीमा देवी, कमलेश कुमारी, सुरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, अनिल ठाकुर, अजय, रामगोपाल शर्मा, धर्मपाल, नमन, राहुल शर्मा ने मंडी जिला में आई आपदा पर राहत भेजने में बहुमूल्य योगदान दिया।

# ऊना के मजदूर संगठनों ने हड़ताल का किया समर्थन

## इंटक के राष्ट्रीय सचिव और एटक के प्रधान ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

देशभर मे बुधवार को श्रमिक संगठनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में ऊना के मजदूर संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन ऊना जिले के जिलाधीश के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में श्रमिकों ने केंद्र सरकार से पिछले 11 वर्षों से मजदूर, किसान और आम जनता विरोधी नीतियों को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि चारों श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को रद्द किया जाए, न्यूनतम मजदूरी 26,000 रुपए प्रति माह निर्धारित की जाए, आंगनबाड़ी, आशा और मिड-डे मील कर्मियों को श्रमिक का दर्जा दिया जाए और मनरेगा में 120 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाए। संगठनों ने मांग की कि संविदा, आउटसोर्सिंग, ठेका, गेस्ट टीचर, आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, सफाई कर्मचारी सहित असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए।



डीसी को ज्ञापन सौंपते कामरेड जगत राम शर्मा और करनैल सिंह व अन्य।

इसके अलावा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने, बढ़ती महंगाई को रोकने और आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित करने की भी मांग की गई। ज्ञापन में ईपीएफआई में 100 प्रतिशत जमा राशि के निवेश की वापसी, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और रेलवे, बीमा, बैंक, डाकघर जैसे संस्थानों के निजीकरण पर रोक लगाने की भी मांग उठाई गई।

ज्ञापन पर विभिन्न श्रमिक संगठनों के नेताओं और सदस्यों के हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान एआईटीयूसी से करनैल सिंह जसविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, इंटक से कॉमरेड जगत राम शर्मा, विजय राणा, खुशहाल सिंह, अनिल कुमार, मुकेश शर्मा सहित यूनियनों के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक हटली के छात्रों ने जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक रैली निकाली, जिसका नेतृत्व प्रधानाचार्य राजपाल सरोही ने किया। इसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से बच्चों ने नशा छोड़ो जिंदगी सवारो, नशा नाश का दूसरा नाम, हम युवा हैं नशे के खिलाफ खड़े हैं जैसे नारे लगाकर समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर हटली गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस स्कूल परिसर पहुंची। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज पाल सरोही ने बच्चों को नशे से हमेशा दूर रहने का संकल्प करवाया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं को अंदर से खोखला कर रहा है। हमें मिलकर इस बुराई को जड़ से खत्म करना चाहिए इस मौके पर उपप्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने भी नशे के खिलाफ जागरूक किया। रैली में जीव विज्ञान प्रवक्ता सुनील कुमार, प्रवक्ता विवेकशील शर्मा, शारीरिक प्रवक्ता यशवंत परमार, प्रवक्ता कंचन गौतम, प्रवक्ता अनीता कुमारी, प्रवक्ता मैडम जगोता ने भाग लिया।

# श्रावण अष्टमी मेले पर कल होगी चर्चा

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रावण अष्टमी मेले की तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक 11 जुलाई को दोपहर 12 बजे बाबा श्री माईदास सदन के सभागार में होगी, जिसकी अध्यक्षता डीसी ऊना जतिन लाल करेंगे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मेले की तैयारियों की समीक्षा करना और आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना है। इसमें सभी विभागों के अधिकारियों, मंदिर न्यासियों और पुजारी को उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं। बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन ने मेले की तैयारियों के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। बैठक में लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

# बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए की गई घोषणाएं होंगी कारगर साबित : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते विधायक विवेक।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने मंडी जिले के दौरे के दौरान बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए एक के बाद एक राहत घोषणाएं कर न केवल जनभावनाओं का सम्मान किया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि उनकी सरकार आपदा की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान जिन परिवारों के घर बाढ़ में बह गए या पूरी तरह से नष्ट हो गए, उन्हें सात लाख रुपए की राशि आशियाना निर्माण सहायता के रूप में देने की घोषणा की, साथ ही, जिनके पास अपनी भूमि नहीं है, उन्हें सरकार की ओर से भूमि प्रदान करने का भी वादा किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की इन घोषणाओं का स्वागत करते हुए कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने जो कहा, उसे करके भी दिखाया है।

विवेक शर्मा ने कहा कि बीते अढ़ाई वर्षों से लगातार प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित हो रहे परिवारों को राहत प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और मुख्यमंत्री द्वारा मंडी में की गई घोषणाएं इसी का प्रमाण हैं, जिनका बाढ़ प्रभावितों को बहुत लाभ मिलेगा।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** कृषि विभाग विकास खंड बंगाणा द्वारा लठियाणी पंचायत के राजली बनियाला और जड़ोल गांव में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार की अगुवाई में आयोजित इस शिविर में किसानों को रासायनिक खेती के दुष्परिणामों और प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी गई।

इस शिविर में किसानों को जीवामृत व अग्नि अस्त्र बनाने की विधि सिखाई गई और रासायनिक दवाइयों से दूरी बनाकर जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया गया। रवि कुमार ने बताया कि सरकार प्राकृतिक उपज को बढ़ावा दे रही है और जैविक मक्की व गेहूं के लिए क्रमश 4000 व 6000 प्रति क्विंटल तक समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु और उपप्रधान बाबा निर्मल सिंह ठाकुर ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास किसानों को स्वस्थ और सुरक्षित खेती की ओर प्रेरित करेगा।





प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लठियाणी में जागरूकता शिविर आयोजित किया।

उपप्रधान ठाकुर ने स्वयं भी प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया, लेकिन घरवाले नहीं मानते हैं। प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु ने कहा कि मैं भी बहुत कोशिश करता हूं लेकिन घर वाले मानते नहीं हैं, तो मजबूरी में दवाई डालनी पड़ती है, लेकिन अब मैं भी प्राकृतिक खेती ही करूंगा। इस अवसर पर सीआरपी. अनीता कुमारी, नीना कुमारी, स्नेहलता, चंद्रकांता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और किसान उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को सराहनीय और भविष्य के लिए मार्गदर्शक बताया।

प्रधान और उपप्रधान ने तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार व श्वेता ठाकु का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर प्राकृतिक खेती की दिशा में एक सकारात्मक आंदोलन की शुरुआत है।

# बंगाणा बाजार में हो रहे जलभराव से व्यापारी परेशान, सौंपा ज्ञापन

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



कार्यकारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी व अन्य।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के मुख्य बाजार में बरसात के पानी की निकासी न होने से व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव की इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने एकजुट होकर कार्यकारी एसडीएम बंगाणा अमित शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

व्यापारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण वर्षा का पानी दुकानों में घुस रहा है। इससे न केवल व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, बल्कि ग्राहकों को भी भारी असुविधा हो रही है। दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और बारिश के पानी के कारण दुकानें चलाना कठिन हो गया है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित व्यापारियों ने अपने हस्ताक्षर के साथ समर्थन दिया। इस ज्ञापन में दुकानदार तिलकराज शर्मा, सुनील सिंह, रजि कुमार, दीपक वर्मा, अर्पित वर्मा, डीएस ठाकुर, रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, राहुल, अमित वर्मा, मनीष कुमार, कपूर चंद, रविंद्र रोपड़, नरेश कुमार, राज कुमार, संजीव कुमार, अजय कुमार, वैभव, सतीश, लक्की, रिंकू, सुरेंद्र कुमार, सचिन, सौरव चंद, एम.आर. शर्मा, कुलदीप कुमार और जोगिंद्र देव आर्य के हस्ताक्षर रहे।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई, जल निकासी की उचित व्यवस्था और सड़क किनारे उचित ढलान सुनिश्चित की जाए।

**फायदा** शिवम ऑर्थोकेयर ने रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम किया लॉन्च

# ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की अब और बढ़ेगी सटीकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल और पंजाब क्षेत्र के जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों को ऊना के सर्वश्रेष्ठ ऑर्थोपेडिक अस्पतालों में से एक शिवम ऑर्थोकेयर अस्पताल में कोरी नामक एक उन्नत एआई-संचालित रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम की शुरुआत से बहुत फायदा मिलने वाला है। यह अत्याधुनिक तकनीक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सटीकता बढ़ाएगी और सर्जरी के परिणामों को बेहतर बनाकर क्रांति लाएगी। मरीज अब तेजी से ठीक होने के कारण जल्द घर लौट सकेंगे और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की पारंपरिक तकनीकों की तुलना में बिना दर्द के अपने दैनिक कार्य कर सकेंगे।

इस तकनीक को लॉन्च करते हुए ऊना के शिवम ऑर्थोकेयर अस्पताल के प्रतिष्ठित ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. रितेश कुमार सोनी ने कहा कि कोरी रोबोटिक सिस्टम की शुरुआत ऑर्थोपेडिक सर्जरी में एक नए युग की शुरुआत है, जो अत्यधिक सटीक और मिनिमली इनवेसिव प्रोसीजर्स (कम से कम चीरफाड़ वाली प्रक्रियाएं) की अनुमति देता है। यह तकनीक न केवल सर्जिकल सटीकता को बढ़ाती है, बल्कि मरीजों के लिए रिकवरी के समय को भी काफी कम करती है, जिससे वे अपनी दैनिक गतिविधियां जल्द शुरू कर सकते हैं।



लॉन्च कार्यक्रम में गणमान्य, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और समुदाय के सदस्य शामिल हुए।

डॉ. सोनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हिमाचल प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुपर-स्पेशियलिटी ऑर्थोपेडिक सेवाएं प्रदान करना है। कोरी रोबोटिक सिस्टम की शुरुआत के साथ हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि हमारे मरीज खामोशी से दर्द न सहते रहें और उन्हें सर्वोत्तम संभव देखभाल मिल सके। अब इन क्षेत्रों के मरीजों को अपने शहरों में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी और उन्हें रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए बड़े शहरों की लंबी यात्राएं नहीं करनी पड़ेंगी।

डॉ. सोनी ने 15 वर्षों की अवधि में 1,500 से अधिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किए हैं, जिससे इस क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए उनकी प्रतिष्ठा स्थापित हुई है। वर्तमान में वह चार पूर्णकालिक/उत्कृष्ट ऑर्थोपेडिक सर्जनों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जो हिमाचल और पंजाब के आसपास के क्षेत्रों के सभी निवासियों को विशेष ऑर्थोपेडिक देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. सोनी ने आईजीएमसी शिमला से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की, उसके बाद पीजीआई चंडीगढ़ से ऑर्थोपेडिक्स में एमएस किया। अपने कौशल को और निखारने के लिए डॉ. सोनी ने हांगकांग और दक्षिण कोरिया में फेलोशिप ली, जहां उन्होंने ऑर्थोपेडिक तकनीकों में उन्नत विशेषज्ञता हासिल की।

लॉन्च कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य लोगों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और समुदाय के सदस्य शामिल हुए, सभी ने इस तकनीक द्वारा क्षेत्र में ऑर्थोपेडिक स्वास्थ्य सेवाओं में लाई गई नई संभावनाओं और क्षमताओं के लिए उत्साह और आशा व्यक्त की।

# डूमखर में गोवंश में गलघोंटू बीमारी की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



गोवंश का टीकाकरण करते बलबीर सिंह व अन्य।

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत राधा कृष्ण गोसदन डूमखर में एक अभियान के तहत सौ से अधिक गोवंश को गलघोंटू रोग का मुफ्त टीकाकरण किया गया। यह अभियान पशुपालन विभाग बंगाणा अस्पताल के सहयोग से चलाया गया, जिसमें वैटनरी फार्मासिस्ट बलबीर सिंह गोगी, जो जन सेवा कुटलैहड़ समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने सक्रिय भूमिका निभाई।

इस दौरान अन्य बीमारियों का भी प्राथमिक उपचार और जांच की गई। पशुओं की देखभाल हेतु स्थानीय गोसदन समिति के सदस्यों ने विशेष व्यवस्था की थी, जिससे टीम को कार्य करने में सुविधा मिली। राधा कृष्ण गोसदन डूमखर की समिति के सदस्य चंद्र कुमार शर्मा, दिलबाग सिंह राणा, अनीता शर्मा और मैडम इंदु बाला, जोगेंद्र देव आर्य, अजय ठाकुर, विपिन साजन, अजय शर्मा, मनोज कुमार ने फार्मासिस्ट बलबीर सिंह गोगी और उनकी टीम का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में जागरूकता आती है और लोगों को गोसेवा के प्रति प्रेरणा मिलती है।

बलबीर सिंह गोगी ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर पर भी गोसेवा में योगदान दें और जरूरत पड़ने पर गोशालाओं का सहयोग करें, ताकि कोई भी गोवंश बेसहारा न रहे और उसे सम्मानजनक जीवन मिल सके।

# सोलंगनाला में पुलिस ने पकड़ा पशुओं से भरा ट्रक

**अनंत ज्ञान, मनाली**



पुलिस ने सोलंग नाला के पास पशुओं से भरा ट्रक पकड़ा है व ट्रक को कब्जे में ले लिया है तथा चालक व परिचालक पर मामला दर्ज कर लिया है।


पुलिस को मनोहर लाल पुत्र रोशन लाल गांव डवरोग डाकघर गैहरा तहसील सरकाघाट जिला मंडी हिप्र उम्र 37 ने पुलिस को बताया कि वह स्काई वन सकी कॉटेज में काम करता है। बुधवार को सुबह साढ़े छह बजे अटल टनल की ओर से आ रहा ट्रक एचआर 58सी 7533 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे पत्थरों में फंस गया, जब वह स्थानीय लोगों के साथ सहायता के लिए ट्रक के पास पहुंचा, तो ट्रक से दो लोग भागने लगे, जिन्हें लोगों ने पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी ली तो उसमें पांच बैल व तीन गाय दयनीय हालत में पाए। सभी पशुओं के नाक में नकेल कसा था और उन्हें ठूंस-ठूंस कर भरा था। आरोपियों की पहचान सोनू पुत्र इरफान गांव डाकघर नाकुड, सहारनपुर उत्तर प्रदेश परिचालक तथा मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद याकुब, मोहल्ला नदीम कलोनी थाना मंडी सहारनपुर उत्तर प्रदेश ट्रक चालक के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि बीएनएस की धारा 281,125 (ए) सहित पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 और हिमाचल प्रदेश गोहत्या प्रतिषेध अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए 5200 से अधिक पंजीकरण

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** अत्यंत कठिन मानी जाने वाली श्रीखंड महादेव यात्रा का शुभारंभ वीरवार को सुबह 5 से 6 बजे के बीच बेसकैंप सिंहगाड से होगा।

मिल्कफैड के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अभी तक ऑनलाइन माध्यम और बेसकैंप सिंहगाड में कुल 5200 से अधिक श्रद्धालुओं का पंजीकरण हो चुका है। प्रति दिन बेसकैंप सिंहगाड से 800 श्रद्धालुओं को ही यात्रा पर भेजा जाएगा। एसडीएम निरमंड व श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह ने जानकारी दी कि यात्रा मार्ग को 5 सेक्टरों में बांटा गया है, जिनकी निगरानी के लिए 6 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। ये मजिस्ट्रेट स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, होमगार्ड और रेस्क्यू टीमों के साथ तालमेल रखते



हुए यात्रा पर नजर रखेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेहत के लिए स्वास्थ्य विभाग की 9 सदस्यीय टीम मंगलवार को रवाना हो गई है। कार्यकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप नेगी ने बताया कि यह टीम आयुर्वेदिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ललित ठाकुर की अगुवाई में काम करेगी। इसमें 5 आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर और 4 फार्मेसी अधिकारी शामिल हैं। यह टीम पहले चरण में 10 से 17 जुलाई तक विभिन्न पड़ावों पर तैनात रहेगी। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस की दो रिजर्व बटालियन समेत कुल 60 जवान और होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। ये टीमें किसी भी आपात स्थिति जैसे फिसलने, गिरने या भटकने पर श्रद्धालुओं की मदद करेंगी और नशे पर भी सख्ती से नजर रखेंगी। एसडीएम मनमोहन सिंह ने बताया कि मौसम खराब होने या बारिश की स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर रोक दिया जाएगा। इसके अलावा रास्ते खराब होने की सूरत में मरम्मत के लिए वन विभाग ने अलग-अलग जगहों पर टीमें तैनात कर दी हैं, ताकि यात्रा सुचारू रूप से जारी रह सके। वहीं, एसडीएम मनमोहन सिंह देर शाम बेसकैंप सिंहगाड पहुंचे और यात्रा प्रबंधों का जायजा लिया।

# भांग के 59000 पौधे किए नष्ट, पांच लोगों को जुआ खेलते धरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में पुलिस ने भांग के पौधों को नष्ट किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कुल्लू की टीमों द्वारा गश्त के दौरान छिछम, भुरखू डुघ व पधरू थाच में अवैध रूप से उगाए गए लगभग 59,000 भांग के पौधों को बरामद कर नष्ट किया गया। इस संदर्भ में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस थाना कुल्लू में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत 4 अलग-अलग मामले दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने कहा कि कुल्लू जिले में नशे को जड़ से खत्म किया जाएगा। पुलिस ने 5 लोगों को जुआ खेलते हुए धरा है साथ ही 58,400 रुपए भी बरामद किए हैं। पुलिस की जानकारी के अनुसार थाना कुल्लू की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तलोगी गांव में गोविंद सिंह के रिहायशी कमरे में जुआ खेलते हुए 5 लोगों को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से मोके पर 58,400 रुपए की नकदी भी बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना कुल्लू में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है ।

# बम से कुल्लू कोर्ट को उड़ाने की धमकी पर हड़कंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला एवं सत्र न्यायालय कुल्लू को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मेल से मिली धमकी के तुरंत बाद सतर्कता बढ़ाई गई और कोर्ट परिसर को खाली करवाया। सभी कर्मचारी व अधिवक्ता कोर्ट परिसर से बाहर आ गए।

वहीं सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वाड भी मौके पर पहुंचा। इससे पहले भी मई में आतंकी संगठन से डीसी कार्यालय कुल्लू को मेल के जरिये बम धमाके करवाने की धमकी मिली थी। बम से कोर्ट परिसर उड़ाने की धमकी के बाद कोर्ट परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में दोपहर तक हड़कंप का माहौल रहा। इससे पहले भी कुल्लू के डीसी कार्यालय को इसी तरह की धमकी मिल चुकी है। इसमें कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। हालांकि, वह धमकी झूठी साबित हुई थी, लेकिन अब दोबारा कोर्ट परिसर को निशाना बनाने की चेतावनी से सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। फिलहाल, पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश में जुट गई है। उधर, जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# मतदाता सूचियों को सटीक व त्रुटिरहित बनाने में बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण : आकांक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केलांग में 63 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) व 7 बूथ लेवल सुपरवाइजरों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी आकांक्षा शर्मा ने की।



बैठक के दौरान एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में मतदाता सूचियों के पूर्व-संशोधन कार्यों को लेकर आयोजित कार्यशाला के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रिरिविजन की प्रक्रिया निर्वाचन प्रणाली की नींव है, जिससे मतदाता सूची को सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बीएलओ और सुपरवाइजर की भूमिका इस कार्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे ही क्षेत्रीय स्तर पर मतदाता से सीधे संपर्क में रहते हैं। जिले में मतदाता सूचियों का मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य 21 जुलाई से 21 अगस्त तक किया जाना है। इसके संदर्भ में बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र में निर्वाचन तहसीलदार पवन राणा ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं बूथ लेवल सुपरवाइजरों को अपने-अपने मतदाता केंद्र की क्षेत्राधिकार में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत, स्थानांतरित या डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने, लिंग, आयु व नाम सुधार तथा विकलांग मतदाताओं की विशेष पहचान जैसे बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रौद्योगिकी आधारित प्लेटफार्म जैसे बीएलओ ऐप, एरो नेट तथा वीएसपी पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के दौरान निर्वाचन कार्यालय के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा प्रपत्र 6, 7 और 8 को भरने की प्रक्रिया को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया गया।

# विशेष मध्यस्थता अभियान में निपटाएं न्यायालय के मामले

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर स्थित रिकांगपिओ के एक प्रवक्ता ने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।

90 दिवसीय यह अभियान 1 जुलाई से लेकर 30 सितंबर तक देश के सभी तालुका न्यायालयों, जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारे के लिए चलाया जाएगा। इस विशेष मध्यस्थता अभियान के दौरान वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले (धारा 138 एनआई एक्ट), वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली मामले, विभाजन और बेदखली के मुकदमे, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त सिविल मामले शामिल किए जाएंगे। कोई भी व्यक्ति, जो अपने मामले को इस विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत निपटाना चाहता है, वह विशेष रूप से न्यायालय परिसर आनी, जिला कुल्लू के साथ-साथ न्यायालय परिसर रामपुर बुशहर, न्यायालय परिसर रिकांगपिओ या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (एडीआर केंद्र) रिकांगपिओ में अपने मामले को सूचीबद्ध करने के लिए संपर्क कर सकता है। किसी भी जानकारी या सहायता के लिए, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रिकांगपिओ के लैंडलाइन नंबर 01786-223605 या ई-मेल secy-dlsa-kin-hp@gov.in पर भी संपर्क किया जा सकता है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के न्यायालयों (तालुका से लेकर उच्च न्यायालय तक) लंबित उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से जल्द, सस्ता और पारदर्शी ढंग से हल करना है। मध्यस्थता एक तेज, प्रभावी, सस्ती और गोपनीय प्रक्रिया है। इसमें विवादों को न्यायालय के बाहर, आपसी समझौते द्वारा सुलझाया जाएगा।

# 10 .790 ग्राम चिट्टे सहित पंजाब का व्यक्ति काबू

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली पुलिस ने पंजाब के व्यक्ति को 10.790 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तरसेम उम्र 40 वर्ष आरओ मकान नं. 49 वार्ड नं. 28 पीपल वाला चौक पुराना बाजार तहसील व जिला मोगा पंजाब के रूप में हुई है।

मनाली पुलिस ने नशाखोरी के प्रति धरपकड़ तेज कर दी है। दो दिन में पंजाब के दो लोग चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि बुधवार को हैड कांस्टेबल विनोद कुमार वोल्वो बस स्टैंड में गश्त व यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए ड्यूटी पर थे। सुबह लगभग पौने आठ बजे उन्होंने शक के आधार पर तरसेम की चैकिंग की, तो उसके पास से 10.790 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। उन्हें कहा कि दो दिन में पंजाब के दो लोगों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि नशा माफियों पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## बुजुर्ग 904 ग्राम चरस सहित काबू

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लुहरी पुलिस चौकी की टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने बैहना मोड़ समीप छांऊटी में नाकाबंदी के दौरान एचआरटीसी बस में सफर कर रहे 72 वर्षीय बुजुर्ग मोती राम पुत्र स्व. बली राम निवासी गांव दुवेड़ (जडार), डाकखाना खुन्न, तहसील आनी को 904 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना आनी में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा-20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बरामद चरस की खरीद-फरोख्त और नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

# बारिश से लुहरी में एनएच-305 बाधित गाड़ी मलबे में दबी, चालक सुरक्षित



एनएच 305 आनी-लुहरी मार्ग पर मलबे में दबी गाड़ी को निकालती जेसीबी।

**अनंत ज्ञान, आनी**

बुधवार दोपहर बाद अचानक हुई तेज बारिश से एनएच 305 आनी-लुहरी मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। लुहरी के समीप एक नाले में आई बाढ़ के चलते भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया, जिससे एक गाड़ी मलबे में दब गई।

जानकारी के अनुसार यह गाड़ी आनी की ओर जा रही थी। गनीमत रही कि समय रहते चालक बाहर निकल गया और उसकी जान बच गई। हादसे की सूचना मिलते ही एनएच विभाग ने तुरंत मशीनरी मौके पर भेजकर मलबा हटाने और मार्ग को बहाल करने का काम शुरू कर दिया। तेज बारिश के कारण क्षेत्र के अन्य छोटे-बड़े नालों में भी पानी का बहाव अचानक तेज हो गया, जिससे जगह-जगह सड़क पर मलबा और पत्थर आ गए हैं। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

## महिला आयोग की अध्यक्ष पहुंची जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय

# सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को जाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कुल्लू में महिलाओं के हित में चल रहे सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने महिला आयोग की अध्यक्ष का स्वागत किया व वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं व युवतियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया।



विद्या नेगी का स्वागत करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी व विभाग के अन्य कर्मचारी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कुल्लू में किसी भी प्रकार से हिंसा से पीड़ित महिला व युवती के लिए सेंटर में एक ही छत के नीचे कानूनी, मनोवैज्ञानिक, परामर्श सहायता, चिकित्सा, पांच दिन तक रहने व खाने की सुविधा सहित तत्कालीन आपातकालीन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सेंटर में अब तक घरेलू हिंसा से लेकर विभिन्न प्रकार से पीड़ित महिलाओं के करीब 300 केस दर्ज किए जा चुके हैं। इसको सुलझाने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया गया है। सहायता चाहने वाली महिलाओं को व्यापक सहायता व मागदर्शन प्रदान किया गया है तथा यह सुनिश्चित किया गया है कि उन्हें सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं मिल सकें।

गजेंद्र ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर 24 घंटे पीड़ित महिलाओं को सुविधा प्रदान करने का कार्य करता है। इस दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष ने सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को जाना व पीड़ित महिलाओं व युवतियों को ठहराने के लिए व्यवस्थित कमरों का भी निरीक्षण किया। महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हर परेशान महिला को तुरंत व सही मदद मिले। उन्होंने बेटियों के लिए चलाई जा रही योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि हमें लिंग के आधार पर हो रहे भेदभाव, प्रताड़ना व शोषण को जड़ से खत्म करना है, ताकि महिलाएं सशक्त हो सकें, बेटियों को विकास व शिक्षा के समान अवसर प्राप्त हो सकें। महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि जिले में चल रहे वन स्टॉप सेंटर का कार्य बेहद प्रभावशाली व अच्छा है। इस दौरान उन्होंने सेंटर के संचालन में आ रही दिक्कतों के बारे में भी जाना व जल्द से जल्द उनका हल करने का आश्वासन दिया।

# बिजली मीटर की ई-केवाईसी करवाएं

**अनंत ज्ञान, आनी।** बिजली विभाग आनी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं की बिजली मीटर से संबंधित ई-केवाईसी प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हुई है, वे जल्द यह कार्य सुनिश्चित करें। विभाग ने अपील की है कि ऐसे सभी उपभोक्ता अपना आधार कार्ड साथ लेकर 22 केवी कंट्रोल प्वाइंट बिजली कंप्लेंट ऑफिस आनी में उपस्थित हों। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि मीटर की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है, ताकि उपभोक्ताओं को बिजली सेवा मिलती रहे और भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। विभाग ने विशेष रूप से आनी ब्लॉक क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से समय पर सहयोग की अपेक्षा जताई है। यह कदम उपभोक्ता डेटा के अद्यतन एवं बिजली सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उठाया गया है। विभाग ने कहा कि समय रहते केवाईसी नहीं कराने की स्थिति में संबंधित मीटरों की बिजली सेवा बाधित हो सकती है।

# अश्वनी बने सराज पिकअप यूनियन आनी के अध्यक्ष



सराज पिकअप यूनियन आनी की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य।

**अनंत ज्ञान, आनी**

सेब सीजन की शुरुआत के साथ ही सराज फॉर व्हीलर पिकअप यूनियन ने नई कार्यकारिणी का गठन किया। बुधवार को यूनियन के पूर्व प्रधान पूर्ण कौशल ने अपने पद से इस्तीफा देकर पुरानी कार्यकारिणी भंग की।

इसके बाद सर्वसम्मति से अश्वनी कारदार 'सीटू' को नया प्रधान चुना गया। नई कार्यकारिणी में संजय चौहान को उपप्रधान, नरेश कुमार, मंजू शर्मा को सचिव, सुनील दत्त को कोषाध्यक्ष और सुनील कुमार को सहसचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पूर्ण कौशल ने कहा कि उन्होंने पांच वर्षों तक यूनियन को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से चलाया और आगे भी हर संभव सहयोग देते रहेंगे। नई कार्यकारिणी ने पूर्व प्रधान पूर्ण कौशल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान पूर्ण कौशल, नव निर्वाचित प्रधान अश्वनी कारदार, उपप्रधान संजय, मंजू शर्मा, सुनील दत्त, नवल ठाकुर, विनायक, लाल सिंह, हैदर अली, तेज राम, दौलत राम, रमेश समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यूनियन ने बागवानों को आश्वस्त किया कि इस बार भी हर गांव के लिए सेब सीजन में गाड़ियां सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मिठाई वितरित कर मनाया एबीवीपी का स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एबीवीपी कुल्लू इकाई द्वारा बुधवार को एबीवीपी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कुल्लू कॉलेज परिसर में एक विशेष संगोष्ठी, पर्चा वितरण व मिठाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों व एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद गीत के साथ हुई। एबीवीपी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, छात्रों और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश सह मंत्री जाह्नवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने एबीवीपी के इतिहास, उद्देश्यों, कार्यशैली और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को एबीवीपी की विभिन्न योजनाओं, छात्र हित में चलाए जा रहे आंदोलनों और संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। जाह्नवी ने कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि यह एक राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है।

### एबीवीपी कुल्लू ने छेड़ा धन संग्रह अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई ने सैंज बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए धन संग्रह अभियान चलाया है। हाल ही में सैंज क्षेत्र में बादल फटने की घटना के कारण कई घरों और संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में प्रभावित हुए लोगों की सहायता के उद्देश्य से एबीवीपी कुल्लू इकाई ने राहत कोष के लिए धन संग्रह अभियान शुरू किया है। धन संग्रह अभियान की शुरुआत बुधवार को कुल्लू महाविद्यालय परिसर से की गई, जहां एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आम जन से स्वैच्छिक दान की अपील की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सैंज के उन पीड़ित परिवारों तक सहायता पहुंचाना है, जिनका सब कुछ इस आपदा में छिन गया। एबीवीपी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने बताया कि संगठन का असली उद्देश्य केवल छात्र हित नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए सेवा करना है।

**आक्रोश** कुल्लू बस स्टैंड से डीसी कार्यालय तक रैली निकालकर मांगों को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

# मांगों को लेकर कुल्लू में गरजे ट्रेड यूनियनों के मजदूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीटू की अखिल भारतीय कमेटी और 9 अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशन के आह्वान पर मजदूरों द्वारा हड़ताल की गई व कुल्लू बस स्टैंड से डीसी कार्यालय तक रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीसी कार्यालय के बाहर मजदूरों की मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में ईंटक व सीटू से संबंधित विभिन्न यूनियनों से हजारों मजदूर शामिल हुए। केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश में इस ऐतिहासिक हड़ताल में प्रदेश के हजारों मजदूर बीमा, बैंक कर्मचारी, बीएसएनएल, डाक विभाग के कर्मचारी भी शामिल हुए। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य महासचिव प्रेम गौतम तथा ईंटक के जिला अध्यक्ष खीमी राम चौहान ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने कोरोना काल में मजदूरों के 44 श्रम कानूनों को 4 लेबर कोड में बदल दिया है। इन में से 12 श्रम कानून तो बिलकुल खत्म कर दिए हैं।

श्रम कोड में नए प्रावधानों के अनुसार यूनियन बनाने का अधिकार छीना जा रहा है और यूनियन बन भी जाए तो मजदूरों को अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन व हड़ताल करने पर पाबंदियां लगाकर मजदूरों के खिलाफ फौजदारी मुकदमें बनाने का प्रावधान किया गया है। मोदी सरकार का यह कदम देशभर में अघोशित आपातकाल की शुरुआत है। केंद्र सरकार ने विभागों व कारखानों में पक्के किस्म के रोजगार खत्म कर दिए हैं व उनकी जगह ट्रेनी, अप्रैन्टिस, फिक्सटर्म, आउटसोर्स आदि का प्रावधान किया है। मजदूरों की आठ घंटे की बजाए 12 घंटे की ड्यूटी का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार ने श्रम विभाग को पंगु बना दिया है। लेवर कोड लागू होने पर श्रम अधिकारी किसी भी कारखाने में बिना डीसी की इजाजत के जांच के लिए नहीं जा सकता, जहां पर 40 से कम मजदूर काम करते हैं, वहां पर न्यूनतम वेतन, ईपीएफ, ईएसआई, मातृत्व अवकाश और अन्य छुट्टियों के कानून लागू नहीं होंगे। देश में 70 प्रतिशत लघु उद्योग श्रम कानून के दायरें से बाहर हो जाएंगे। केंद्र सरकार आंगनबाडी, मिड-डे मील, आशा वर्कर्स को भी नियमित तौर पर मानदेय देने में विफल रही है। मिड डे मील वर्कर्स को हिमाचल उच्च न्यायालय द्वारा 12 महीने का वेतन देने के फैसले को भी राज्य सरकार लागू नहीं कर रही है। केंद्र सरकार ने मनरेगा बजट में लगातार कटौती की है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। श्रमिक कल्याण बोर्ड से जुड़े निर्माण मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं से सरकार सुनियोजित तरीके से वंचित कर रही है। केंद्र सरकार कोयला, बिजली क्षेत्र, बीमा, बैंक, बंदरगाह, रेलवे, स्टील आदि क्षेत्रों को नीजि उद्योगपतियों को बेचने का फैसला किया है, जो देश हित में नहीं है।

## ढालपुर में बीएसएनएल कर्मचारियों ने की हड़ताल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देशभर में केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल रखी गई है। वहीं, कुल्लू जिले के मुख्यालय ढालपुर में भी बीएसएनएल के कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल की गई। इस दौरान केंद्र सरकार से मांग रखी गई कि जो भी कर्मचारियों की मांगे लंबित हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। हड़ताल को संबोधित करते हुए बीएसएनल एम्पलाइज यूनियन के परिमंडल सचिव ताराचंद ने बताया कि कर्मचारियों का वेतन साल 2017 के बाद संशोधित नहीं हो पाया है, ऐसे में बीएसएनएल की ग्राहक सेवा भी दिन-प्रतिदिन गुणवत्ताहीन होती जा रही है और लोग भी बीएसएनएल की सेवाओं से मुंह मोड़ रहे हैं। ताराचंद का कहना है कि केंद्र सरकार का तर्क है कि बीएसएनएल आज घाटे में चल रहा है, लेकिन उसके लिए केंद्र सरकार व उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा गलत नीतियों को लाया गया और आज उसका परिणाम लाखों कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। ताराचंद का कहना है कि आज बीएसएनएल की ग्राहक सेवा की गुणवत्ता इतनी नीचे गिर गई है कि तीसरे महीने में ही ग्राहक बीएसएनएल की सेवा लेने से मना कर रहा है। वहीं, अब साल 2027 में दोबारा से कर्मचारियों के वेतन को फिर से संशोधित किया जाना है, लेकिन जब साल 2017 में ही वेतन संशोधित नहीं हुआ, तो आगे किस तरह से यह पॉलिसी लागू की जाएगी। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह कर्मचारियों की बातों को ध्यान से सुनें और उनकी जो भी मांगें लंबित हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करें।

# नहीं रहे बंजार घाटी के संजय

**अनंत ज्ञान, बंजार।** शिमला से प्रकाशित होने वाले साप्ताहिक पाटन समाचार के मुख्य संपादक एवं विकास खंड बंजार की ग्राम पंचायत सराज के पूर्व प्रधान संजय ठाकुर के आकस्मिक निधन पर प्रेस क्लब बंजार, प्रेस क्लब सैंज से जुड़े सभी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं वेब पोर्टल के पत्रकारों ने शोक प्रकट किया। बंजार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि उनके अचानक संसार से चले जाने पर पत्रकार जगत के साथ-साथ बंजार घाटी को अपूरणीय क्षति पहुंची है। जानकारी के अनुसार वह अपनी उपचाराधीन धर्म पत्नी के इलाज के सिलसिले में पीजीआई चंडीगढ़ गए थे। इस दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी और देखते ही देखते संसार को अलविदा कह दिया। प्रेस क्लब बंजार के अध्यक्ष हरी कृष्ण कौल सहित संपूर्ण कार्यकारिणी, प्रेस क्लब सैंज के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर सहित संपूर्ण कार्यकारिणी पत्रकार परिषद, बंजार, साहित्य कार डॉ. बरयाम नेगी, कवित्री इंदु पटियाल के अतिरिक्त विस बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी आदि ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

# सराहां-धरयार, नारग-मरयोग सड़क की बदहाली से मुसाफिर हो रहे परेशान

संजय राजन, अनंत ज्ञान



**सराहां।** पच्छाद उपमंडल के अंतर्गत आने वाली सराहां-धरयार, नारग-मरयोग सड़क अपनी बदहाली के चलते मुसाफिरों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। कुछ दिनों पहले सड़क अपने टारिंग वर्क को लेकर चर्चा में आई थी, जब लोगों ने देखा कि सड़क में पड़े गड्ढों में रुके पानी व मलबे के ऊपर ही सड़क को काला करने के उद्देश्य से काम किया गया था। इसका स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया गया था।

वहीं, अभी बरसात का मौसम शुरू ही हुआ है कि इस सड़क में जगह-जगह पड़े गड्ढों में पानी भर चुका है। इलाके के स्थानीय निवासियों पूर्व प्रधान निशा ठाकुर, पवन शर्मा, भूपेंद्र ठाकुर, ऋषि राज, सतेंद्र, हरेंद्र, प्रशांत, अमित आदि ने बताया कि इस सड़क में जेवीएन स्कूल से भड़ूत, डूडर से चाकलाजोड़ी, शोट्टी, पझोपड, लाल टिक्कर, झाजड के साथ पुल, दाड़ो देवरिया, खरखोग, थलेड़ी बेड, चाकला, पाजे का ढाल आदि इलाकों में सड़क का खस्ताहाल है, जिससे वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि सड़क के किनारे नालियों का निर्माण नहीं किया गया। इससे से बारिश का सारा पानी सड़क पर आ रहा है। विभाग के अधिकारियों से जब संपर्क किया जाता है तो न तो वह फोन उठाते, न ही कोई विभाग का अधिकारी या कर्मचारी इस सड़क की सुध लेता है। लोगों का मानना है कि सरकार ने इस सड़क को पक्का करने के लिए फंड स्वीकृत करके जारी कर दिया है, लेकिन इसे सही तरीके से खर्च करना विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। लोगों ने बताया कि वर्ष 2002 में यह सड़क पक्की की गई थी। उसके बाद इसमें कोई कार्य नहीं हुआ, अब दो दशक बाद इसे पक्का किया जा रहा है, तो हालात सभी के सामने हैं। इस विषय पर जब पच्छाद की विधायक रीना कश्यप से बात की तो उन्होंने बताया कि इस विषय पर उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की है, वह जल्द ही मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।

# हैप्पी वैली सोलन का सेब देश की मंडियों में अब धूम मचाने को तैयार

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** टमाटर उत्पादन के लिए मशहूर सोलन की हैप्पी वैली में अब उच्च घनत्व का अर्ली वैरायटी सेब रोबोट स्टॉक पीआर, डार्क बैरन गाला, ट्रैक्स गाला, सिनेको रेड गाला, किंग रोट और पोलिनेटर एम-9 पीआर ग्रैनिज्मथ गाला देश के बड़े शहरों में धूम मचाने को तैयार है। अपर शिमला के सेब सीजन से ठीक पहले तैयार होने वाले उच्च घनत्व के सेब की मांग देश के बड़े शहरों में की जा रही है। खासकर इस सेब की मांग राजस्थान में है। हैप्पी वैली सोलन के कोठी, बैरटी में तैयार सेब की पहली खेप जयपुर भेजी गई है। बागवानों को इस बार भी अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। बड़े शहरों में मांग के चलते सोलन के सेब उत्पादक चंडीगढ़-दिल्ली के बजाए जयपुर जैसे शहरों में अपनी फसल बेचना पसंद करते हैं। हैप्पी वैली में इस बार 9 हजार बॉक्स सेब होने का अनुमान है।



सोलन की हैप्पी वैली में तैयार अर्ली वैरायटी डार्क बैरल गाला सेब।

> फल विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. डीपी शर्मा का कहना है कि सोलन में उच्च घनत्व सेब उत्पादन की काफी संभावनाएं हैं। सोलन के आसपास कई लोग अब सेब उत्पादन करने लगे हैं।

## युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा

टमाटर, शिमला मिर्च की फसल के साथ उच्च घनत्व के सेब उत्पादन से स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा दिखाई है। रूट स्टॉक डार्क बैरन गाला किस्म सेब के उत्पादन से युवा किसानों की किस्मत चमक गई। पांच वर्ष पहले प्रयोगात्मक तौर पर लगाए डार्क बैरन गाला सेब की पैदावार ने हैप्पी वैली के नाम से मशहूर कायलर, बैरटी, कोठे गांव के युवाओं को लखपति बना दिया। हैप्पी वैली में तैयार हो रहे रेड बैरल गाला सेब की इन दिनों जयपुर की मंडियों में खूब मांग है। इसी को देखते हुए स्थानीय युवाओं ने अपना सेब जयपुर की मंडी में भेजना उचित समझा। पिछले वर्ष जयपुर में हैप्पी वैली का सेब 190 से 220 रुपए प्रति किलो बिक रहा था यानी 22 किलो बॉक्स का दाम 4500 से 5000 रुपए मिल था। इससे युवा बागवानों का हौंसला बढ़ा है।

## रंग लाई मेहनत, लाखों की कमाई

**हैप्पी** वैली बैरटी गांव के युवा बागवान कपिल मेहता, राजू राजेश और हनीश शर्मा ने 4 वर्ष पहले स्थानीय उन्नत बागवान विक्रांत ठाकुर से प्रेरित होकर गाला वैरायटी सेब के 400 से 500 पौधे लगाए थे। इससे तीसरे वर्ष ही अच्छी फसल मिलने लगी है। सोलन में 1600 मीटर की ऊंचाई वाले कोठी, बैरटी और घट्टी क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में कई युवाओं ने सेब उत्पादन को आमदनी का जरिया अपनाया है। सोलन के कोठी गांव में तैयार हुए सेब का स्टैंडर्ड साइज तो है ही क्वालिटी में भी बेस्ट है। इसका कारण कोठी गांव में मिट्टी की गुणवत्ता व पानी की पर्याप्तता मौजूद है। खास बात है कि यह सेब अर्ली वैरायटी का होने के चलते सबसे पहले मार्केट में पहुंचता है। इससे सेब उत्पादकों को मार्केट में मुंह मांगे दाम मिलते हैं।

# जेबीटी के 19 पदों के लिए काउंसिलिंग 21 से 23 तक

अनंत ज्ञान, सोलन

कनिष्ठ बुनियादी अध्यापकों (जेबीटी) के भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों की श्रेणी के अंतर्गत 19 पदों पर भर्ती की जानी है। यह जानकारी उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन मोहिंदर चंद ने दी।

मोहिंदर चंद ने कहा कि इन पदों पर भर्ती के लिए काउंसिलिंग 21, 22 व 23 जुलाई को उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन के कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित की जाएगी। 21 को कांगड़ा, चंबा, लाहौल-स्पीति तथा कुल्लू जिले के उम्मीदवारों के लिए, 22 को हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना तथा किन्नौर जिले के उम्मीदवारों के लिए तथा 23 को सोलन, मंडी, शिमला, सिरमौर एवं सभी जिलों के बचे हुए उम्मीदवारों के लिए काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में वहीं उम्मीदवार भाग ले सकते हैं, जो भर्ती एवं पदोन्नति (2024) नियमों के तहत निर्धारित योग्यता व श्रेणीवार बैच की शर्त पूर्ण करते हो। सामान्य वर्ग के 12 पदों के लिए 31 दिसंबर, 2018 तक, अनुसूचित जाति के एक पद के लिए 31 दिसंबर, 2020 तक, अनुसूचित जनजाति श्रेणी के 3 पदों के लिए 31 दिसंबर, 2019 तक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 3 पदों के लिए 31 दिसंबर, 2018 तक के बैच काउंसलिंग के लिए बुलाए गए हैं। उपनिदेशक ने कहा कि काउंसिलिंग में उम्मीदवार 10वीं तथा 12वीं कक्षा का योग्यता प्रमाण पत्र, व्यावसायिक योग्यता (जेबीटी व डीइएलइडी) या इसके समकक्ष प्रमाण पत्र, शिक्षक योग्यता परीक्षा जेबीटी (टेट) प्रमाण पत्र, अन्य उच्च योग्यता प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हिमाचली प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण पत्र, सैनिक कल्याण के संबंधित उपनिदेशक द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक के आश्रित का प्रमाण पत्र, सैनिक कल्याण के संबंधित उपनिदेशक द्वारा जारी नॉन-रिहेबीलीटेटिड सर्टिफिकेट, डिस्चार्ज बुक की छायाप्रति, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो तथा उपमंडलाधिकारी या तहसीलदार द्वारा जारी शपथ पत्र साथ लाना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से बिरोजा फैक्टरी में 50 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में हुई मूसलाधार बारिश से शहर के पास स्थित बिरोजा फैक्टरी के समीप नाले ने विकराल रूप धारण कर लिया। पानी का बहाव इतना तेज था कि यह हाईवे की टारिंग और दीवारों को तोड़ता हुआ फैक्टरी के अंदर तक घुस गया। इस आपदा की मुख्य वजह नाले पर पार्क निर्माण के लिए डाले गए कल्वर्ट का अवरुद्ध हो जाना बताया जा रहा है। तेज बारिश से नाले का जलस्तर बढ़ने के कारण पानी और मलबा फैक्टरी के वेयरहाउस, फिनायल यूनिट, मशीनरी और कार्यालय कमरों में घुस गया। साथ ही दो बड़े पानी के टैंक भी पूरी तरह तबाह हो गए। फैक्टरी प्रबंधन के अनुसार कुल नुकसान लगभग 50 लाख रुपए आंका गया है और फिलहाल उत्पादन पूरी तरह ठप हो चुका है। नाहन-कुमारहट्टी राष्ट्रीय राजमार्ग-907ए का लगभग 50 मीटर हिस्सा इस जलप्रलय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हाईवे की टारिंग उखड़ गई, पैरापिट और डंगे ढह गए। अब सिर्फ कुछ फीट का रास्ता ही सुरक्षित बचा है। एनएच विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि इस क्षति का अनुमान 1.08 करोड़ रुपए लगाया गया है। प्रशासन और पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। यातायात को सुरक्षित बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### कैडेट्स को साइबर क्राइम की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन पुलिस नशा मुक्त समाज की स्थापना व दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर ठगी के अपराधों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संदर्भ में जिला पुलिस द्वारा जिला सोलन में युवाओं की समाज में सकारात्मक भागीदारी को सुनिश्चित करने वाले रुस्तम अभियान के अंतर्गत पुलिस की टीमों द्वारा आम जनता के बीच व शिक्षण संस्थानों में जाकर आम जनता व छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव व साइबर ठगी के अपराधों के बारे में जागरूक किया जा रहा है, जो इसी कड़ी में जिला सोलन पुलिस की एक टीम द्वारा वानिकी विश्वविद्यालय नौणी जिला सोलन में लगभग 500 एनसीसी के छात्रों को नशे के सेवन के दुष्प्रभाव व दिन-प्रतिदिन बढ़ रही साइबर ठगी के अपराधों के बारे में जागरूक किया गया, जो यह मुहिम आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### परवाणू बैंक ने ग्राहकों को बांटे क्यूआर कोड

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** परवाणू अर्बन सहकारी बैंक की नालागढ़ शाखा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 10 ग्राहकों को क्यूआर कोड वितरित किए। शाखा प्रबंधक एचआर धीमान ने बताया कि काफी लंबे समय से ग्राहकों की मांग थी कि बैंक में यह सुविधा होनी चाहिए, ताकि अपने खाते में डिजिटल रूप से भुगतान प्राप्त कर सकें। इसी को ध्यान में रखते हुए बैंक के उपाध्यक्ष अर्जुन बहल ने बैंक के सीईओ की उपस्थिति में बैंक का क्यू आर कोड जारी किया था। इससे ग्राहकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है, अब छोटे-बड़े व्यवसायी अपनी दुकान पर क्यू आर कोड लगा सकेंगे और ग्राहक इसे स्कैन करके सीधे डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। इस अवसर पर दिनेश गुप्ता, योगेश भनोट, अशोक बस्सी, चमन लाल, रीना देवी, सविता शर्मा, पूजा देवी के अलावा बैंक का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### बेंगलुरु में रहने वाले हिमाचलियों के उठे मदद को हाथ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई आपदा ने कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस आपदा के समय बेंगलुरु में बसे हिमाचली समुदाय हिमाचली इन बेंगलुरु (एचआईबी) ने आगे आकर एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। एचआईबी समुदाय ने अपने नेटवर्क के माध्यम से एक लाख रुपए की धनराशि एकत्रित की। उन्होंने आवश्यक राहत सामग्री जैसे दवाइयां, कंबल, सूखा राशन, गैस स्टोव आदि खरीदे। यह सामग्री मंडी जिले के थुनाग, बल्ह, धार जदोन जैसे बाढ़ प्रभावित इलाकों तक पहुंचाई गई। एचआईबी टीम ने राहत कार्य को केवल धन इकट्ठा करने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि स्थानीय प्रशासन और एसडीएम कार्यालयों के संपर्क में रहते हुए यह सुनिश्चित किया कि जरूरतमंदों तक मदद समय पर और सही तरीके से पहुंचे। राहत सामग्री को स्थानीय प्रशासन को सौंपा गया, जो इसे प्रभावित परिवारों में वितरित किया जा रहा है। एचआईबी समुदाय, जो बेंगलुरु में रहने वाले हिमाचलियों को जोड़ने का कार्य करता है, न केवल सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय रहता है, बल्कि आपदा के समय भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में आगे रहता है।

### अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बागा में की हड़ताल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** आल इंडिया ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर लाल झंडा सीमेंट प्लांट वर्कर्स यूनियन बागा संबंधित सीटू ने अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बागा में हड़ताल की। इस हड़ताल में लगभग 600 मजदूरों ने भाग लिया और पूरे प्लांट का काम ठप रहा। मजदूरों ने 44 श्रम कानूनों को 4 श्रम संहिताओं में बदलने, महंगाई और ठेकाप्रथा के विरोध में हड़ताल की। यूनियन ने फिक्स टर्म एंप्लॉयमेंट एक्ट, अप्रेंटिशिप एक्ट, 12 घंटे की ड्यूटी का प्रावधान करने और पक्के किस्म के रोजगार को खत्म करने जैसे कानूनों का विरोध किया। यूनियन का कहना है कि ये कानून मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं और उनकी जिंदगी को और भी मुश्किल बना देंगे, जिससे उनकी जिंदगी और भी मुश्किल हो जाएगी। यूनियन ने कंपनी मैनेजमेंट से मांग की है कि 2023 में दिए गए मांग पत्र पर जल्दी से समझौता किया जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर मांगों को नहीं माना गया, तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। यूनियन का कहना है कि मजदूरों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है और वे इसके लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। हड़ताल में गणपत राम, बलबीर सिंह, तिलक राज, संजय पवर, बृज लाल, काहन चंद, केसी वर्मा, नरेंद्र चंदेल, देव राज, बालक राम, पवन आदि मौजूद रहे।

### पेयजल संकट से कांग्रेस की निष्क्रियता उजागर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारी बारिश के चलते गिरि नदी में अत्यधिक सिल्ट आने के कारण सोलन नगर गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहा है। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पिछले चार से पांच दिनों से नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तरसेम भारती ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार और नगर निगम प्रशासन की निष्क्रियता और आपसी तालमेल की कमी के कारण जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार के पास प्राकृतिक आपदाओं के समय कार्ययोजना का पूर्ण अभाव है। सोलन शहर की प्रमुख पेयजल योजनाएं गिरि नदी पर आधारित हैं, लेकिन सिल्ट की समस्या से निपटने के कोई प्रभावी उपाय नहीं किए जा रहे हैं। यह दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार आम जनता की समस्याओं से पूरी तरह कट चुकी है।

# बस की बैटरी चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

अनंत ज्ञान, सोलन

परवाणू निवासी गुरदेव सिंह ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह दीप बस सर्विस नंबर सीएच-01टीबी-0649 में बतौर चालक कार्यरत है। इन्होंने हर रोज की तरह 6 जुलाई को उपरोक्त बस सेक्टर-4 परवाणू में खड़ी की थी, जब 7 जुलाई को यह उक्त बस के पास आए और बस को स्टार्ट करने लगे, तो बस स्टार्ट न हुई, जिस पर इन्होंने उक्त बस में लगी बेटरियों को चैक किया, तो पाया कि बस की दोनों बैटरिया उसमें मौजूद न थी, जिसे कोई नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया था।

चोरी हुई बैटरियों की कीमत लगभग 21,600 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान थाना परवाणू की पुलिस टीम द्वारा चोरी हुई बैटरियों की तलाश शुरू कर दी तथा तलाश के दौरान 8 जुलाई को पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा एक युवक जो मोटर साईकिल पर जा रहा था, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोक कर चैक किया, तो मोटर साईकिल पर रखे बोरू से दो बेटरियां बरामद हुई, जिस पर दोनों बैटरियों को पुलिस ने कब्जे में लिया तथा वारदात में संलिप्त मोटर साईकिल को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। मामले में संलिप्त आरोपी सुभाष चंद पुत्र जगप्रसाद निवासी गांव अरकापुर डाकखाना बेलावापुड्म तह व जिला बहराईच उतर प्रदेश उम्र 32 वर्ष हाल निवास सेक्टर-4 परवाणू तहसील कसौली जिला सोलन को गिरफतार किया गया, जिसे अदालत में पेश किया जा रहा है। उक्त आरोपी के खिलाफ अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के विभिन्न क्षेत्रों में चौरी की वारदातें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। बस स्टैंड पर चोरी की घटनाएं कई सवाल खड़े कर रही हैं। बस स्टैंड में प्रतिदिन विभिन्न प्रदेशों से सैकड़ों बसों का आवागमन और आम आदमी की चहल-पहल रहती है। इसी परिप्रेक्ष्य में पांवटा साहिब बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरे न होने के कारण समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में एक युवक ने अपनी बाइक पांवटा बस स्टैंड पर खड़ी की और अपने आप परिवार सहित नाहन अस्पताल को बस में सवार होकर चले गए, लेकिन जब युवक वापस पांवटा साहिब पहुंचा, तो पांवटा साहिब बस स्टैंड पर उनकी बाइक लापता पाई गई। समाजसेवी मनींद्र सिंह मनी, मोहन राणा, व्यवसायी कपिल ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता हेमराज राणा, समाजसेवी हेमंत शर्मा आदि ने पांवटा में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

# हरियाणा के कैथल से चिट्टा तस्कर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन



पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक हर्षित शर्मा नामक युवक जो पट्टा मोड़ वर्षा शालिका में बैठा हुआ है, वह चिट्टा/हेरोइन की सखरीद फरोख्त का काम करता है तथा बाहरी राज्यों से भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोईन लेकर आया है, जो यहां पर क्षेत्र के युवाओं को बेचने की फिराक में हैं।

इस सूचना पर पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त युवक जिसका नाम व पता हर्षित शर्मा पुत्र रविंद्र कुमार निवासी गांव कुंदला डाकखाना ओच्छघाट तह. व जिला सोलन उम्र 24 वर्ष मालूम हुआ, उसको काबू करके उसे 10.36 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण/जांच के दौरान पाया गया कि उक्त आरोपी पहले भी मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल रहा है, जिसके खिलाफ 2024 में जिला मंडी के पुलिस थाना के सुंदरनगर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 1 मामला पंजीकृत हुआ था। इस मामले के आगामी अन्वेषण के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपी से की गई पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण पर पाया गया कि इससे जो चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया था, वह इसने जीरकपुर से संदीप नामक व्यक्ति जो चिट्टे का सप्लायर है, उससे खरीद की थी, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम तवरित कार्रवाई करते हुए 8 जुलाई को सप्लायर संदीप पुत्र पाला राम निवासी गांव व डाकखाना मटौर तहसील कलायत जिला कैथल हरियाणा हाल रिहाइश गांव गोगिपुर डाकखाना डकोली तहसील डेराबस्सी जिला मोहाली पंजाब उम्र 21 वर्ष को बैकवर्ड लिंकज के आधार पर जीरकपुर पंजाब से गिरफ्तार किया गया। सरसरी जांच पर पाया गया कि यह आरोपी पहले भी हेरोइन/चिट्टा की तस्करी के मामलों में संलिप्त है। इसके खिलाफ हरियाणा के पंचकूला थाने में 2 मामले चिट्टा तस्करी के पंजीकृत पाए गए। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है व मामले में जांच जारी है।

# कैडेट जानवी का फायरिंग में रोपड़ के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डॉ. वाईएस परमार यूएचएफ नौणी में चल रहे सीएटीसी-193 एनसीसी कैंप में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन के 23 एनसीसी कैडेट और एएनओ सुमन बद्धू ने भाग लिया। यह एनसीसी कैंप 1 एचपी बटालियन एनसीसी सोलन के द्वारा 29 जून से 8 जुलाई तक निश्चित हुआ। इसमें जिला सोलन के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 600 एनसीसी कैडेट ने भाग लिया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को एकता और अनुशासन के माध्यम से नेतृत्व तथा चारित्रिक गुणों का विकास, सामाजिक विकास एवं सामुदायिक सहयोग की शिक्षा दी गई तथा ड्रिल एवं फायरिंग का अभ्यास करवाया गया। विभिन्न गतिविधियों में विद्यालय की खो-खो टीम उपविजेता रही। कैडेट जानवी का फायरिंग में रोपड़ के लिए चयन हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इसके साथ ही टैलेंट हंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कैडेट राधिका, उर्वशी, दिव्यांशी और पूर्णिमा शर्मा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

# चिनार सदन ने जीती अंतरसदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता



पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में छात्रों के बीच खेल भावना के उद्देश्य से लीग आधार पर अंतरसदनीय फुटबाल प्रतियोगिता में विजेता सदन।

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में छात्रों के बीच खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करने के उद्देश से लीग आधार पर अंतरसदनीय फुटबाल मैचों की मेजबानी की।

इस प्रतियोगिता में टीम वर्क, शारीरिक फिटनेस और समन्वय पर जोर दिया गया, जबकि छात्रों को अपने फुटबॉल कौशल और जुनून का प्रदर्शन करने का मौका मिला। कनिष्ठ वर्ग में चिनार सदन ने अन्य दो सदनों पर जीत हासिल की, लेकिन वरिष्ठ वर्ग में भी चिनार सदन ने अपना दबदबा बनाए रखा। वरिष्ठ वर्ग में चिनार सदन के खिलाड़ियों ने ओक सदन को करारी शिकस्त दी। दूसरे दिन सुबह चिनार सदन का मुकाबला टीक सदन के साथ था। चिनार सदन के खिलाड़ियों ने टीक सदन की कमर तोड़ दी और प्रतियोगिता का मुकावला छह-एक से जीत कर ट्राफी पर कब्जा किया। अरमान चौहान ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक गोल किए।

कनिष्ठ वर्ग में रुद्र कुमार ने उल्लेखनीय गोल स्कोरिंग क्षमताओं के साथ सर्वोच्च स्कोरर के रूप में चमके, जबकि हर्शल पराशर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर से नवाजा गया। वरिष्ठ वर्ग में अरमान चौहान ने अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा गोल किए और उन्हें सर्वोच्च स्कोरर का खिताब दिया गया, जबकि चिनार सदन के ही अर्नव गर्ग ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब अपने नाम अर्जित किया। अंगद सिंह कनिष्ठ वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सामने आए, जबकि अरमान चौहान को उनके उल्लेखनीय नेतृत्व और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का खिताब दिया गया। अंत में विजयी सदन के विद्यार्थियों को मंच पर हेड ऑफ स्कूल कैप्टेन रेणु शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया और उन्होंने सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी जीतने की बधाई दी।

# भाजपा सोलन शहरी मंडल ने मंडी के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, सोलन

मंडी और कुल्लू में बारिश और बाढ़ के प्रकोप के बीच सोलन भाजपा ने संवेदनशील और सहायक पहल की है। भाजपा सोलन शहरी मंडल ने मंडी जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री रवाना की।

यह सामग्री रेस्ट हाउस सोलन से रवाना की गई। इसमें 37 रसोई किट और 650 कंबल शामिल हैं। इस अवसर पर मां शूलिनी से प्रार्थना की गई कि पीड़ितों को जल्द राहत और सामान्य स्थिति प्राप्त हो। भाजपा शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने मंडल की ओर से उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है, जिन्होंने इस आपदा में अपनों को खोया है। साथ ही, भाजपा मंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि इस कठिन घड़ी में पार्टी हर हाल में प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। मंडल अध्यक्ष ने राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, नगर निगम उपमहापौर मीरा आनंद और मंडल के कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख उपस्थिति में विवेक नंदराम कश्यप, संजीव मोहन, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, दिनेश शुक्ला, जगदीश गर्ग, राजीव गुप्ता, गौरव राजपूत, लाविका राजू कुंद्रा, रचित साहनी, प्रियंका अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, पार्षद सुषमा शर्मा, अमरदीप आदि उपस्थित रहे।



बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री को रवाना करते भाजपा सोलन मंडल अध्यक्ष।

**पहल** जिला स्तरीय अपराध समीक्षा की बैठक का आयोजन

# लंबित मामले निपटाने के निर्देश

अनंत ज्ञान, सोलन

पुलिस लाइन में जिला स्तरीय अपराध समीक्षा एवं पुलिस जवानों के वैलफेयर को लेकर एसपी गौरव सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला सोलन के समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों, समस्त प्रभारी थाना, समस्त प्रभारी चौकी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व पुलिस लाइन के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिले में घटित अपराधों की समीक्षा की गई तथा प्रभारी थाना को थाने में लंबित पड़े मामलों का जल्द निपटारे के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रभारी थानाओं को निर्देश दिए गए कि वे एक वर्ष से अधिक लंबित चल रहे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करके अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित करें। समस्त प्रभारी थाना/चौकी प्रभारियों को खासकर संगीन अपराधों, मादक पदार्थों व साइबर अपराधों के मामलों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए तथा उक्त मामलों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई कर अंतिम रिपोर्ट संबंधित न्यायालयों में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों, प्रभारी थाना/प्रभारी चौकियों को अपने-2 क्षेत्र में रह रहे लोगों, युवाओं व शिक्षण सस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव व साइबर ठगी के बारे में जागरूक करने के बारे में निर्देश दिए गए।



जिला स्तरीय अपराध समीक्षा की बैठक की अध्यक्षता करते एसपी गौरव सिंह।

इसके इलावा जिला सोलन में समस्त पुलिस कर्मचारियों के वैलफेयर के बारे में भी चर्चा की गई तथा उनकी समस्याओं का निपटारा किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार, उपमंडल पुलिस अधिकारी परवाणू मेहर पवर (आईपीएस) उपमंडल पुलिस अधिकारी दाडलाघाट, संदीप शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक मुख्यालय अनिल धौल्टा, पुलिस उपअधीक्षक लीव रिजर्व सोलन अशोक चौहान व प्रभारी थाना, चौकी प्रभारियों, कार्यालय पुलिस अधीक्षक व पुलिस लाइन सोलन में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल ने शताब्दी समारोह कार्यक्रमों के तहत अंतर-विद्यालय कैप्टन जीएस सलारिया परमवीर चक्र अंग्रेजी वाद-विवाद का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता इस स्कूल के छात्र रहे शहीद कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया, जिन्हें मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र दिया गया उनकी स्मृति में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में देश के सभी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों अजमेर, बेंगलुरु, धोलपुर, चायल और बेलगवी के साथ आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई, सेंट ल्यूक स्कूल, पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर, पाईनग्रोव स्कूल सुबाथू, गुरुकुल इंटरनेशनल सिनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के 22 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता क्या राजनीति में धर्म का समावेश हमारे राष्ट्र के विकास में बाधक हैं विषय पर आधारित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य वीके गंगवाल ने की और स्कूल के पूर्व छात्र रहे अजय चगती आईएएस अधिकारी वर्तमान में चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा सचिव एवं अनुसंधान, आवास आवंटन समिति सचिव, कार्मिक सचिवालय स्थापना विभाग, सीईओ हाउसिंग बोर्ड बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में शूलिनी विश्वविद्यालय से अंग्रेजी की सहायिकाचार्या तनाया ठाकुर, डीएवी स्कूल कुरुक्षेत्र से सेवानिवृत्त प्रवक्ता एवं लेखिका मनिका मेहता और बहारा यूनिवर्सिटी की सहायिकाचार्या उपस्थित रहीं।



वाद-विवाद प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

मुख्यातिथि ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता जीतना ही हमारा लक्ष्य नहीं होना चाहिए, हमें जीवन के प्रत्येक क्षण से कुछ सीखना चाहिए। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल ने देश को असंख्य प्रतिभाएं दी हैं। वर्तमान में स्कूल की अनेक उपलब्धियों के लिए उन्होंने प्रधानाचार्य प्रशासनिक अधिकारी और स्टॉफ की सराहना की। प्रतियोगिता का समापन छात्रों को पुरस्कृत करके हुआ। इसमें प्रतियोगिता विषय पर पक्ष में भाषण देते हुए राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के छात्र दीपांशु एवं विषय के विपक्ष में भाषण देते हुए राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के छात्र कनिष्क को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। संपूर्ण प्रतियोगिता में राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल प्रथम, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेलगवी द्वितीय और राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अजमेर तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में स्कूल का शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक स्टॉफ स्कूल कैडिट्स उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ में महिला समेत चार हत्यारोपी गिरफ्तार

## 3 नाबालिग शामिल, पुरानी रंजिश के चलते की थी हत्या, भाई और दोस्त गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में पड़ते मलोया-झामपुर बॉर्डर पर सोमवार देर रात हुए 19 वर्षीय युवक देवा की हत्या करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनमें एक महिला पम्मी और 3 नाबालिग लड़के शामिल हैं।



हत्या की वारदात झामपुर के पास उस समय हुई जब देवा अपने भाई विनय और दोस्त आकाश के साथ स्कूटी रिपेयर करवाने गया था। इसी दौरान ई-रिक्शा में सवार होकर आए 4 लड़कों और पम्मी ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने देवा पर चाकू और ईंटों से हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना में देवा के भाई विनय और दोस्त आकाश भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जीएमएसएच-16 में भर्ती करवाया गया है। जहां डॉक्टरों ने देवा को मृत घोषित कर दिया। देवा झामपुर, मोहाली का रहने वाला था। आरोपियों को पकड़ने के लिए मलोया थाना प्रभारी जसबीर सिंह की अगुआई में टीम बनाई गई थी।

पुलिस के अनुसार, देवा और आरोपियों के बीच 6 जुलाई को झामपुर में झगड़ा हुआ था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को धमकियां दी थीं, लेकिन बीच-बचाव के चलते मामला शांत हो गया था। बावजूद इसके, आरोपियों ने पुरानी रंजिश को दिल में रखा और हमला कर दिया। मलोया थाना पुलिस ने विनय रावत (18) की शिकायत पर 7 जुलाई को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 103(1), 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।

# सामूहिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा पूरा : बेदी

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय,अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना के गांव हंसडैहर में जनसभा को संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से जुड़े कार्यों और हर वर्ग के कल्याण एवं उत्थान की दिशा में क्रियान्वित होने वाली परियोजनाओं के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सामूहिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति बेहिचक अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकता है। मंत्री ने कहा कि जनता ने जो उन पर भरोसा जताया है, उस पर वो खरा उतरेंगे।

बेदी ने नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव हंसडैहर में धन्यवादी दौरा कार्यक्रम के तहत विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। उन्होंने 15 लाख रुपए की लागत से तैयार ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया तथा 11 लाख रुपए की धनराशि से बनने वाले बिंदुसर तीर्थ के लंगर हॉल और 11 लाख रुपए से बनने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले शेड के निर्माण का शिलान्यास किया। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांगों को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हर वर्ग के विकास के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने इस बीच घोषणा करते हुए कहा कि गांव में सीवर को गंदे नाले से जोड़ा जाएगा। एक मिनी स्टेडियम और ई लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। स्कूल में सोलर प्लेट भी लगवाई जाएंगी। रेवर तक जमीन देने की शर्त पर 4 किलोमीटर की सड़क को पक्का कर दिया जाएगा।

बेदी ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। चुनाव के दौरान जो जनसमर्थन गांव की जनता ने उन्हें दिया, उसके लिए वे हमेशा ऋणी रहेंगे और उनके विश्वास पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को आपसी तालमेल के साथ सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का फायदा उठाना चाहिए, ताकि गांव के विकास को गति मिले।

इस दौरान बेदी का ग्रामीण युवाओं द्वारा फूल-मालाओं, पगड़ी, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक पिरथी नंबरदार, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा सरपंच जरनैल सहित काफी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ में मासिक कार पार्किंग पास करने पर विचार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ पूरे शहर में मासिक कार पार्किंग पास शुरू करने पर विचार कर रहा है, जिसकी कीमत 500 रुपए प्रस्तावित की गई है। यह पास नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी पेड पार्किंग स्थलों पर मान्य होगा और इससे वाहन चालकों को अनलिमिटेड एंट्री और एग्जिट की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा नियमित कार उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक और किफायती विकल्प प्रदान करेगी। इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह शहरवासियों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखता है, नगर निगम ने जनमत संग्रह कराने का निर्णय लिया है। नगर निगम ने नागरिकों से इस पहल पर अपनी राय साझा करने के लिए एक संक्षिप्त सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया है।

### स्वच्छता समिति ने की कचरा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की स्वच्छता समिति की बैठक बुधवार को मनोज सोनकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य अंजू कटयाल, निर्मला देवी, योगेश धींगरा, लखबीर सिंह तथा स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रदीप कौर उपस्थित रहीं। बैठक में शहर के तीनों जोनों में स्वच्छता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पहल में कमजोर प्रतिक्रिया वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। सदस्यों ने इस सेवा की कार्यक्षमता और कवरेज बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि सभी निवासियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। समिति ने खुले में कचरा फेंकने पर जुर्माने (चालान) की संख्या बढ़ाने सहित सख्त प्रवर्तन उपायों का भी प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही कचरे की स्रोत पर ही छंटाई (वेस्ट सेग्रिगेशन) को जन जागरूकता और निगरानी तंत्र के माध्यम से और सशक्त करने की सिफारिश की गई। सीएमआर डिलीवरी में डिफाल्ट के लिए वन टाइम सैटलमेंट योजना पर किया जा रहा काम - राज्य मंत्री राजेश नागर

### राज्य मंत्री ने राइस मिलर्स एसो. के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गत वर्षों में जिन राइस मिलर्स द्वारा सीएमआर डिलीवरी में डिफॉल्ट किया था तथा उन राइस मिलर्स की ओर राज्य सरकार की राशि बकाया है, उनके लिए वन टाइम सेटलमेंट (एक मुश्त निपटान) योजना पर काम किया जा रहा है। राजेश नागर आज राइस मिलर्स एसोसिएशन के साथ इस विषय पर हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिन राइस मिलर्स द्वारा, विभाग की तय अंतिम तिथि तक भारतीय खाद्य निगम को सीएमआर डिलीवरी पूर्ण कर दी जाएगी, उन्हें विभाग द्वारा बोनस जारी कर दिया गया है। विभागों मे उपयोग होने वाले फोटोस्टेट पेपर को मुद्रण विभाग द्वारा दिया जाएगा। इससे न केवल सरकार के खर्चे में कमी आएगी, बल्कि समय की बचत भी होगी। इसके अलावा, विभागों के कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी। उन्होंने मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में जहां भी विभाग की जमीन है उसको चिन्हित कर एक योजना तैयार की जाए, ताकि चिन्हित जमीन को उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि मुद्रण के लिए नई तकनीक की मशीनों का प्रयोग किया जाए।

### 6 रुपए की टिकट से विजय तनेजा बना करोड़पति

**अनंत ज्ञान, जीरकपुर।** कहावत है... इंतजार का फल मीठा होता है और ऊपर वाला जब देता है तो छप्पर फाड़कर देता है। जी हां, अंशु लॉटरी ने मात्र 6 रुपए की टिकट में रातोंरात एक और व्यक्ति की जिंदगी को पूरी तरह से बदल कर रख दिया। गत दिवस अंशु लॉटरी एजेंसी के खरड़ जिला मोहाली स्थित चावला लॉटरी ने गत 6 जुलाई को सिक्किम राज्य के डियर लॉटरी के ड्रा में मात्र 6 रुपए वाली टिकट नंबर 95ए09065 पर विजय तनेजा को एक करोड़ का इनाम निकला है। अंशु लॉटरी के विजय तनेजा व सुनील तनेजा ने बताया कि सिक्किम राज्य की डियर विक्सन संडे वीकली लाटरी का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उनके सेलर चावला लॉटरी द्वारा बेची गई टिकट से यह इनाम निकला है।

### भारतीय मूल के सबीह एप्पल के सीओओ

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** एप्पल ने भारतीय मूल के सबीह खान को कंपनी का नया चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) बनाया है। वह इस महीने के अंत में जेफ विलियम्स की जगह लेंगे। सबीह ने मुरादाबाद जैसे छोटे शहर से निकलकर टेक्नोलॉजी की दुनिया में यह मुकाम हासिल किया है। 2019 में वो एप्पल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ ऑपरेशंस बने थे। सबीह खान गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला जैसे भारतीय मूल के उन ग्लोबल लीडर्स की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। सबीह खान एप्पल की ग्लोबल सप्लाई चेन को मैनेज करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### शिवसेना विधायक ने कैंटीन कर्मचारी को पीटा

**एजेंसी, मुंबई।** शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक संजय गायकवाड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वे कैंटीन कर्मचारी को पीटते नजर आ रहे हैं। वीडियो मंगलवार रात को मुंबई के आकाशवाणी विधायक गेस्ट हाउस का है। चश्मदीदों के मुताबिक विवाद खराब दाल परोसने से जुड़ा है। गेस्ट हाउस में ठहरे कई विधायकों ने खाने की खराब क्वालिटी को लेकर शिकायत की थी। यही खाना जब बुलढाणा विधायक गायकवाड़ को परोसा गया तो वे नाराज हो गए। गायकवाड़ कैंटीन में आए और स्टाफ की पिटाई कर दी। विधायक ने कैंटीन ऑपरेटर के खिलाफ फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में शिकायत दर्ज कराने की भी धमकी दी। अभी शिवसेना की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। (अनंत ज्ञान)

### गैंग रेप के आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे

**एजेंसी, कोलकाता।** कोलकाता के अलीपुर कोर्ट ने लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले में चारों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी मनोजीत पहले से 8 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में था। इससे पहले 3 जुलाई को मामले में दाखिल तीन जनहित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है कि कॉलेज की गवर्निंग बॉडी को केस में शामिल क्यों नहीं किया गया। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा था कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### पुराने वाहनों को 1 नवंबर से नहीं मिलेगा फ्यूल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में एंड-ऑफ-लाइफ या ओवरएज वाहनों पर फ्यूल प्रतिबंध 1 नवंबर तक स्थगित कर दिया गया है। वायु गुणवत्ता आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। जो डीजल गाड़ियां 10 साल से पुरानी और पेट्रोल गाड़ियां 15 साल से पुरानी होती हैं उन्हें एंड-ऑफ-लाइफ वाहन कहा जाता है। पहले जारी किए गए निर्देशों के अनुसार, ऐसे वाहनों को 1 जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाना था। अब इन्हें 31 अक्तूबर तक राहत दी गई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने 3 जुलाई को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया था। (अनंत ज्ञान)

# एमसी चंडीगढ़ ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम में लोगों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत, नगर निगम चंडीगढ़ ने आज सिटी लाइवलीहुड सेंटर, सेक्टर 25, चंडीगढ़ में एक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ डिस्पेंसरी, पीजीआईएमईआर और सिटी लाइवलीहुड सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय को स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी आवश्यक आदतों के प्रति जागरूक करना था, जो शहर में चल रही स्वच्छता पहलों का एक अहम हिस्सा हैं। कार्यक्रम में सिटी लेवल फेडरेशन और एरिया लेवल फेडरेशन के 80-100 सदस्यों ने भाग लिया और जागरूकता गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सही तरीके से हाथ धोने और स्वच्छ आदतें अपनाने पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया। केंद्र पर आए 40-50 मरीजों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें दैनिक स्वच्छता और सफाई की आदतों के प्रति संवेदनशील किया गया।

# कुरुक्षेत्र में अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 23 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि कुरुक्षेत्र गीता स्थली की पावन धरा पर 23 जुलाई से 27 जुलाई तक अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 900 युवाओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 23 जुलाई को अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सुबह 11 बजे उद्घाटन होगा और इस दौरान विभिन्न प्रदेशों से आए युवाओं के द्वारा मार्च पास्ट निकाला जाएगा। इसी दिन 3 बजे से लेकर 4.30 बजे तक विषय विशेषज्ञ युवाओं के साथ सीधा संवाद करेंगे और 5.30 बजे से लेकर 8.30 युवा अपने-अपने प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 24 जुलाई को सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक योगा सैशन होगा, 10 बजे से लेकर 11.30 बजे तक पर्यावरण और 11.30 बजे से लेकर एक बजे तक पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों पर मंथन किया जाएगा। इसके उपरांत 3 बजे से लेकर 4.30 बजे तक विभिन्न प्रदेश अपने-अपने प्रदेशों के प्रमुख गतिविधियों और पर्यटन स्थलों की पीपीटी प्रस्तुत करेंगे तथा सायं के समय 5.30 बजे से लेकर 8.30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# संजय टंडन ने हनुमान जन्मस्थल हम्पी में अंजनाद्रि पर्वत के किए दर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने पत्नी प्रिया टंडन के साथ कर्नाटक राज्य के हम्पी स्थित अंजनाद्रि पर्वत (हनुमानहल्ली) में जाकर भगवान श्री हनुमान जी के जन्मस्थल का दर्शन एवं पूजन किया। यह स्थान यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थलों में भी शामिल है और देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

इस अवसर पर टंडन ने कहा कि वर्षों से यहां आने की प्रबल इच्छा थी, जो आज प्रभु कृपा से पूर्ण हुई। इस पावन भूमि की आध्यात्मिक ऊर्जा और दिव्यता ने मन को विशेष शांति और आंतरिक शक्ति प्रदान की। टंडन ने यह भी कहा कि भगवान श्री हनुमान जी की यह जन्मस्थली न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह स्थान हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का भी प्रतीक है। उन्होंने यूनेस्को द्वारा इस क्षेत्र को विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने को गर्व का विषय बताया और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

यह यात्रा टंडन की हाल की दक्षिण भारत यात्रा का एक अहम हिस्सा रही, जहाँ उन्होंने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों पर जाकर दर्शन और संवाद किया।

## देश-विदेश

# बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल

## चुनाव आयोग कमिश्नर कर रहे भाजपा-आरएसएस की तरह बात

**एजेंसी, पटना**

राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। यहां राहुल ने आरोप लगाया कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चोरी करने की कोशिश की जाएगी।



उन्होंने कहा- इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और ,स्स नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है।

राहुल ने कहा कि आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा। कानून आपको नहीं छोड़ेंगा। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा। आप अपना काम नहीं कर रहे हो। (अनंत ज्ञान)

### विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटर बढ़े

**राहुल** गांधी ने कहा कि कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ। उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई। उस समय हमने ज्यादा कुछ बोला नहीं। कुछ समय बाद हमने डेटा देखना शुरू किया। हमने पाया कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए वोटर्स जुड़े। मतलब विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत ज्यादा वोटर्स ने वोट किया।

# वकीलों को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने वकीलों को जांच एजेंसियों द्वारा समन भेजने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत यह तय करेगी कि क्या सिर्फ कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को सीधे जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है या नहीं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ 14 जुलाई को इस मामले की सुनवाई करेगी। हालांकि, जांच एजेंसी ने बाद में अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन की जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। ईडी ने 20 जून को जारी एक पत्र में आगे कहा कि इस नियम में कोई भी अपवाद केवल उसके निदेशक की अनुमति के बाद ही किया जा सकता है। यह मामला तब सामने आया जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को समन भेजा है। (अनंत ज्ञान)

## दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार ने बदले नियम

# अब बिना आधार कार्ड नहीं मिलेगा कौशल विकास योजना का फायदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही कौशल विकास योजना में अब आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने कहा है कि इस योजना के तहत किसी भी लाभार्थी को तब तक नकद लाभ नहीं मिलेगा जब तक वे अपना आधार नंबर या उसका पंजीकरण प्रमाण नहीं देंगे।



सरकार ने साफ किया है कि इस योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं जैसे ट्रांसपोर्ट अलाउंस, बोर्डिंग-लॉजिंग, पोस्ट-प्लेसमेंट सहायता आदि पाने के लिए आधार नंबर देना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। यह नियम 2 जुलाई 2024 से प्रभावी हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### बायोमेट्रिक फेल हो तो मिलेंगे ये विकल्प

**अगर** आधार ऑथेंटिकेशन बायोमेट्रिक वजहों से फेल हो जाता है, तो ओटीपी, क्यूआर कोड स्कैन या ऑफलाइन ई-केवाईसी जैसे विकल्पों से पहचान की जा सकती है। इसके लिए यूआईडीएआई से मंजूरी ली गई है और संबंधित अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन पात्र दिव्यांगजनों के पास फिलहाल आधार नहीं है, उन्हें योजना से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्हें पहचान के लिए स्कूल दस्तावेज, जन्म प्रमाणपत्र या अभिभावकता से जुड़े कागजात देने होंगे। मंत्रालय ने सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे दिव्यांगजनों के लिए सुगम स्थानों पर आधार नामांकन केंद्र खोलें या खुद रजिस्ट्रार बनें, ताकि इन लोगों को कोई असुविधा न हो। यह कदम आधार नामांकन और अपडेट प्रक्रिया को तेज करने के लिए उठाया गया है।

# यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई रोकने से ट्रंप नाराज

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई पर रोक लगाने नाराजगी जताई है। रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने ट्रंप को बताए बिना सप्लाई पर रोक लगा दी थी। इस फैसले से हैरान ट्रंप ने यूक्रेन को दोबारा हथियार भेजने का आदेश दे दिया है। पिछले हफ्ते पेंटागन ने ऐलान किया था कि अमेरिका यूक्रेन को कुछ जरूरी हथियार जैसे एयर डिफेंस मिसाइलें, प्रिसिशन गाइडेड आर्टिलरी, पैट्रियट और हेलफायर मिसाइलें देना फिलहाल रोक रहा है। इसके पीछे कारण बताया गया कि अमेरिका के अपने स्टॉक में इन हथियारों की कमी हो गई है, जिस पर अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ ने साइन किए थे, लेकिन ट्रंप को इस फैसले की जानकारी पहले से नहीं दी गई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने इसे व्हाइट हाउस से बात किए बिना लिया गया कदम बताया।



ट्रंप ने कहा कि वो युद्ध जल्दी खत्म करना चाहते हैं लेकिन पुतिन की वजह से शांति वार्ता आगे नहीं बढ़ रही है। ट्रंप ने रूस पर तेल उद्योग से जुड़ी पाबंदियों को लेकर चेतावनी दी है। (अनंत ज्ञान)

# आईसीसी ने तालिबान नेताओं के खिलाफ जारी किए गिरफ्तारी वारंट

**एजेंसी, हेग।** इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबातुल्लाह अखुंदजादा और अफगानिस्तान के चीफ जस्टिस अब्दुल हकीम हक्कानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन दोनों पर अफगान महिलाओं, लड़कियों और तालिबान की कठोर जेंडर नीतियों का विरोध करने वालों पर अत्याचार करने का आरोप है। ये वारंट मानवता के खिलाफ अपराधों के तहत जारी किए गए हैं। यह पहली बार है जब आईसीसी ने तालिबान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ऐसा कोई कानूनी कदम उठाया है।

# अमेरिका के न्यू मेक्सिको में बाढ़ से बहे घर

## टेक्सास राज्य में आई बाढ़ में अब तक 100 से ज्यादा मौतें, 161 लोग लापता

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के न्यू मेक्सिको राज्य में मंगलवार को तेज बारिश के बाद कई इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर रुडोसो नाम के पहाड़ी गांव में दिखा। यहां बहाव इतना तेज था कि कई घर बह गए और कई लोग फंसे रह गए। राहत-बचाव टीमें लगातार काम में जुटी हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने रुडोसो और उसके आसपास के इलाकों के लिए फ्लैश फ्लड इमरजेंसी जारी की है। यह वही क्षेत्र है, जहां पिछले साल जंगल में आग लगी थी और हजारों एकड़ जंगल जलकर राख हो गया था।



मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी मौत की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, टेक्सास राज्य में आई बाढ़ में अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यहां अभी भी 161 लोग लापता हैं। (अनंत ज्ञान)

### कई सड़कें टूटीं आवाजाही रुकी

**रियो** रुडोसो नदी के किनारे बसे इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नदी का जलस्तर 8 जुलाई को दोपहर 3 बजे करीब डेढ़ फीट था, जो एक घंटे से भी कम समय में 20 फुट तक पहुंच गया। इसके बाद पानी का स्तर धीरे-धीरे गिरने लगा, लेकिन तब तक कई घर बह चुके थे और बाढ़ से टूट चुकी कई सड़कों पर आवाजाही रुक गई थी।

**मानसून** मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी उफान पर, छतरपुर के बान सुजारा डैम के 12 गेट खोले

# यूपी के अयोध्या में घर और वाराणसी में घाट डूबे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश में बुधवार को भारी बारिश हुई। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई। वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है।



वहीं, मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया जिले बाढ़ की चपेट में हैं। छतरपुर के बान सुजारा डैम के 12 गेट खोले गए, दमोह में सतधरू-साजली बांध के 3-3 गेट खोले गए। वहीं, जबलपुर में बरगी डैम के 17 गेट खोले गए हैं। नरसिंहपुर में तीन बच्चों के नदी में डूबने की आशंका है। इनमें से एक का शव मिला है, दो की तलाश जारी है। मामला विपतपुरा गांव का है। तीनों मंगलवार शाम सींगरी नदी के पास डैम देखने गए थे। स्टेशनगंज थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया- तीनों बच्चे शाम साढ़े पांच बजे घर से निकले थे। रात 9 बजे तक घर नहीं लौटे तो परिजन ने पुलिस को सूचना दी।

उधर, महाराष्ट्र के नागपुर में लगातार हो रही तेज बारिश के चलते न्यू नरसाला इलाके में घर और गाड़ियां पानी में डूब गईं। हालात को देखते हुए नागपुर नगर निगम ने राफ्ट (नाव) की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है।

उत्तराखंड राज्य में भी मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। एसडीआरएफ ने बताया कि जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### मेघालय में निशानेबाजी खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए एमओयू साइन

**एजेंसी, शिलांग।** मेघालय में निशानेबाजी खेल के बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए मंगलवार को यहां एक त्रिपक्षीय सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई), मेघालय निशानेबाजी संघ और मेघालय सरकार के खेल विभाग के बीच हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर एनआरएआई के महासचिव के सुल्तान सिंह, मेघालय निशानेबाजी संघ के अध्यक्ष जॉन एफ खर्शिंग और राज्य खेल विभाग के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा और एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। (अनंत ज्ञान)

### पहलवान रीतिका हुड्डा डोप परीक्षण में विफल होने पर निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती को बड़ा झटका लगा जब 2023 में देश की पहली अंडर-23 विश्व चैंपियन बनीं प्रतिभाशाली पहलवान रीतिका हुड्डा को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण



नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया और उन पर चार साल का प्रतिबंध लग सकता है।

हैवीवेट 76 किग्रा वर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं 22 वर्षीय रीतिका का 15 मार्च को एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल के दौरान परीक्षण किया गया और उनके मूत्र के नमूने में 'एस1.1 एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड' के अंश पाए गए जो एक प्रतिबंधित पदार्थ है। रीतिका ने कहा, ''अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। मैं अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करूंगी। मुझे नाडा और (कुश्ती) महासंघ पर पूरा भरोसा है। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती।'' रीतिका आगे की जांच के लिए 'बी नमूना' देने पर विचार कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड ने की जोफ्रा आर्चर की वापसी, जोश टंग बाहर

**एजेंसी, लंदन।** भारत के खिलाफ होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड ने टीम में एक बदलाव कर जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर करीब चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2021 में टेस्ट मैच खेला था। हाल ही में उन्होंने एजबेस्टन में इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के दौरान नियमित रूप से गेंदबाज़ी की और वापसी के संकेत दिए थे। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भी उनके चयन को लेकर संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, 'हम लॉर्ड्स पहुंचने के बाद इस पर फैसला लेंगे।' जब उनसे आर्चर की फिटनेस को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे पूरी तरह फिट और खेलने के लिए तैयार हैं। बाकी गेंदबाज दो टेस्ट लगातार खेल चुके हैं, ऐसे में प्लेइंग इलेवन में बदलाव लाज़मी है और आर्चर इस बदलाव का हिस्सा हो सकते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज़ फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है, ऐसे में लॉर्ड्स टेस्ट निर्णायक भूमिका निभा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### चार्ली डीन का क्यूटनेस स्लाइल

**इंग्लैंड** की महिला क्रिकेटर चार्ली डीन अपनी क्यूटनेस की वजह से सुर्खियों में छाई रहती हैं। क्यूट के साथ-साथ वह काफी सुंदर हैं। क्रिकेट के अलावा चार्ली को घूमने का भी काफी शौक हैं।



## इंग्लैंड के खिलाफ भारत की प्लेइंग-11 में होंगे बड़े बदलाव

# भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट आज से



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई (वीरवार) को लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला है। यह मैच भारत में दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा, जबकि टॉस 3 बजे होगा।

इस मैच में भारत की कप्तानी शुभमन गिल के हाथों में होगी तो वहीं, इंग्लैंड की कप्तानी बेन स्टोक्स करते हुए नजर आएंगे। मैच में दोनों टीमों में बड़े बदलाव होने की उम्मीद है।

वहीं, शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम की प्लेइंग-11 में एक बड़ा बदलाव करना लगभग तय है। इस मैच के लिए भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग-11 में शामिल किया जाएगा। बुमराह को हेडिंग्ले में हुए पहले टेस्ट के बाद वर्कलोड के चलते एजबेस्टन में हुए दूसरे टेस्ट से आराम दिया गया है। अब उन्हें लॉर्ड्स में खिलाया जाएगा, जहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। बुमराह के लॉर्ड्स में वापसी की पुष्टि भारतीय कप्तान गिल ने बर्मिंघम में हुए टॉस के दौरान भी की थी। बुमराह ने सीरीज में एकमात्र मैच खेला है जहां उन्होंने पहली पारी में कुल 5 विकेट हासिल किए थे। बुमराह अब लंबे आराम के बाद तीसरे टेस्ट के लिए पूरी तरह से फिट और फ्रेस हैं।

इसके साथ ही इस मैच से नीतीश कुमार रेड्डी को बाहर किया जा सकता है और उनकी जगह पर पिच को ध्यान में रखते हुए शार्दुल ठाकुर को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है। लॉर्ड्स की पिच पर शार्दुल ठाकुर टीम इंडिया के लिए बॉल के साथ ज्यादा कारगर साबित हो सकते हैं। जसप्रीत बुमराह प्लेइंग-11 में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह शामिल हो सकते हैं, तो वहीं नीतीश कुमार रेड्डी को बाहर कर शार्दुल ठाकुर को मौका दिया जा सकता है। शार्दुल ने पहला टेस्ट मैच खेले था, लेकिन कुछ खास कमाल नहीं कर पाए थे। उन्होंने मैच की दूसरी पारी में 2 विकेट चटकाए थे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरैल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।यास्तिका भाटिया, सयाली सतघरे, क्रांति गौड़।

**इंग्लैंड।** बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जैमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## आईपीएल में इस्तेमाल किए गए साल्ट के बल्ले को मंजूरी मिली

**एजेंसी, लंदन**



इंग्लैंड के सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित पिछले दो वर्षों से जिस बल्ले का उपयोग कर रहे थे, उसे शुरू में मैदान पर गेज परीक्षण में गलत पाया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के बाद इसे मंजूरी दे दी गई।

इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में लंकाशर की तरफ से खेलने वाले 28 वर्षीय साल्ट ने इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल 2025 में उन्होंने 13 मैचों में 403 रन बनाए थे, जो विराट कोहली (15 मैचों में 657) के बाद उनकी टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन थे।

लंकाशर क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि नॉर्थेंट्स स्टीलबैक्स के खिलाफ शुक्रवार को हुए विटैलिटी ब्लास्ट टी-20 मैच के दौरान साल्ट द्वारा इस्तेमाल किए गए बल्ले को क्रिकेट नियामक की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) ने मंजूरी दे दी है। क्लब ने बयान में कहा, ''साल्ट पर ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) के नियम 3.2 और 3.3 के उल्लंघन का आरोप है, क्योंकि विटैलिटी ब्लास्ट मैच के दौरान उनका बल्ला मैदान पर गेज परीक्षण में सही नहीं पाया गया था। यह वही बल्ला है जिसका इस्तेमाल उन्होंने पिछले दो साल से इंग्लैंड, लंकाशर और आईपीएल के लिए बिना किसी समस्या के किया।'' बयान के अनुसार, ''लेकिन क्रिकेट नियामक संस्था द्वारा बाद में किए गए परीक्षण में इसे सही पाया गया। क्लब और खिलाड़ी को इस बारे में सूचित कर दिया गया है और अब इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।'' (अनंत ज्ञान)

## 20 भारतीय खिलाड़ी इंटरनेशनल कराटे स्पर्धा में दिखाएंगे दम

**सपना सूद, अनंत ज्ञान**



**चौपाल/नेरवा।** जापान के ओसाका हमीजी शहर में 100वीं शोगोकोन सालगिरह आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर आयोजित होने वाली ऑल जापान अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडशिप कराटे प्रतियोगीता 2025 में भाग लेने के लिए भारतीय कराटे दल के 20 खिलाड़ी जापान के ओसाका शहर के लिए 15 जुलाई को दिल्ली से रवाना होंगे, जिसमें छह महिला व 14 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। शिगोकान इंडिया टीम के मैनेजर सैनसाई पीएस पंवार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 23 जुलाई तक चलेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में रूट्स कंट्री स्कूल बागी के 11 खिलाड़ी शामिल हैं।

प्रतियोगिता की तैयारियों के बीच टीम इंडिया शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिली। रोहित ठाकुर ने बेहतरीन प्रदर्शन की आशा व्यक्त करते हुए टीम को शुभकामनाएं दीं। टीम का नेतृत्व टीम कोच सैनसाई अनिल कुमार जिस्टा व सहायक कोच सैनसाई हरी तमांग करेंगे।

## गिल 'फैब फोर' की जगह लेने में सक्षम : रामप्रकाश

**एजेंसी, लंदन**



इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश ने भारत के नए कप्तान शुभमन गिल की उनके दमखम, कौशल और जज्बे के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज ने दिखा दिया है कि वह अवसान पर चल रहे 'फैब फोर' (पिछले एक दशक में दुनिया के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज) से जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है।

गिल ने बर्मिंघम टेस्ट की दोनों पारियों में 269 और 161 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने लीड्स में सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में 147 रन भी बनाए थे। रामप्रकाश ने 'द गार्डियन' में लिखा, ''हमें न केवल एक बल्लेबाज के रूप में बल्कि एक युवा टीम के नए कप्तान के रूप में उदाहरण स्थापित करने के लिए उनकी सहनशक्ति, उनके कौशल और उनके जज्बे की दाद देनी होगी।''

उन्होंने कहा, ''कप्तानी किसी खिलाड़ी की फॉर्म पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, लेकिन ऐसा लगता है कि इसने उन्हें एकाग्र किया है और पिछले तीन सप्ताह में उन्होंने अपनी तीन सर्वश्रेष्ठ पारियां खेली।'' रामप्रकाश ने कहा, ''हम उस दौर के अंतिम पड़ाव पर हैं, जिसमें तथाकथित फैब फोर विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन, का दबदबा रहा है और ऐसे खिलाड़ियों की तलाश जारी है, जो उनकी जगह ले सकें।''

उन्होंने कहा, ''गिल ने दिखा दिया कि वह उनकी जगह लेने में सक्षम हैं। वह खेल के तीनों प्रारूप में खेलते हैं और बड़ी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाते हैं। उनकी तकनीक शानदार है।'' यह 25 वर्षीय खिलाड़ी सुनील गावस्कर के बाद एक ही टेस्ट में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। (अनंत ज्ञान)

## भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-1 से हराया

**एजेंसी, आइंडहोवन (नीदरलैंड)**



भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार रात हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम की तरफ से उत्तम सिंह, अमनदीप लाकड़ा, आदित्य लालगे, सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने गोल किए।

भारत ने मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आयरलैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उत्तम ने भारतीय टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया। आयरलैंड की टीम केवल एक गोल ही कर पाई। भारत अब बुधवार को फिर से आयरलैंड का सामना करेगा। (अनंत ज्ञान)

## महिला हॉकी टीम को समय व खेल प्रबंधन पर काम करने की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एफआईएच प्रो-लीग में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचनाओं से घिरी भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम को समय और खेल प्रबंधन पर काम करने की जरूरत है, ताकि वह मजबूत टीम बन सके।

प्रो-लीग के यूरोपीय चरण में भारत आठ में से सात मैच हारकर सबसे निचले स्थान पर रहा और एफआईएच नेशंस कप में खिसक गया। एक अन्य मैच में भारत ने अर्जेंटीना के साथ निर्धारित समय में 2-2 से ड्रॉ खेला, लेकिन पेनल्टी शूटआउट में हार गया। हरेंद्र ने वर्चुअल बातचीत में कहा, ''यह एक नई टीम है जिसमें कई अनुभवी खिलाड़ी चोटिल होने के कारण नहीं खेल पा रही हैं। इससे विशेष कर हमारी रक्षा पंक्ति पर प्रभाव पड़ा। हमें समय और खेल प्रबंधन पर काम करने की जरूरत है।''


सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

Khadi India

**विज्ञापन**

राज्य कार्यालय, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC), चंडीगढ द्वारा पंजाब एवं यूटी-चंडीगढ़ से निम्नलिखित योजनओं के कार्यान्वयन हेतु व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों (SHGs), एनजीओ और अन्य पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है:

| क्रमांक | योजना | विवरण |
|---|---|---|
| | **ग्रामोद्योग विकास योजना (जी.वी.वाई.) (सब्सिडी दरों पर प्रशिक्षण और टूलकिट)** | |
| 1. | एफ.बी.आई. (हनी / मधुमक्खी पालन) | **लाभार्थियों को जी.वी.वाई. टूलकिट के लिए निम्नलिखित भुगतान करना आवश्यक है:** • **बीपीएल श्रेणी:** कोई भुगतान नहीं (100% सब्सिडी)। • **एससी/एसटी वर्ग:** टूलकिट की कुल लागत का 10%। • **सामान्य श्रेणी:** टूलकिट की कुल लागत का 20%। |
| 2. | एम.बी.आई (इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील) | |
| 3. | ए.बी.एफ.पी.आई. (तेल घानी) | |
| 4.(क) | पी.सी.बी.आई. ( फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग मशीने) | |
| 4.(ख) | पी.सी.बी.आई. ( फुटवियर रिपेयरिंग टूलकिट) | • Scan the given QR code to access detailed guidelines and all necessary application documents. • विस्तृत दिशानिर्देशों और सभी आवश्यक आवेदन दस्तावेज़ों के लिए दिए गये QR कोड स्कैन करें। |
| 5.(क) | एस.आई. ( ए.सी. रिपेयर एंड मेंटेनेंस ) | |
| 5.(ख) | एस.आई. (मोबाइल रिपेयर ) | |
| | **खादी विकास योजना (KVY):** | |
| 6.(क) | सूचीबद्ध खादी संस्थाओं से वर्कशेड, बिक्री आउटलेट का नवीनीकरण और कमज़ोर खादी संस्थाओं की संरचना सुदृढ़ीकरण (SIEWKI) के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। वर्कशेड (व्यक्तिगत - रु. 1,20,000/कारीगर; समूह - रु. 80,000/कारीगर)। बिक्री आउटलेट का नवीनीकरण: ₹15 लाख तक। कमज़ोर खादी संस्थाओं की संरचना सुदृढ़ीकरण (SIEWKI): ₹15 लाख तक। | |
| 6.(ख) | पंजाब और यूटी-चंडीगढ़ में **नई खादी संस्थाओं के पंजीकरण** हेतु ऑनलाइन पोर्टल: https://kviconline.gov.in/mdaclaims/certKhadi/khadiCertificateRenew.jsp?app=1 | |
| | **व्यावसायिक प्रशिक्षण सहयोगी (पीटीए):** | |
| 7. | KVIC द्वारा प्रशिक्षण संचालन हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण सहयोगी PTA पद के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित। | |
| 8. | GVY कार्यक्रमों के लिए Master Trainer के लिए भी आवेदन आमंत्रित। | |
| | **आवेदन की अंतिम तिथि:** विज्ञापन की तिथि से 21 दिन, शाम 5 बजे तक। | |
| | **प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP):** | |
| 9. | विनिर्माण क्षेत्र के अंतर्गत व्यक्ति के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत प्रथम ऋण (50 लाख रुपये तक) - 35% तक सब्सिडी। सेवा क्षेत्र के अंतर्गत व्यक्ति के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत पहला ऋण (20 लाख रुपये तक) - 35% तक सब्सिडी। | |
| 10. | विनिर्माण क्षेत्र के अंतर्गत व्यक्ति के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत दूसरा ऋण (1 करोड़ रुपये तक) - 15% तक सब्सिडी। सेवा क्षेत्र के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत दूसरा ऋण (25 लाख रुपये तक) - 15% तक सब्सिडी। | |
| | अधिक जानकारी व ऑनलाइन आवेदन के लिए विजिट करें: **www.kviconline.gov.in/pmegpeportal/pmegphome/index** | |

**महत्वपूर्ण निर्देश:**

- ऊपर दिया गया विवरण केवल संकेतात्मक है। विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए कृपया जाएँ: www.kvic.gov.in या आवेदन प्रारूप/स्पष्टीकरण हेतु ईमेल करें: sokvic.chd@rediffmail.com / sochandigarh.kvic@gov.in
- डाक/कूरियर देरी या हानि की स्थिति में KVIC जिम्मेदार नहीं होगा। नियत समय व तारीख के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन को बिना सूचना अस्वीकार किया जाएगा।
- उपर्युक्त लक्ष्य निधि की स्वीकृति/प्राप्ति के अधीन है और केवीआईसी का निर्णय राज्य स्तरीय समिति द्वारा तय दिशा-निर्देशों/तौर-तरीकों के अनुसार अंतिम होगा।
- सम्पूर्ण आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ पूर्णतया भरा एवं हस्ताक्षरित आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि में डाक या व्यक्तिगत रूप से निम्न पते पर भेजा जाना चाहिए: निदेशक, राज्य कार्यालय, KVIC, चंडीगढ़, SCO 3003-04, सेक्टर 22-D, चंडीगढ़ – 160022 (पंजाब), फोन – 0172-4007564।"


## चेल्सी क्लब विश्व कप के फाइनल में

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरुआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियाल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा। जोआओ पेड्रो जब 10 साल के थे तब फ्लुमिनेंस से जुड़ गए थे और 2020 में वाटफोर्ड जाने तक वह इस क्लब की तरफ से खेलते रहे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दर्शाते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया।

**कयास** शुभमन गिल 3 टेस्ट में 390 रन बनाते हैं तो कई दिग्गजों को छोड़ देंगे पीछे

# लॉर्ड्स में गिल तोड़ सकते हैं 5 ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड में इतिहास रचने के करीब हैं। वह 2 ही टेस्ट में 3 शतक लगाकर 585 रन अब तक बना चुके हैं। यदि वह 3 टेस्ट में 390 रन और बना लेते हैं तो वह एक नहीं बल्कि 5 ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। शुभमन गिल के पास ब्रैडमैन, सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और यशस्वी जायसवाल के कीर्तिमान तोड़ने का सुनहरी मौका है। इसके साथ ही शुभमन एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर भी बन जाएंगे। इस मामले में वे ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज डॉन ब्रैडमैन का 95 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे। वह सुनील गावस्कर का 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे। वह इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बनने से महज 18 रन दूर हैं। 603 रन बनाते ही वे राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ देंगे, जिन्होंने 2002 में 3 शतक लगाकर 602 रन बनाए थे। शुभमन 9 रन और बनाते ही इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन जाएंगे। इस मामले में वह विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। जिन्होंने 2018 में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे बॉलर्स के खिलाफ 593 रन बनाए थे।

शुभमन गिल 190 रन और बनाते ही एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय भी बन जाएंगे। इस मामले में वे सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ेंगे, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4 ही टेस्ट में 774 रन बना दिए थे।इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड बनाने वाले भारतीय बनने के लिए शुभमन को 128 रन ही चाहिए। वे 713 रन बनाते ही यशस्वी जायसवाल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे, जिन्होंने पिछले साल ही घरेलू कंडीशन में 712 रन बनाए थे। (अनंत ज्ञान)